■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित

www.navbihartime.com

■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 295
पृष्ठ : 12

औरंगाबाद, रविवार
30 मार्च 2025

मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1814 :** नेपोलियन बोनापोर्ट को हराने के बाद ब्रिटेन की सेना पेरिस की ओर चल पड़ी।

**1822 :** फ्लोरिडा अमेरिकी गणराज्य में शामिल हुआ।

**1842 :** बेहोशी की दवा के रूप में ईथर का पहली बार इस्तेमाल हुआ।

**1919 :** महात्मा गांधी ने रॉलेक्ट एक्ट के विरोध की घोषणा की।

**1945 :** सोवियत संघ ने आस्ट्रिया पर आक्रमण किया।

**चीजों की कीमत मिलने से पहले होती है और इंसानों की कीमत खोने के बाद होती है।**

# रिक्त एवं नवसृजित पदों पर तेजी से होगी बहाली : नीतीश कुमार

## 715 सहायक उर्दू अनुवादकों को मिला नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में आयोजित कार्यक्रम में 715 सहायक उर्दू अनुवादकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शना, फिरोज आलम, फातमा नूरी, अनु कुमारी, मासुम आलम, गुलशन फिरदौस, शाहिद रसी एवं राजकुमार आजाद को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित 50 सहायक उर्दू अनुवादकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया, शेष लोगों को जिलों में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करने के पश्चात मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज बहुत खुशी की बात है कि 715 सहायक उर्दू अनुवादकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। इनमें से 50 सहायक उर्दू अनुवादकों को यहां से नियुक्ति-पत्र दिया जा रहा है, शेष युवाओं को आज ही सभी जिलों में नियुक्ति-पत्र वितरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उर्दू अनुवादक, उर्दू निदेशालय के अंतर्गत कार्य करते हैं जो



मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अधीन आता है। ये कर्मी जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरों के कार्यालयों में उर्दू लिखने-पढ़ने एवं उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार का कार्य करते हैं। मुख्मयंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले सहायक उर्दू अनुवादको के मात्र 449 पद थे जो जरूरत के हिसाब से काफी कम थे। वर्ष 2018 में 1,204 नये पद स्वीकृत किये गये और सहायक उर्दू अनुवादकों की संख्या को बढ़ाकर 1,653 कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इसी के तहत आज 715 सहायक उर्दू अनुवादकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है तथा शेष पदों पर बहाली की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हमने तय कर दिया कि सहायक उर्दू अनुवादकों के पदों को बढ़ाकर दो गुणा कर दिया जाय। इससे सहायक उर्दू अनुवादकों की संख्या बढ़कर 3,306 हो जायेगी। जो सहायक उर्दू अनुवादकों की वर्ष 2005 से पहले की संख्या के 7 गुणा से भी अधिक हो जायेगी। सीएम ने कहा कि हमने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि खाली पदों एवं नये पदों पर तेजी से बहाली की जाय। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को धन्यवाद देता हूं। मैं सभी नवनियुक्त सहायक उर्दू अनुवादकों को बाई एवं शुभकामनायें देता हूं और उम्मीद करता हूं कि सभी अपने कार्यों का बेहतर ढंग से निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग तथा मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ ने मुख्यमंत्री को पुस्तक भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमा खान, मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा, शिक्षा विभाग तथा मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, उर्दू निदेशालय के निदशक मो0 परवेज आलम सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, नियुक्ति पत्र पानेवाले सहायक उर्दू अनुवादक एवं उनके परिजन उपस्थित थे जबकि वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के जिलाधिकारी, नियुक्ति पत्र पानेवाले सहायक उर्दू अनुवादक, उनके परिजन एवं गणमान्य व्यक्ति जुड़े हुये थे।

# मैट्रिक परीक्षा में 82 फीसदी छात्र सफल

## एक साथ दो छात्राएं एवं एक छात्र बने टॉपर

- करीब 15.85 लाख छात्र हुए थे परीक्षा में शामिल
- 12 लाख 79 हजार 294 छात्र उत्तीर्ण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने शनिवार को मैट्रिक परीक्षा 2025 का रिजल्ट जारी किया। उनके साथ शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनन्द किशोर भी उपस्थित थे। इस दफा एक साथ तीन विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा में टॉप किया है, जिसमें 2 छात्राएं और एक छात्र शामिल हैं। समस्तीपुर की साक्षी कुमारी, चंपारण की अंशु कुमारी और भोजपुर के रंजन कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में फर्स्ट टॉपर बने हैं। तीनों के नंबर 489 रहे और परसेंटेज 97.80% रहा।

### टॉप-10 में 123 विद्यार्थी

इस साल 10वीं के एग्जाम में करीब 15.85 लाख छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 12 लाख 79 हजार 294 विद्यार्थी पास हुए हैं। इस बार 10वीं का पासिंग परसेंट 82.11 फीसदी रहा। टॉप 10 में 123 छात्र हैं। टॉप 5 में 25 विद्यार्थी हैं। वहीं टॉप 6 से 10 तक 98 छात्र हैं। मैट्रिक परीक्षा में पहली रैंक लाने वाली साक्षी ने कहा- 'मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि मेरी पहली रैंक है। इसके पीछे माता-पिता और भाई बहन का बड़ा योगदान था। टीचर्स ने भी मुझे बहुत मदद की। यह पहला पड़ाव है आगे और अच्छा करना है। भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार के रंजन वर्मा ने पूरे बिहार में मैट्रिक परीक्षा में पहला रैंक हासिल किया है। साल 2003 में रंजन के पिता की ब्रेन हेमरेज से मौत हो गई थी। रंजन अपने एक भाई रंजीत से छोटा है। मां शीला देवी गृहिणी हैं। रंजन ऑनलाइन पढ़ाई करता था। मैट्रिक परीक्षा में बेतिया की अंशु कुमारी ने भी टॉप किया है। अंशु बेतिया जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित गहरी गांव की रहने वाली हैं। वह एक गरीब परिवार से संबंध रखती हैं। दूसरे स्थान पर भी 3 छात्र हैं। इनमें भोजपुर के पुनीत कुमार सिंह, जमुई के सचिन कुमार राम और मुंगेर के प्रियांशु राज ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। तीनों को 488 मार्क्स मिले हैं और पासिंग परसेंटेज 97.60 फीसदी रहा। तीसरे स्थान पर 5 विद्यार्थी हैं। इनमें बांका के मोहित कुमार, सूरज कुमार पांडेय, रोहतास की खुशी कुमारी, आजमनगर के प्रियांशु रंजन और जमुई के रोहित कुमार को दूसरी रैंक मिली है। सभी को 487 मार्क्स मिले हैं। इन पासिंग परसेंटेज 97.40 रहा।

### टॉपर्स को मिलेगा दोगुना इनाम

इस साल बिहार बोर्ड ने टॉपर्स को मिलने वाली पुरस्कार राशि दोगुनी कर दी है। टॉपर को इस बार 2 लाख रुपए मिलेंगे। पहले ये इनाम एक लाख का था। दूसरे स्थान वाले छात्र को 1.50 लाख रुपए मिलेंगे। पहले ये इनाम 75 हजार था। वहीं, तीसरे स्थान के छात्र को एक लाख रुपए मिलेंगे। पिछले बार ये इनाम 50 हजार तक का था। वहीं, चौथे से दसवें नंबर के अव्वल छात्रों को 20 हजार रुपए मिलेंगे। पहले ये इनाम 10 हजार तक था।

### इस साल भी बिहार बोर्ड ने बनाया रिकॉर्ड

बिहार बोर्ड पिछले 7 सालों से इंटरमीडिएट और मैट्रिक रिजल्ट सबसे पहले जारी करने वाला बोर्ड बना हुआ है। बोर्ड ने 25 मार्च को बाकी बोर्ड से पहले इंटर का रिजल्ट जारी किया था। वही आज 29 मार्च को मैट्रिक का रिजल्ट जारी किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आग लगने से 22 घर जलकर राख

**समस्तीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तेतारपुर पंचायत के नारायणपुर गांव के वार्ड तीन मोहल्ला में शनिवार सुबह आग लग गई। इस अगलगी में 22 घर जलकर राख हो गए और 10 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों ने घटना जानकारी अग्निशमन टीम को दी। मौके पर पहुंची दो थाना की दमकल टीम 2 घंटे के मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि अबतक मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय ग्रामीण राजेश कुमार ने बताया कि सुबह तेज पछिया हवा चल रही थी। गांव के ही विश्वनाथ पंडित के घर खाना बन रहा था, उन्हीं के घर से चिंगारी उठी, जिसने भयावह रूप ले लिया।

### कुणाल कामरा पर 3 नए केस दर्ज

**मुंबई (नबिटा ब्यूरो)।** स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में 3 नए केस दर्ज किए गए हैं। ये केस महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को लेकर दिए गए विवादित बयान से जुड़े हैं। मुंबई पुलिस की ओर से शनिवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, पहली शिकायत जलगांव की मेयर ने दर्ज करवाई है, जबकि बाकी 1-1 केस नासिक के दो अलग-अलग बिजनेसमैन ने किया है। केस में मुंबई पुलिस कुणाल कामरा से पूछताछ के लिए 2 समन जारी कर चुकी है। वहीं महाराष्ट्र विधान परिषद में भी कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस स्वीकार कर लिया गया है।

### पीट-पीटकर वृद्ध की हत्या

**भागलपुर (नबिटा ब्यूरो)।** भागलपुर में शनिवार को राजमिस्त्री की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक 60 वर्षीय भोला तांती द्वारा धोखे से एक पिकअप का शीशा टूट गया। शीशा टूटने की आवाज पर अरुण अपने घर से दौड़ते हुए निकला और बुजुर्ग की लाठी छीनकर पिटाई कर दी। अरुण ने बुजुर्ग को 10 मिनट तक पीटा इस दौरान करीब 100 बार उनपर लाठियां बरसाईं। इस दौरान बुर्जुग की मौत हो गई। बुजुर्ग के दो बेटे हैं जो घर पर नहीं थे। उन्हें फोन से किसी ने सूचना दी। तब वे घर पहुंचे। वारदात के वक्त घर पर सिर्फ महिलाएं ही थी।

# बार-बार थाना में आने वाले बिचौलियों पर होगी सख्त कार्रवाई : डीजीपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** किसी-किसी थाना में एक ही व्यक्ति का बार-बार आना-जाना देखा जाता है और इन लोगों का थाना में आने का कोई उद्देश्य नहीं होता है। ये व्यक्ति अक्सर थाना के दलाल के रूप में पहचाने जाते हैं। ऐसे व्यक्तियों का थाना में आना-जाना पुलिस की छवि को खराब करता है और पुलिस प्रशासन की प्रभावशीलता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। डीजीपी के नए आदेश के मुताबिक अब प्रत्येक थाना में एक आगंतुक कक्ष बनाना और आगंतुक पंजी रखना जरूरी होगा। इसमें थाना में आने-जाने वाले हर व्यक्ति का नाम, पता, आने का उद्देश्य और मोबाइल नंबर पंजी में अंकित किया जाएगा।



सीनियर पुलिस अधिकारी जैसे एसएसपी, एसपी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक और अंचल पुलिस निरीक्षक को थाना का निरीक्षण करते वक्त विजिटर रजिस्टर और सीसीटीवी फुटेज की जांच करनी होगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी की जानकारी को छिपाया तो नहीं गया है। नए आदेश के मुताबिक थाना में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो इन सभी कामों को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा। थानाध्यक्ष को नोडल अधिकारी से इस संबंध में साप्ताहिक रिपोर्ट प्राप्त होगी। यदि किसी व्यक्ति का नाम बार-बार रजिस्टर में दर्ज हो, तो अंचल पुलिस निरीक्षक या एसपी के स्तर पर उसकी पूरी जांच की जाएगी और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की अनियमिता पाए जाने पर संबंधित थानाध्यक्ष के खिलाफ विभागीय और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# कश्मीर से पकड़ा गया लूटकांड का अपराधी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** तनिष्क शोरूम लूट में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पटना की एसटीएफ की मदद से लूट की घटना में शामिल एक मुख्य अपराधी को जम्मू से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह अररिया का निवासी सूरज मंडल बताया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज में उसे शोरूम में हथियार के बल पर लूटपाट करते देखा जा रहा है। उसी आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस कानूनी प्रक्रिया के तहत उसे बिहार ला रही है। ऐसा माना जा रहा है कि रविवार को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए गिरफ्तारी का खुलासा कर सकते हैं। एसटीएफ और भोजपुर पुलिस की ओर से अबतक उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की गयी है।

# म्यांमार की मदद को आगे आया भारत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को आए भयंकर भूकंप ने म्यांमार को पूरी तरह से तबाह कर दिया। 1000 से अधिक लोगों की मौत हो गई, तो 2 हजार से अधिक लोग घायल हो गए। भूकंप से तबाह हो चुके म्यांमार की मदद के लिए भारत ने कदम बढ़ा दिया है। राहत और बचाव कार्य के लिए 80 सदस्यीय एनडीआरएफ की टीम को नेपीता के लिए रवाना कर दिया गया है। इसकी जानकारी विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने ट्वीट कर दी है। भारत ने म्यांमार की मदद के लिए जो अभियान चलाया है, उसका नाम 'ऑपरेशन ब्रह्मा' दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार में सेना के नेतृत्व वाली सरकार के प्रमुख मिन आंग हलाइंग से शनिवार को बात की। पीएम मोदी ने कहा, भारत उनके देश में आए भीषण भूकंप से मची तबाही से निपटने के प्रयासों में उनके साथ एकजुटता से खड़ा है। मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, म्यांमार के सीनियर जनरल महामहिम मिन आंग हलाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में लोगों की मौत होने पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। भारत एक निकट मित्र और एक पड़ोसी के रूप में इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। मोदी ने कहा कि भारत 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत प्रभावित क्षेत्रों में आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, तलाश एवं बचाव दल भेज रहा है। इस ऑपरेशन के तहत म्यांमार को 15 टन राहत सामग्री पहले ही पहुंचाई जा चुकी है। एनडीआरएफ के डीजी पीयूष आनंद और एनडीआरएफ सेकेंड बटालियन के कमांडेंट गुरमिंदर सिंह ने बताया- राहत सामग्री भारतीय वायु सेना के सी130जे सैन्य परिवहन विमान के जरिए म्यांमार के यांगून शहर भेजी गयी है।

# झारखंड में आरटीइ नियमावली में होगा संशोधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीइ) की नियमावली में संशोधन किया जायेगा। इसके तहत निजी स्कूलों को मान्यता लेने के लिए नियमावली में तय भूमि की शर्त में बदलाव हो सकता है। इसे लेकर स्कूली शिक्षा और साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन ने विभाग के अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। विभागीय मंत्री के निर्देश के अनुरूप शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आवश्यक प्रक्रिया शुरू की है। झारखंड में वर्तमान में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत स्कूलों की मान्यता के लिए शहरी क्षेत्र में 75 डिसमिल और ग्रामीण क्षेत्र में एक एकड़ जमीन की आवश्यकता होती है। विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान शिक्षा मंत्री के समक्ष राज्य में बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों का मामला रखा गया। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को स्कूलों की मान्यता को लेकर आवश्यक शर्त की जानकारी दी गयी। बैठक में कहा गया कि निजी विद्यालयों को मान्यता देने के लिए शहरी क्षेत्र में 75 डिसमिल जमीन की शर्त रखी गयी है, जिसकी पूर्ति शहरी क्षेत्रों में संभव नहीं हो पा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में भी जमीन को लेकर परेशानी हो रही है।

# रेलवे के राजस्व में बड़ी वृद्धि, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने साझा किए आंकड़े

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने मालभाड़ा और यात्री सेवाओं से राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को इस संबंध में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि पिछले चार वर्षों में मालभाड़ा राजस्व में 54,805 करोड़ और यात्री राजस्व में 20,024 करोड़ की वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2019-20 में मालभाड़ा से रेलवे को 1.13 लाख करोड़ की आय हुई थी, जो 2023-24 में बढ़कर 1.68 लाख करोड़ हो गई। इस दौरान, विशेष रूप से महामारी के वर्षों के बावजूद, रेलवे ने माल ढुलाई को



प्राथमिकता दी, जिससे राजस्व में लगातार इजाफा हुआ। महामारी के दौरान भी रेलवे ने मालभाड़ा सेवाओं को जारी रखा, जिससे राजस्व में स्थिरता बनी रही। रेल मंत्री के अनुसार, 2019-20 में यात्री राजस्व 50,669 करोड़ था, जो 2023-24 में बढ़कर 70,693 करोड़ हो गया। इस अवधि में फ्लेक्सी फेयर, तत्काल और प्रीमियम तत्काल से अर्जित राजस्व यात्री सेवा से कुल प्राप्त राजस्व का लगभग 5.7% रहा। भारतीय रेलवे वर्तमान में लगभग 79,000 कोचों का संचालन कर रहा है, जिसमें 70% कोच गैर-एसी श्रेणी के हैं और 30% कोच एसी श्रेणी के हैं। रेल मंत्री ने बताया कि भारतीय रेलवे यात्री सुविधाओं में सुधार और आधुनिक ट्रेनों की संख्या बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके अलावा, गैर-एसी कोचों की कुल सीटों का हिस्सा लगभग 82% है, जबकि यात्री राजस्व में इनका योगदान 53% है। वहीं, एसी कोचों का कुल सीटों में हिस्सा 18% है, लेकिन यह कुल यात्री राजस्व का 47% योगदान देते हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे को आत्मनिर्भर और आधुनिक बनाने के लिए सरकार बड़े पैमाने पर निवेश कर रही है। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर, नई ट्रेनों और डिजिटल टिकटिंग सिस्टम में सुधार से यात्रियों को अधिक सुविधाएं मिलेंगी। भारतीय रेलवे ने अपने मालभाड़ा और यात्री राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज कर यह साबित कर दिया है कि यह देश की आर्थिक धुरी के रूप में कार्य कर रहा है। आने वाले वर्षों में रेलवे के विस्तार और आधुनिकीकरण से यह वृद्धि और भी गति पकड़ने की उम्मीद है।

# अलकतरा घोटाले में पूर्व मंत्री इलियास समेत पांच को तीन साल की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश की न्यायालय, रांची ने आज बिटुमिन घोटाला मामले में बिहार सरकार के तत्कालीन सड़क निर्माण विभाग के मंत्री मोहम्मद इलियास हुसैन सहित पांच आरोपितों मोहम्मद शहाबुद्दीन बेग, अशोक अग्रवाल, पवन कुमार अग्रवाल और विजय कुमार सिन्हा को प्रत्येक पर 32 लाख रुपये के जुर्माने के साथ तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। सीबीआई ने पटना उच्च न्यायालय के दिनांक 20.02.1997 के आदेश पर, हजारीबाग सदर पुलिस स्टेशन में दिनांक 07.10.1996 को शुरू में दर्ज मामले को अपने हाथ में लेते हुए, मोहम्मद इलियास हुसैन और अन्य के खिलाफ बिटुमिन घोटाला मामले में दिनांक 06.05.1997 को तत्काल मामला दर्ज किया था। यह आरोप लगाया गया था कि मुख्य आरोपी मोहम्मद इलियास हुसैन, तत्कालीन सड़क निर्माण विभाग, बिहार सरकार के मंत्री अन्य आरोपी व्यक्तियों के साथ आपराधिक साजिश में शामिल हुए थे और आईपीसी की धारा 120-बी, 407, 409, 420, 468, 471 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 (2) सपठित 13 (1) (डी) के तहत अपराध किया था। मामला हल्दिया से आरसीडी हजारीबाग वाया बरौनी के रास्ते सड़क निर्माण के लिए बल्क बिटुमिन के परिवहन से संबंधित था। यह आरोप लगाया गया कि इस उद्देश्य के लिए कोई भी बिटुमेन परिवहन नहीं किया गया। ट्रांसपोर्टर ने कथित तौर पर हल्दिया से बिटुमिन उठाकर कोलकाता में खुले बाजार में बेच दिया और गलत तरीके से परिवहन शुल्क का दावा किया, जबकि बिटुमिन का बिलकुल भी परिवहन नहीं किया गया था। जांच के बाद, सीबीआई ने 31.03.2001 को आरोप पत्र दायर किया, जिसमें यह पता चला कि बिहार सरकार के तत्कालीन सड़क निर्माण विभाग के मंत्री मोहम्मद इलियास हुसैन ने अन्य सह-आरोपियों के साथ आपराधिक साजिश रची और बिहार सरकार द्वारा सड़क निर्माण के लिए खरीदे गए बिटुमिन के 27.6 लाख रुपये के गबन के लिए आईपीसी की धारा 120बी, 407, 409, 420, 468, 471 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(2) सपठित 13(1) (डी) के तहत अपराध किया।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में 17 नक्सलियों का इनकाउंटर

- मरनेवालों में 11 महिलाएं शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और सीआरपीएफ के 500-600 जवानों ने 17 नक्सलियों को मार गिराया। इनमें 11 महिला नक्सली हैं। मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के उपमपल्ली में हुई। मारे गए नक्सलियों में नक्सल संगठन स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर जगदीश उर्फ बुधरा भी शामिल है। बुधरा पर 25 लाख का इनाम घोषित था। वह दरभा घाटी के झीरम कांड में शामिल था। 2013 में हुई इस वारदात में कांग्रेस नेता महेंद्र कर्मा समेत कई बड़े कांग्रेसी लीडर मारे गए थे। इससे पहले 25 मार्च को सुरक्षाबलों ने 25 लाख रुपए के इनामी नक्सली सुधीर उर्फ सुधाकर समेत तीन नक्सलियों को मार गिराया था। बस्तर रेंज में जवानों ने इस साल अब तक 100 नक्सलियों का एनकाउंटर किया है। इसमें 20 मार्च से 29 मार्च के बीच यानी 10 दिन में ही 49 नक्सली मारे गए हैं। डीआइजी कमलोचन कश्यप ने बताया कि 17 नक्सलियों के शवों के साथ इंसास, एसएलआर जैसे ऑटोमेटिक वेपंस भी बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में कई बड़े कैडर्स भी हैं, जिनकी पहचान की जा रही है। मुठभेड़ में डीआजी के 3 और सीआरपीएफ का एक जवान भी घायल हुए। फिलहाल वे खतरे से बाहर हैं। डीआइजी ने बताया कि ऑपरेशन खत्म हो चुका है। डीआरजी के जवान नक्सलियों के शवों को कंधे पर लादकर करीब 10 किलोमीटर पैदल चलकर जंगल से लौट आए हैं।

# मुख्यमंत्री ने जेवियर विश्वविद्यालय पटना का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को जेवियर विश्वविद्यालय पटना का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सेंट जेवियर कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। इससे पहले शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया जबकि विश्वविद्यालय प्रबंधन ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।



उल्लेखनीय है कि है कि 36 एकड़ के हरे भरे परिसर में फैला जेवियर विश्वविद्यालय, पटना एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान है जो चरित्र निर्माण, शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान नवाचार पर ध्यान केंद्रित करते हुए विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय कई विषयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसका उद्देश्य छात्रों को लगातार विकसित हो रहे वैश्विक परिदृश्य में नेतृत्व करने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, अपर मुख्य सचिव, शिक्षा सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार, जेवियर विश्वविद्यालय, पटना के कुलाधिपति फादर विमल किशोर एस0जे0 सहित अन्य वरीय अधिकारी, जेवियर विश्वविद्यालय, पटना के शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण मौजूद थे।

# तारेगना के इतिहास को जीवंत करेगा आर्यभट्ट महोत्सव

## कभी तारों की गणना से बना तारेगना...

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** महान खगोलविद आर्यभट्ट की कर्मभूमि रही तारेगना की अंतरराष्ट्रीय ख्याति को देखते हुए खेल युवा संस्कृति विभाग की ओर से अनुमंडल प्रशासन ने गांधी मैदान मसौढ़ी में शनिवार को एक दिवसीय आर्यभट्ट महोत्सव का आयोजन किया जहां इस कार्यक्रम में विधिवत तौर पर दीप जलाकर पाटलिपुत्रा के पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, पूर्व विधायक अरूण मांझी, एसडीएम अमित कुमार पटेल, भूमि सुधार उपसमाहर्ता कोमल किरण ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मंच संचालन बीडीओ प्रभाकर कुमार ने की। सांसद रामकृपाल यादव ने कहा यह महोत्सव तारेगना के इतिहास को जीवंत करेगा क्योंकि न केवल भारत बल्कि दुनिया भर के सभी वैज्ञानिकों ने माना कि मसौढ़ी का तरेगना जहां कभी आर्यभट्ट अपनी वेधशाला बनाकर तारों की गणना किया करते थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 22 जुलाई 2009 को पूर्ण सूर्य ग्रहण का नजारा देखने आए थे दुनिया भर के 136 देश के वैज्ञानिक भी आए थे, वहीं एसडीएम अमित कुमारी ने कहा की आर्यभट्ट न केवल गणितज्ञ थे बल्कि खगोलविद थे और विज्ञान के क्षेत्र में कई रहस्यों का उद्भेदन किया था। मौके पर कई स्कूलों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छठ की छठा, बाल विवाह, बेटी बचाओ, चित्रांकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल से पुरस्कृत किया गया।



# मुख्यमंत्री ने बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मैट्रिक की परीक्षा में सफल होनेवाले सभी परीक्षार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस बार मैट्रिक की परीक्षा में कुल 15 लाख 58 हजार 77 परीक्षार्थी शामिल हुए थे जिसमें शनिवार को घोषित परिणाम में 12 लाख 79 हजार 294 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये हैं। दो छात्रा और एक छात्र संयुक्त रूप से टॉपर बने हैं। मुख्यमंत्री ने छात्राओं के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि इसके लिये छात्राओं के साथ ही उनके अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं। लड़कियों का आत्मविश्वास बढ़ा है और वो हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रही हैं। मैं सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति एवं शिक्षा विभाग को भी काफी कम समय में परीक्षा का परिणाम प्रकाशित करने के लिये बधाई दी। उन्होंने कहा कि बिहार बोर्ड के इतिहास में फास्टेस्ट रिजल्ट के प्रकाशन से छात्र-छात्राओं को आगे की कक्षा में नामांकन के लिए पर्याप्त समय मिलेगा, इससे उनका हौसला बढ़ेगा।

# दिवंगत विधायक के परिजनों से उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा और मंत्री गिरिराज सिंह ने की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** भाजपा के पूर्व विधायक दिवंगत चितरंजन शर्मा के पैतृक आवास पर धनरूआ के नीमा गांव में शनिवार को उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा और मंत्री गिरिराज सिंह पहुंचकर मृतक की पत्नी कुमारी प्रियंका उसके बच्चे और उनकी माता मालति देवी से मुलाकात कर यथासंभव मदद करने का भरोसा जताया इसके अलावा इस घटना की पूरी जानकारी लिए उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वे न केवल विधायक रहे हैं बल्कि पार्टी में राष्ट्रीय परिषद में भी थे, वहीं मंत्री गिरिराज सिंह ने भी उनके परिजनों से मुलाकात की। वहीं उपमुख्यमंत्री से स्थानीय ग्रामीणों ने उनकी पत्नी कुमारी प्रियंका को आने वाले विधानसभा चुनाव में टिकट देने की भी मांग रखी एवं सुरक्षा को लेकर हाउस गार्ड देने की मांग की जिस पर उन्हें आश्वासन दिया एवं टिकट को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी के आलाकमान तक मैसेज पहुंचने की बात की। बहरहाल दिवंगत विधायक के परिजनों से मुलाकात करने के दौरान अरवल विधानसभा के बहुत से जनता की भीड़ आ गई और कुमारी प्रियंका को टिकट देने की मांग की। दीपक शर्मा, आशुतोष कुमार, हरेंद्र शर्मा, चंदन कुमार, विकास कुमार समेत वहीं स्थानीय नीमा के लोगों ने उनके परिवार की सुरक्षा को लेकर हाउस गार्ड की मांग की है। मौके पर भाजपा नेता राकेश कुमार, अभिमन्यु पटेल एवं पंचायत के मुखिया शंकर कुमार आदि उपस्थित रहे।



# 480 अंक प्राप्त कर मानसी कुमारी बनी जिला टॉपर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** बिहार इंटरमीडिएट के बाद मैट्रिक परीक्षा में भी बेटियों का जलवा बरकरार रहा। हर जिलों में बेटियां सबसे आगे रही। ऐसे में मसौढ़ी के नदवां पंचायत के चपौर गांव की रहने वाली मानसी कुमारी जिला टॉपर है जिसमें जिले में दसवां स्थान लाकर जिले का मान बढ़ाया है। मानसी कुमार के पिता संजय राम मजदूरी करते थे जो पिछले डेढ़ वर्ष पहले उनकी एक बीमारी से देहांत हो गया, तब से उनकी मां प्रतिमा देवी घरों में जाकर झाड़ू पोछा कर अपनी चार बेटियों और एक बेटा का पालन पोषण कर रही है। मानसी अपनी सेल्फ स्टडी और स्थानीय कोचिंग की मदद से मैट्रिक की परीक्षा पास की जहां 480 अंक प्राप्त की है। वही मानसी की बहन मनीषा कुमारी भी 460 अंक लाई है। मानसी नदवां हाई स्कूल से दसवीं की कक्षा पास की। मानसी के जिला टॉपर पर पंचायत के मुखिया शंकर कुमार, पंचायत समिति धर्मेंद्र रजक, शिक्षक पंकज कुमार समेत कई लोगों ने खुशी प्रकट की है।



# स्वच्छता के लिए हर वर्ष करें एक सौ घंटे का श्रमदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वच्छता सर्वेक्षण में पटना के लोगों की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के कैंपस में अभियान चलाया गया जिसमें संस्थान के ग्रुप डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ रोहित सिंह, पटना नगर निगम के अधिकारी राकेश कुमार सिंह, संस्थान के निदेशक प्रोफेसर गणेश पांडे, प्रोडक्ट मैनेजर पूजा आकांक्षा, फैकल्टी भावना रमन, प्रोफेसर मदन मोहन सिंह, प्रोफेसर ऋषिक, प्रोफेसर साकिब और प्रोफेसर शिवांगी सिंह ने स्वच्छता जागरूकता अभियान की जरूरत और स्वच्छता के लिए जन प्रयासों के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में राकेश कुमार सिंह स्पेशल गेस्ट के रूप में उपस्थित रहे। स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के बारे में विस्तार से बताते हुए नीतू नवगीत ने कहा कि शहर की रैंकिंग में सुधार के लिए जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से पटना नगर निगम द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी उपस्थित युवाओं से अपील की कि स्वच्छता सर्वेक्षण में अवश्य भाग लें। संस्थान के ग्रुप डायरेक्टर डॉ रोहित सिंह ने युवाओं से स्वच्छता अभियान हेतु प्रत्येक सप्ताह 2 घंटे देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए हर देशवासी को साल में 100 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करना है। तभी देश सुंदर और स्वच्छ बनेगा। कार्यक्रम में नीतू नवगीत, लोक गायक राजेश केसरी और चंदन उगना ने गीतों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया।




# कांग्रेस की महिलाओं ने किया राजभवन का घेराव

## 33 फीसदी आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस की महिलाओं ने शनिवार को अपनी मांगों को लेकर राजभवन का घेराव किया। अपनी मांगों की पूर्ति के लिए वे करीब आधे घंटे तक राजभवन के सामने प्रदर्शन करती रहीं। बाद में उनके एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। उनकी मुख्य मांगों में चुनाव में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण अविलंब लागू करना और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष शरवत जहां फातिमा ने कहा कि हम अपनी मांगों को लेकर राजभवन पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने हमें रोक दिया। फिर हम में से पांच को अंदर बुलाया गया। हमने अपना ज्ञापन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को सौंप दिया है। उन्होंने हमारी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव अनामिका शर्मा ने कहा कि जब संसद में महिला बिल पारित हो गया है तो सरकार परिसीमन के बहाने इसे लागू करने में क्यों देरी कर रही है। उन्होंने कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव में महिलाओं को आरक्षण मिलनी चाहिए। हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं तो चुनाव में उन्हें आरक्षण क्यों नहीं मिलेगा? हम इसे लेकर रहेंगे।

# विहंगम होगा श्रीराम राज्याभिषेक महोत्सव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082, दिन रविवार 30 मार्च को अजेय रामदूत फाउंडेशन द्वारा पटना सिटी चौक स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर प्रांगण में श्रीराम राज्याभिषेक महोत्सव सह नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन संध्या 3:00 बजे प्रारंभ किया जाएगा। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय प्रकाश ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि बाल्मीकि रामायण अनुसार त्रेता युग में हुए श्रीराम राज्याभिषेक का वर्षगांठ चैत्र मास में नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को विष्णु अवतार, मनुष्य रूप में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी का राज्याभिषेक महोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। महोत्सव के अंतर्गत विद्वान पंडितों द्वारा राज्याभिषेक किया जाएगा। ब्राह्मणों के बीच वस्त्र आदि का वितरण होगा। समाज के उत्थान हेतु मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को जानकर उनका अनुसरण करने वाले उत्कृष्ट दर्जनों विभिन्न क्षेत्रों के सामाजिक व्यक्तित्व को सनातन सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर प्रथमा से रामनवमी तक हजारों हनुमान चालीसा का वितरण भक्तजनों में किया जाएगा। हजारों की संख्या में राम भक्त पूजन आरती कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। हर्षोल्लास के साथ नव वर्ष मनाएंगे सभी आगंतुकों को श्री राम अंग वस्त्र से सम्मानित भी किया जाएगा। महोत्सव विहंगम एवं अद्भुत होगा। व्यवस्था में दर्जनों राम भक्त सेवा में लगे रहेंगे। प्रेस वार्ता के अवसर पर प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त, वीणा प्रकाश, विकास मौडीवाल, गौरव अग्रवाल, अजय शाह आदि राम भक्त उपस्थित रहे।



# मेगा वितरण कार्यक्रम में पांच लाख से अधिक खादी कारीगर, उद्यमी हुए लाभान्वित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अपने केंद्रीय कार्यालय, मुंबई में वर्चुअल माध्यम से अबतक का सबसे बड़ा और व्यापक 'मेगा वितरण' कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामोद्योग विकास योजना, खादी विकास योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 5 लाख से अधिक खादी कारीगर, उद्यमी और लाभार्थी लाभान्वित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने वर्चुअल माध्यम से देशभर के लाखों कारीगरों को संबोधित किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से खादी और ग्रामोद्योग आयोग के उत्तर जोन के सदस्य नागेंद्र रघुवंशी, पूर्वी जोन के सदस्य मनोज कुमार सिंह, एमएसएमई मंत्रालय से संयुक्त सचिव विपुल गोयल, आर्थिक सलहकार सिमी चौधरी और केंद्रीय कार्यालय, केवीआईसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साथ आयोग के देश भर के क्षेत्रीय कार्यालय से अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल करते हुए विले पार्ले स्थिति मुख्यालय में 'मेगा वितरण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत देशभर के सभी 6 जोन (पूर्वी जोन, पश्चिमी जोन, उत्तर जोन, दक्षिण जोन, मध्य जोन और पूर्वोत्तर जोन) के राज्य और मंडलीय कार्यालयों से संबद्ध लाभार्थियों को 16377 उपकरण, मशीन व टूलकिट का वितरण किया गया। साथ ही, खादी विकास योजना के अंतर्गत 44 नवीनीकृत खादी भवनों और 750 खादी वर्कशेड का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर में 14456 पीएमईजीपी इकाइयों को 1399.13 करोड़ रुपये के स्वीकृत ऋण पर 469 करोड़ रुपये मार्जिन मनी सब्सिडी का संवितरण किया गया जिससे 159016 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही अध्यक्ष केवीआईसी ने 5000 नई पीएमईजीपी इकाइयों का भी ऑनलाइन उद्घाटन किया। वित्तीय वर्ष 2024-25में कुल 58850 लाभार्थियों को 2175 करोड़ रुपये की मार्जिन का संवितरण किया गया जिससे 64,73,50 रोजगार सृजित हुए ।



# 'मुंह शरीर का दर्पण' पर कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना में 'मुंह शरीर का दर्पण' विषय पर एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 'सेहत केंद्र' के तहत आयोजित हुआ जिसमें मुख्य वक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक चौहान (विशेषज्ञ ऑर्थोडॉन्टिक्स, ओसी एमडीसी, दानापुर) ने मुंह से संबंधित विभिन्न स्वास्थ्य पहलुओं पर गहन और विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक चौहान ने पीपीटी और मॉडल के माध्यम से छात्रों को दंत और मौखिक स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स और छात्रों से विभिन्न प्रश्न पूछे और उनके उत्तर भी दिए जिससे छात्रों की जिज्ञासा और रुचि को प्रोत्साहन मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट राहुल कुमार सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा जिन्होंने इस आयोजन के समन्वय में अहम भूमिका निभाई। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विवेकानंद सिंह ने कार्यक्रम में दीपक चौहान की प्रस्तुतियों और समझाने के तरीके की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम से छात्रों के समग्र विकास और स्वास्थ्य जागरूकता में सहायक सिद्ध होते हैं। डॉ. अशोक कुमार साव (नोडल ऑफिसर, सेहत केंद्र) ने इस कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक संचालन किया और छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स और शिक्षकों ने भाग लिया और इसे अत्यंत लाभकारी बताया।




# नगर परिषद मसौढ़ी में नये वित्तीय वर्ष का बजट पेश

## 104 करोड़ 11 लाख रुपए की अनुमानित आय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** नगर परिषद मसौढ़ी में वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को लेकर निकाय की बोर्ड की बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता नगर परिषद के अध्यक्ष सह सशक्त स्थाई समिति के अध्यक्ष पिंकी देवी, उपसभापति चंद्रकांत कुमार एवं नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार के संयुक्त निर्देशन में लाभ का बजट पेश किया गया जिसमें 104 करोड़ 11 लाख रुपए का अनुमानित आय दिखाया गया है। इसके अलावे 114 करोड़ 95 लाख का अनुमानित व्यय दिखाया गया है। इस प्रकार 13 करोड़ 84 लाख रुपए का लाभ का बजट पेश किया गया है। नगर अध्यक्ष पिंकी कुमारी ने बताया कि इस बार मसौढ़ी में पुस्तकालय पर 50 लाख, मार्केट कंपलेक्स पर एक करोड़ 50 लाख, सामुदायिक भवन पर 2 करोड़, शौचालय, मूत्राशय पर एक करोड़ 25 लाख, सफाई उपकरण एवं वाहन क्रय हेतु 5 करोड़ डस्टबिन, वाहन क्रय 2 करोड़ 50 लाख लाख राशि खर्च की जाएगी। इसके अलावा कंपोस्ट प्लांट, रैन बसेरा, ओल्ड एजहोम, पार्क बजट पेश होने के बाद सभी वार्ड पार्षद काफी खुश दिखे। बैठक में सभी वार्डों के वार्ड पार्षद शामिल रहे। वार्ड पार्षद शंभू सिंह, उज्ज्वल कुमार, वीरेन कुमार, रिंकू कुमार, रेणु कुमारी, कौशल्या देवी, नीलम देवी, चंचला देवी, उर्वशी कुमारी, साबुजा देवी, कुमारी प्रीतिलता, रंजीत गुप्ता, रिंकी देवी, एकराम हसनैन, रेणु देवी, नूर फातिमा, शैल देवी, शेखर सुमन, देवराज, अमीन रामाधार, शिव कुमार आदि अन्य उपस्थित रहे।




# हर घर कांग्रेस का झंडा कार्यक्रम की प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने सदाकत आश्रम से की शुरुआत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम से प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने हर घर कांग्रेस का झंडा कार्यक्रम की शुरुआत कार्यालय और गाड़ियों पर नए झंडे को लगाकर किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने कार्यक्रम की शुरुआत के बाद कहा कि प्रदेश कांग्रेस के सभी नेता और कार्यकर्ता इस कार्यक्रम को घर-घर पहुंचाने का काम करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत प्रखंड से लेकर पंचायत और जिलों में सभी कांग्रेसजन अपने घरों, दफ्तरों और गाड़ियों पर कांग्रेस का झंडा लगाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस समर्थकों तक पार्टी का झंडा लगाने का काम भी नेतागण करेंगे। ताकि पूरे बिहार में कांग्रेस की विचारधारा और पूर्वजों की ऐतिहासिक विरासत पहुंच सके। इसके पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने अपने घर पर भी कांग्रेस का नया झंडा लगाया और अपनी गाड़ी पर भी नया झंडा लगाने का काम किया। इस मौके पर प्रभारी सचिव सुशील पासी, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, मोतीलाल शर्मा, राजकुमार गुप्ता, नागेंद्र विकल, सत्येंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, अजय चौधरी, ज्ञान रंजन सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।

# एएमयू ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन द्वारा झुग्गी बस्तियों में ईद किट और ईदी का वितरण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन, पटना के अंतर्गत संचालित सर सैयद लिटरेसी स्कूल द्वारा झुग्गी बस्तियों के गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बीच ईद किट और ईदी का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को ईद की खुशियों में शामिल करना और उन्हें सहायता प्रदान करना था। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट नदीम सिराज ने झुग्गी बस्तियों के निवासियों के बीच जाकर उन्हें ईद की बधाई दी और उनके साथ समय बिताया। उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों को शिक्षा और सामाजिक कल्याण के माध्यम से सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डॉ. अरशद हक, शिक्षा विंग के प्रभारी एजाज हुसैन, सामाजिक कल्याण समन्वयक अनवर हुसैन और महासचिव मशीर आलम भी उपस्थित रहे। उन्होंने जरूरतमंद लोगों से मुलाकात की और उन्हें ईद की शुभकामनाएं दीं। एसोसिएशन के प्रतिनिधि ने कहा हम सर सैयद अहमद खान की विरासत को आगे बढ़ाते हुए झुग्गी बस्ती के निवासियों में शिक्षा, शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। सैकड़ों परिवारों ने इस पहल का लाभ उठाया और एएमयू ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन पटना के सामाजिक कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

# शहर के विकास पर खर्च होंगे 46 करोड़ 62 लाख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** शहर के चौतरफा विकास के लिए 46 करोड़ 62 लाख रुपये खर्च होंगे। नगर पंचायत की वार्षिक बैठक में 2025-26 के लिए बजट पास किया गया जिसमें वार्डों को स्मार्ट बनाने, शहर में चिल्ड्रेन पार्क का निर्माण, यात्री बस व टैक्सी स्टैंड का निर्माण शामिल हैं। बजट पेश करते हुए मुख्य पार्षद सुरेंद्र पाल ने कहा कि बजट में नगर पंचायत क्षेत्र



का चौतरफा विकास के लिए पूरा ध्यान दिया गया है। क्षेत्र में तालाबों का सौंदर्यीकरण, विवाह मंडप व सामुदायिक भवन का निर्माण, एम्बुलेंस व शव वाहन का क्रय, तालाबों के चारों तरफ सीढ़ी का निर्माण, पर्यावरण संरक्षण के लिए जल जीवन हरियाली योजना व जल संचयन का प्रावधान किया गया है। पेयजल की समस्या से निपटने के लिए कई योजनाएं बनाई गई है। शहरी गरीबों के लिए मूलभूत सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। शहर में टाउन हॉल व पुस्तकालय का निर्माण कराने का प्रावधान है। तालाबों के पानी को दूषित होने से बचने के लिए ड्रोन स्कैनिंग सिस्टम अपनाने समेत कई योजनाओं का प्रावधान किया गया है।

## नए थानाध्यक्ष ने दिया योगदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज (रोहतास)।** काराकाट थाने में शनिवार को नए थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार ने पद भार ग्रहण किया। पद भार ग्रहण करने पर क्षेत्र के लोगों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने बताया कि लॉ एंड ऑडर के साथ अपराध नियंत्रण, न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी होगी। परिवहन व अवैध खनन पर शिकंजा कसा जाएगा। जनप्रनिधियों, मीडिया व जनता के सहयोग से कानून व्यवस्था देखने को मिलेगा। ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य किया जाएगा।

# जांच के लिए जल्द होगा तीन सदस्यीय टीम का गठन : एसडीएम

### एसडीएम के आश्वासन के बाद अनिश्चितकालीन धरना समाप्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** एसडीएम के आश्वासन के बाद नगर पंचायत कार्यालय के समक्ष पिछले एक माह से चल रहा अनिश्चतकालीन धरना शनिवार को समाप्त हो गया। एसडीएम राकेश कुमार ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में भ्रष्टाचार की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया जाएगा। जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि नगर पंचायत में भ्रष्टाचार की जांच व दोषी पर कार्रवाई की मांग को लेकर



वार्ड पार्षद धरना दे रहे थे। धरना में शामिल वार्ड पार्षदों का कहना है कि नगर पंचायत काफी भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है जिससे नगर पंचायत का विकास बाधित हो गया है। धरना में उप मुख्य पार्षद रेखा सिंह, वार्ड पार्षद अरुण कुमार पाल, विशाल कुमार, बेबी रस्तोगी, चिंता देवी, कुसुम देवी, पार्षद प्रतिनिधि मिथिलेश सिंह, राम आशीष चौधरी, लव कुश रस्तोगी, अंकुर जयसवाल, पूर्व बीडीसी जितेंद्र पासवान, फिरोज खान, जाकिर हुसैन, अविनाश सिंह, आलोक सिंह आदि शामिल थे।

# युवा पीढ़ी चिराग पासवान में देखते हैं बिहार का भविष्य : सोनू सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार के युवा पीढ़ी चिराग पासवान में बिहार का भविष्य देखते हैं। उक्त बातें डिहरी विधानसभा क्षेत्र के निवासी लोजपा रा प्रदेश महासचिव राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया। उन्होंने बताया कि देश के प्रतिष्ठित मीडिया सर्वे ने केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को देश के 100 प्रभावशाली लोगों में 59वें स्थान पर रखा है। इस खबर से पार्टी के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं में खुशी



की लहर है। उन्होंने चिराग पासवान सहित लोजपा रा के नेताओं सहित पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह रैंक हमारे पार्टी के सुप्रीमो के अटूट प्रतिबद्धता, कुशल नेतृत्व और भारतीय राजनीति में बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। देश और बिहार को उनसे काफी अपेक्षाएं हैं जिन पर वो खरा उतरेंगे। चिराग पासवान को देश के 100 प्रभावशाली लोगों में 59 वें स्थान पर पहुंचने पर डिहरी विधानसभा क्षेत्र के लोजपा रा के नेता अमित पासवान, गोविंद गुप्ता, धमेंद्र पासवान, विनोद पासवान, जय राम पासवान, चन्दन तिवारी, रंजू सिंह, विजय पासवान, दशरथ पासवान, सुदामा पासवान, सुनील सिंह, उत्तम सिंह सहित कई लोगों ने बधाई दी।

## मैट्रिक परीक्षा में खुशी कुमारी ने बाजी मारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज (रोहतास)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति में मैट्रिक एग्जाम की रिजल्ट की घोषणा की। मैट्रिक बोर्ड परीक्षा 2025 में बिहार में टॉप टेन में तीसरा रैंक रामरूप उच्च माध्यमिक गोडारी (काराकाट) विद्यालय की छात्रा खुशी कुमारी ने हासिल कर गौरवान्वित महसूस कर रही है। जिला के साथ काराकाट प्रखंड के नाम रौशन किया। मैट्रिक बोर्ड में खुशी कुमारी को 487 अंक 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त की है। छात्रा खुशी कुमार के माता सीता देवी पिता संजय प्रसाद ने बेटी को बिहार में टॉप टेन की श्रेणी में आने पर मिठाई खिलाकर बधाई दिया।



टॉपर छात्रा के पिता एक किसान हैं तथा माता एक गृहिणी है। खेती करके बेटी को शिक्षा के लिए रामरूप उच्च माध्यमिक विद्यालय गोड़ारी में एडमिशन कराया था। गोड़ारी में कमरा किराया पर लेकर छात्रा अपनी बहन के साथ पढ़ती थी। टॉपर छात्रा मां दुर्गा की भक्त है। जैसे ही बिहार में टॉप आने की सूचना मिली तो सबसे पहले कच्छवां बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में माथा टेक कर पूजा अर्चना किया।

# मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह कुशवाहा और बैरिस्टर सिंह अधिवक्ता, प्रवक्ता जदयू रोहतास मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभ कामनाएं प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार के द्वारा दिए जाने वाली सुविधाओं को उपयोग में ले सकें। इसके लिए जागरूकता की आवश्यकता होती है ताकि उच्च शिक्षा उन्हें हासिल हो सके। प्रवक्ता जदयू रोहतास ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2005 से आज तक नारी के शिक्षा और स्वास्थ्य पर ज्यादा ध्यान दिया जिसका रिजल्ट मिल रहा है और बिहार की बच्चियां परचम लहराने



में कामयाब हो रही है। चाहे बारहवीं का रिजल्ट हो या कोई काम हो सबमें महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। यह है नीतीश कुमार की सुशासन की सरकार वरना राजद के लोग तंज कसा करते थे कि लड़की साइकिल चलाएगी और क्या क्या बकते थे। महिलाओं के बारे में परन्तु वैसे नेता को आइना दिखाते हुए आगे बढ़ रही हैं नारी शक्ति। दोनों नेताओं ने अनुमंडल पर साथियों के साथ बैठ जिले में ही नहीं पूरे शाहाबाद और बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों और जनहित में जारी सैकड़ों योजनाओं को जनता को बताने का काम किया जाएगा कि पुनः 2025 में फिर से नीतीश जी ही मुख्यमंत्री बनेंगे।

## रिया पांडे ने 90 प्रतिशत मार्क्स लाकर प्रखंड का मान बढ़ाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** कैमूर जिले के मोहनियां प्रखंड अंतर्गत रजिया बांध गांव निवासी संतोष पांडे की होनहार पुत्री रिया पांडे ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति कक्षा दसवीं में घोषित परिणाम में 90 प्रतिशत मार्क लाकर अपने गांव एवं मोहनियां प्रखंड का नाम रोशन किया उनके पिताजी संतोष पांडे एक साधारण किसान हैं, माताजी गृहिणी का काम संभालती है। बच्ची का रिजल्ट देखने के बाद रिया पांडे की माता-पिता पूरा परिवार के साथ, ग्रामीण जनता में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। संतोष



पांडे अपनी खुशी जाहिर किया। रिया पांडे ने हायर सेकेंडरी स्कूल बामोर से पढ़ाई लिखाई किया। आखिरकार दसवीं में 450 अंक लाकर जिले और प्रखंड का नाम रोशन किया।

# स्वामी शिवानंद जी तीर्थ कॉलेज में स्टार्टअप पॉलिसी पर कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** स्वामी शिवानंद जी तीर्थ कॉलेज, सासाराम में बिहार स्टार्टअप पॉलिसी आउटरिच कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीतीश कुमार दुबे उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य विनोद शंकर पांडेय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि नीतिश कुमार दुबे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार की स्टार्टअप पॉलिसी का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा



बीज निधि (सीड फंड) के माध्यम से नए स्टार्टअप्स को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है जिससे युवा उद्यमियों को अपने विचारों को हकीकत में बदलने का मौका मिल रहा है। उन्होंने छात्रों को स्टार्टअप संस्कृति अपनाने और अपने इनोवेटिव आइडियाज पर काम करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य विनोद शंकर पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यशाला छात्रों के लिए एक बेहतरीन अवसर है जिससे वे स्टार्टअप और उद्यमिता के बारे में गहराई से समझ सकें। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि वे मेहनत और सही योजना के साथ आगे बढ़ें तो वे सफल उद्यमी बन सकते हैं। उन्होंने कॉलेज में इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर जोर दिया और भविष्य में और अधिक ऐसी कार्यशालाओं के आयोजन का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और अपने विचार साझा किए। इस कार्यशाला को सफल बनाने में शुभम सिंह और रौशन कुमार का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. किरण कुमारी, संजय कुमार सिन्हा, अनु कुमार पांडेय, प्रो. रमेश कुमार, प्रो. विनीता आनंद, प्रो. संजीव कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय तारबंगला में वार्षिक परीक्षा परिणाम पत्रक का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्राथमिक विद्यालय तारबंगला में वार्षिक मूल्यांकन का परिणाम पत्रक (82) बयासी छात्र /छात्राओं के बीच वितरण किया गया। साथ ही वर्ग शिक्षक और अभिभावक के साथ बैठक की गई। बैठक में प्रधान शिक्षक अमरनाथ पंडित ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा एक ऐसा ज्योति है जो हर घर को रोशन करती है। बैठक में शिक्षक कौशल कुमार ने जानकारी दिया कि लड़का-लड़की एक समान यही संकल्प यही अभियान, शिक्षा, सपनों और




वास्तविकता के बीच सेतु, शक्षा में निवेश करें, सफलता प्राप्त करें, शिक्षा जीवन भर के लिए एक उपहार, शिक्षित करें, उन्नत करें, सशक्त बनाएं। इस आयोजन में मौके पर उपस्थित शिक्षक घनश्याम प्रसाद, मिशाल कुमार गोस्वामी थे।

# शतचंडी महायज्ञ की कलश यात्रा में उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** प्रखंड क्षेत्र के काली मंदिर में आयोजित शत चंडी महायज्ञ की कलश यात्रा शनिवार को धूमधाम से निकाली गई। इस कलश यात्रा में भारी संख्या में महिला, पुरुष, संत महात्मा ने भाग लिए। कलश यात्रा चेनारी बाजार होते हुए थाना मोड़ के समीप दुर्गावती नदी तट से पांच किलोमीटर दूर नदी तक कलश यात्रा निकाला गया जिसमें हाथी, घोड़ा व सैकड़ों रथ व वाहनों पर भव्य जुलूस निकाला गया। वाहन पर भगवान शिव, माता पार्वती, राम लखन सहित कई झांकी भी प्रस्तुत की गई थी। जुलूस दुर्गावती नदी पर पहुंची जहां कलश पूजन के बाद जल ग्रहण करने के बाद पूजा की गई और भारी संख्या में महिलाओं ने माथे पर कलश लेकर पैदल यज्ञशाला में पहुंचा। इस महायज्ञ में बिहार व कई प्रदेश से साधु संत पधार रहे हैं। कलश यात्रा में वाहनों



पर सवार भक्तों ने भक्ति गीत गाते हुए जा रहे थे। चेनारी बाजार पहुंचते ही भीड़ के कारण सड़क जाम हो गई। जुलूस के विधि व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस बल को लगना पड़ा। फिर भी लोगों की परेशानी हुई। महायज्ञ में धार्मिक ग्रंथों का पाठ, श्री भागवत महापुराण पाठ, रामचरितमानस पाठ का आयोजन होगा। इस दौरान समाज सेवियों द्वारा कई जगहों पर भक्तों के सेवा में फल और पानी का वितरण किया गया। महायज्ञ के कलश यात्रा में पहुंचे श्रद्धालुओं की भक्ति गीत, भजन और जयकारा से संपूर्ण चेनारी भक्तिमय हो उठा।

## शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार, शराबी की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** करमचट थाना क्षेत्र के ठकुरहट गांव में बीते दिन शराब पीने के आरोप में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया, लेकिन पुलिस अभिरक्षा में उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान करमचट थाना क्षेत्र के ठकुरहट गांव निवासी स्वर्गीय गोपाल नारायण पांडेय के 40 वर्षीय पुत्र संजय शंकर पांडेय बताया गया। मृतक के भाई अजय शंकर पांडे ने बताया कि घर पर शराब पीकर बच्चों के साथ मारपीट कर रहे थे तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। डायल 112 की पुलिस ने शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार कर मेडिकल जांच के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां शराब पीने की पुष्टि की गई। पूछताछ के दौरान उसका तबीयत बिगड़ते देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ रेफर किया गया है जहां बीच रास्ते में जाते समय मौत हो गई। हालत इस संबंध में भभुआ एसडीपीओ शिव शंकर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ठकुरहट गांव में संजय शंकर पांडेय ने अपने घर में मारपीट कर रहे थे। डायल 112 की पुलिस को सूचना दी गई थी जहां पुलिस ने शराब पीने के मामले में उसे गिरफ्तार कर स्थानीय अस्पताल ले गया जहां चिकित्सक द्वारा शराब पीने के मामले में पुष्टि भी की गई थी। उसके बाद उनको थाना पर लाकर पूछताछ की जा रही थी तभी तबीयत बिगड़ने लगी तो इलाज के लिए भभुआ सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था। तभी बीच रास्ते में उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर गहनता से जांच की जा रही है और मजिस्ट्रेट जांच भी होगी। इनका पोस्टमार्टम वीडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से होगा इसमें मजिस्ट्रेट भी उपस्थित रहेंगे। इसमें जिला पदाधिकारी के निर्देश पर मेडिकल बोर्ड का भी गठन किया जाएगा।

# मिडिल स्कूल जहानाबाद में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** शहर में स्थित मिडिल स्कूल जहानाबाद में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रदेश शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशों के अनुरूप आयोजित कार्यक्रम में बच्चों में गुणात्मक विकास पर चर्चा किया गया। ज्ञात हो कि 10 मार्च से 20 मार्च तक वर्ग एक से आठ तक के बच्चों के वार्षिक मूल्यांकन का कार्य किया गया था। गोष्ठी के दौरान अभिभावकों की उपस्थिति में सभी बच्चों को प्रगति पत्रक हस्तगत कराया गया व अभिभावकों से उनके बच्चों से संबंधित समस्याओं एवं उपलब्धियां के विषय पर विचार-विमर्श किया गया। अभिभावकों ने अपने बच्चों से संबंधित समस्याओं से विद्यालय प्रबंधन को अवगत कराया। हेडमास्टर प्रधानाध्यापक अरुण कुमार त्रिपाठी व शिक्षकों ने बच्चों की उपलब्धियों व अभिभावकों के दायित्वों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में प्रत्येक वर्ग में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों के साथ-साथ स्कूल के शिक्षक विकेश कुमार, दीपक भारती, मुमताज अली अंसारी, पूनम कुमारी, विद्या कुमारी, सरस्वती कुमारी, रजिया खातून, मुस्ताक अंसारी, दशरथ पाल, सत्येंद्र कुमार राम, उर्मिला कुमारी, वंदना कुमारी समेत कई शिक्षक व दर्जनों अभिभावक उपस्थिति थे।

## मध्य विद्यालय कपसियां में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** शिक्षा विभाग के आदेश के आलोक में मध्य विद्यालय कपसिया में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी शनिवार को संपन्न हुई। इसके साथ ही वर्ग 1 से 8 तक के वार्षिक मूल्यांकन का प्रगति पत्रक वितरित की गयी जिसमें वर्ग एक से आठ के छात्र उनके अभिभावकों ने भाग लिया। इस समारोह में प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को मेडल प्रदान किया गया। इसके अलावा अभिभावकों के साथ बच्चों के पठन-पाठन और आगे के मार्गदर्शन पर भी चर्चा की गई तथा अभिभावकों का विचार व सुझाव साझा की गयी। मौके पर प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह, शिक्षक राजेश कुमार सिंह यादव, अनुराग मिश्रा, अरुण कुमार, नुरुल कमर, कादिर खान, नेसार अहमद, दिलीप कुमार, रोशन आरा, दिलावरी खातून, रंजू कुमारी आदि मौजूद थे।

# अनुसूचित जनजाति गोंड समाज की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** स्थानीय तकिया रेलवे गुमटी के समीप श्री उत्सव महल सासाराम में चार जिला-रोहतास, कैमूर, बक्सर, आरा जिला के गोन्ड अ.ज.जा.समाज की एक ऐतिहासिक बैठक डा.वीरेन्द्र कुमार गोन्ड की अध्यक्षता में की गई। बैठक की शुरुआत अपने आराध्य देव बड़ा देव की पूजा अर्चना से की गई साथ ही साथ अपने वीर महापुरुषों रानी दुर्गावती, तिलका मांझी, वीर नारायण, भगवान बिरसा मुंडा, सिध्दू कानहू आदि वीर शहीदों पर प्रकाश बारी-बारी से डाला गया। चारों जिले के अध्यक्षों, सचिवों ने समाज में आपसी समन्वयक बनाये तथा जनजागरण के माध्यम से समाज के सभी लोगों को जागरूक कर सकारात्मक ऊर्जा देने पर जोरदार तरीके से बल दिये।



बनारस, मुगलसराय, रांची से आये समाज के नेताओं ने भी समाज के अनेक विषयों पर प्रकाश डाले। डा. वीरेन्द्र कुमार गोन्ड ने कहा समाज में शिक्षा ही ऐसी कुंजी है जिसके माध्यम से हर प्रकार की समस्याओं को हम दूर कर सकते हैं। साथ ही यह भी कहा कि बिहार में जाति आधारित गणना के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में अ.ज.जा.का आरक्षण 1%से बढ़ाकर 2%कर दिया गया है। इसलिए विधानसभा चुनाव 2025 में 5 सीट तथा लोकसभा में 1 सीट एवं बिहार विधानसभा में 1 सीट अ. ज.जा. के लिए सुरक्षित होना चाहिये। ताकि अ.ज.जा.समाज के आर्थिक सामाजिक, शैक्षणिक रूप से विकास हो। इस समाज की राजनीति भागीदारी भी नगण्य है। इसलिए इस समाज को राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए। बैठक में छितेवर गोन्ड, गजाधर गोन्ड, भोला गोन्ड, जयशंकर गोन्ड, अंबिका गोन्ड, सत्येन्द्र गोन्ड, सरयू गोन्ड, शिवशंकर गोन्ड, विजय गोन्ड, परशुराम गोन्ड, जगजीवन नायक, रामनगीना गोन्ड, ज्ञानेश्वर गोन्ड, झूलन गोन्ड, रामाशीष गोन्ड, संतोष गोन्ड, सुमीत्रा गोन्ड, राजू गोन्ड, जोखू गोन्ड, दीपक गोन्ड, मुरारी गोन्ड, देवेन्द्र गोन्ड, विनोद गोन्ड, शिवदयाल गोन्ड, अशोक गोन्ड, धर्मेन्द्र गोन्ड, जितेन्द्र गोन्ड, कमेश्वर गोन्ड, रामेश्वर गोन्ड, अमरनाथ गोन्ड, रामजीत गोन्ड, जयशंकर गोन्ड, जगमोहन गोन्ड, कृष्णा गोन्ड, सुरेन्द्र गोन्ड, मुरारी गोन्ड, राजेन्द्र गोन्ड, लक्ष्मण गोन्ड, पिन्टू गोन्ड, पारसनाथ गोन्ड, गजाधर गोन्ड, बनारसी गोन्ड, हरिश गोन्ड, घनश्याम गोन्ड, प्रहलाद गोन्ड, घनश्याम गोन्ड, हरिश गोन्ड, मनोज गोन्ड, रामेश्वर नायक तथा सैकड़ों साथी उपस्थित थे।

## अहसास के रंग दो दिवसीय नाट्योत्सव के संग का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अहसास कलाकृति द्वारा आयोजित दो दिवसीय नाट्योत्सव का शुभारंभ पटना के गंगा भवन हॉल, रामदयाल पथ, पुरानी जक्कनपुर में उद्घाटनकर्ता डॉ. भगवान दास, चिकित्सक एवं समाजसेवी, मुख्य अतिथि विश्वमोहन चौधरी 'संत', वरिष्ठ रंगकर्मी एवं पत्रकार तथा विशिष्ट अतिथि सुदर्शन सिंह, निदेशक, एस.एस. प्रिपेटरी स्कूल, पटना के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पहले दिन द क्रिएटिव आर्ट थिएटर वेलफेयर सोसाइटी द्वारा योगेशचंद्र श्रीवास्तव लिखित एवं सैयद अता करीम निर्देशित नाटक 'जूता' तथा पूजा ग्रुप, नौबतपुर के द्वारा प्रकाश मनु लिखित एवं विजय कुमार पंकज निर्देशित नाटक 'बांसुरीवाला' की प्रस्तुति की गई।



जूता में जहां एक ओर दौलत और ईमानदारी के बीच द्वंद्व को दो दोस्तों के माध्यम से दर्शाया गया। वहीं बांसुरीवाला नाटक में पर्यावरण संतुलन, जंगल, पेड़, पहाड़ को बचाने पर विशेष बल देते हुए बांसुरीवाला और बच्चों के बीच प्रेम को दिखाया गया। जूता नाटक में विजय कुमार चौधरी, भुवनेश्वर कुमार, सरबिंद कुमार, मंतोष कुमार, कुमार मानव, हिमांशु, राजकिशोर पासवान ने अपने-अपने अभिनय से नाटक को अंत तक बांधे रखा।

# अपहृत व्यक्ति को पुलिस ने किया सकुशल बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिंद थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव के खंद्धा के समीप से शुक्रवार को स्थानीय पुलिस ने झारखंड के सरायकेला थाना क्षेत्र से फिरौती के लिए अपहरण कर लाये अपहृत व्यवसायी दीपक कुमार कनौडिया को सकुशल बरामद किया हैं एवं दो अपहरणकर्ता को गिरफ्तार किया है। अपहरणकर्ता की पहचान थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव निवासी जागेश्वर महतो के पुत्र जितेंद्र कुमार व अमावां गांव निवासी रामवृक्ष माली के पुत्र गौतम कुमार के रूप में की गई हैं। अपहरणकर्ता जितेन्द्र कुमार के पास से एक देसी पिस्टल मैगजीन में पांच जिन्दा कारतूस के साथ बरामद किया गया। जिसे विधिवत जब्त किया गया हैं। बरामदगी स्थल से घटना में प्रयुक्त बुलेट बाइक तथा अपराधियो का तीन मोबाइल भी जब्त किया गया है। सदर डीएसपी 1 नुरुल हक ने बताया कि शुक्रवार को बिंद थाना के सरकारी मोबाइल पर सरायकेला थाना (झारखण्ड) के एक पुलिस पदाधिकारी द्वारा फोन कर बताया गया कि उनके यहां के एक व्यवसायी का अपहरण कर 50 लाख रूपया फिरौती की मांग की जा रही है। नही देने पर जान मारने की धमकी दी जा रही है। उक्त नम्बर का लोकेशन नालंदा एवं पटना जिला क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके में आ रहा है। इनके द्वारा सहयोग की मांग की गयी। तदोपरांत प्राप्त सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुये छापामारी दल को छापामारी के लिए भेजा गया। प्राप्त मोबाइल नं पर तकनीकी आसूचना संकलित कर लोकेशन के आधार पर छापामारी की गयी तो छतर बिगहा के सामने गेहूं के खेत मे हलचल दिखायी दिया। पुलिस बल द्वारा घेराबंदी की गयी तो देखा गया कि दो व्यक्ति एक व्यक्ति को जबरदस्ती पकडे हुये है एवं थोडी दूरी पर एक बुलेट गाडी लगी हुयी है। पुलिस बल को नजदीक आता देख दो अपराधी भागने का प्रयास किये जिन्हे खदेड कर पकड लिया गया। अपहृत के साथ अपराधियो के द्वारा मारपीट भी की गयी है, जिनका उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। प्रारम्भिक अनुसंधान में घटना में अन्य अपराधियो के भी संलिप्त होने एवं एक चार चक्का वाहन का इश्तेमाल की बात भी प्रकाश में आयी है। पुलिस ने बताया कि संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी और प्रयुक्त वाहन की बरामद की के लिए कार्रवाई की जा रही है।



## प्रसूति के दौरान प्रसव महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** चंडी रेफरल अस्पताल में शनिवार को एक प्रसव के लिए आयी महिला की मौत महज दो घंटे के भीतर ही हो गई। चिकित्सक जहां एनिमियां होने की बात बता रहे हैं वही परिजन लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। लोगों ने बताया कि चंडी थाना क्षेत्र पिनिपर गांव निवासी लक्ष्मण विंद अपनी पत्नी सुलोधनी देवी को प्रसव के लिए चण्डी रेफरल अस्पताल पहुंचा चिकित्सक ने मरीज को एनिमियां समेत अन्य जांच के लिए भेजा क्योंकि मरीज ने गर्भधारण के बाद अल्ट्रासाउंड के अलावे किसी प्रकार का जांच नही करवायी थी। परिजनों ने इलाज के दौरान लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया तथा सड़क जाम कर दिया।

# 151 महिला श्रद्धालुओं ने निकाली कलश शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के नेहुसा पंचायती के नेहुसा विगहा गांव में तीन दिवसीय भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के पहले दिन महिला श्रद्धालुओं के द्वारा कलश शोभायात्रा निकाला गया। कार्यकर्ता जितेंद्र कुमार ने बताया कि गांव की सुख समृद्धि एवं शांति को लेकर गांव में स्थित देवी स्थान मंदिर में प्रत्येक साल अखंड कीर्तन का आयोजन किया जाता है। इस बार तीन दिवसीय भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शनिवार को महिला श्रद्धालुओं के द्वारा कलश शोभायात्रा निकाला गया। गंगाजल भरने के लिए पटना के चंपापुर स्थित घोसवरी गंगा घाट पहुंचे जहां से जल भरने के बाद सुरक्षित वाहन के द्वारा हरनौत के द्वारका बीघा गांव पहुंचा। जहां से माथे पर कलश लेकर क्षेत्र भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर कलश को स्थापित की गई। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार से 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू होगा। अखंड कीर्तन समाप्त होने के बाद सोमवार को विशेष पूजा-अर्चना करने के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रकाश चंद्र भारती, सत्येंद्र यादव, रामबालक यादव, सुबोध, प्रमोद, रामुचित, धर्मवीर, टुनटुन, बालेश्वर एवं समस्त ग्राम वासियों का भरपूर सहयोग है।



# पीड़ित परिवार को बीमा लाभ के रूप में दो लाख का भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक शाखा तकिया कलां के द्वारा नालंदा जिले के ग्राम भट्टबीघा पोस्ट तुंगी थाना दीपनगर निवासी शीला देवी की मृत्यु के पश्चात प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत योजना का लाभ के रूप में उनकी पुत्री निशा कुमारी को कुल दो लाख रुपया का भुगतान किया गया। शाखा प्रबंधक आशीष झा ने बताया कि दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक शाखा तकिया कलां की खाताधारक शीला देवी का निधन 05 जनवरी को हो गया था। मृत्यु से पूर्व शीला देवी के द्वारा दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की शाखा तकिया कलां में 436 रूपये सालाना प्रीमियम देकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में अपना पंजीकरण कराया गया था। मृत्यु के पश्चात मृतक के खाते में नामिनी के रूप में दर्ज उनकी पुत्री निशा कुमारी को दो लाख रुपये का भुगतान खाते में अंतरण के माध्यम से दिया गया। शाखा प्रबंधक आशीष झा ने बताया कि 18 से 50 साल उम्र के कोई भी व्यक्ति सालाना 436 रूपए का प्रीमियम देकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में दो लाख का जीवन बीमा करा सकते है। साथ हीं 18 से 70 साल का कोई भी व्यक्ति 20 रुपए का सालाना प्रीमियम देकर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख का दुर्घटना बीमा भी करा सकता है। जिसका लाभ दुर्घटना या घटना के बाद मिलेगा। मौके पर शाखा के कार्यालय सहायक संदीप कुमार शाखा की बीसीए नेहा कुमारी सहित अन्य खाताधारक मौजूद रहें।



## नाबालिग से दुष्कर्म में 20 साल की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने एक आरोपित को दोषी पाते हुए 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है साथ ही 50 हजार रुपए का जुर्माना भी किया। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर छह माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। शनिवार को स्थानीय व्यवहार न्यायालय के एडीजे दो सह विशेष पॉक्सो जज एक संजीव कुमार सिंह ने नूरसराय थाना क्षेत्र के डोईया निवासी सोबीन पासवान को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है। मामले में अभियोजन की ओर से स्पेशल पीपी जगत नारायण सिंहा ने सभी सात लोगों की गवाही कराई थी ।इन्होंने बताया कि 31 मार्च इसके बाद 3 अप्रैल 2023 को मानपुर थाने में आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया।

# 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्रः डॉ. स्वर्गेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** टी.एस. कॉलेज, हिसुआ के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. स्वर्गेश कुमार ने तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय सेमिनार में भाग लिया। सेमिनार का विषय था– ल्लविकसित भारत अ2047 के लिए वैज्ञानिक कृषि नवाचार। अपने संबोधन में डॉ. स्वर्गेश कुमार ने कहा कि भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है, जहां कृषि क्षेत्र आर्थिक विकास, खाद्य सुरक्षा और स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोणों– सटीक खेती, जैव प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (इञ्) और जलवायु-लचीली तकनीक के माध्यम से भारतीय कृषि का कायाकल्प किया जाएगा। डॉ. स्वर्गेश ने कहा कि इंटरनेट ऑफ थिंग्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित स्मार्ट तकनीकों से कृषि में संसाधनों का सटीक उपयोग, उत्पादकता में वृद्धि और अपव्यय में कमी आएगी। ड्रोन, स्वचालित मशीनरी और स्मार्ट सिंचाई प्रणाली से कृषि प्रबंधन कुशल होगा और श्रम पर निर्भरता कम होगी। जैव प्रौद्योगिकी के माध्यम से उच्च उपज, कीट-प्रतिरोधी और जलवायु-लचीली फसलें विकसित की जाएंगी, जिससे खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी। जीनोमिक अनुसंधान और जैव अभियांत्रिकी से टिकाऊ कृषि को बढ़ावा मिलेगा, जिससे मिट्टी के स्वास्थ्य और जैव विविधता का संरक्षण किया जा सकेगा। डॉ. स्वर्गेश ने बताया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म और ब्लॉकचेन तकनीक के एकीकरण से किसानों को वास्तविक समय में बाजार संबंधी डेटा, पारदर्शी आपूर्ति श्रृंखला और उचित मूल्य निर्धारण की सुविधा मिलेगी। खेती और हाइड्रोपोनिक्स शहरी खाद्य मांग को पूरा करेंगे और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित करेंगे। सौर ऊर्जा से चलने वाले कृषि उपकरण और जैव ऊर्जा जैसी नवीकरणीय ऊर्जा तकनीकें पर्यावरण के अनुकूल कृषि को बढ़ावा देंगी। उन्होंने कहा कि सरकारी नीतियां और वित्तीय सहायता वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाने में किसानों की मदद करेंगी। इसके अलावा, कृषि शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रम किसानों को आधुनिक तकनीकों का लाभ उठाने में सक्षम बनाएंगे। डॉ. स्वर्गेश ने अपने संबोधन में कहा कि 2047 तक, विज्ञान-आधारित कृषि क्रांति भारत को टिकाऊ कृषि, खाद्य निर्यात और ग्रामीण विकास में वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जाएगी। यह बदलाव न केवल कृषि उत्पादकता को बढ़ाएगा बल्कि आत्मनिर्भरता और आर्थिक समृद्धि भी सुनिश्चित करेगा। इस उपलब्धि पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा, डॉ. सुनील कुमार दुबे, डॉ. संजय कुमार चौहान, भू-संपदा पदाधिकारी राजेश कुमार और मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार सहित अन्य शिक्षाविदों एवं अधिकारियों ने डॉ. स्वर्गेश कुमार को बधाई दी।



# वजीरगंज बना डॉ. अनुज सिंह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-1 का विजेता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नगर के गांधी इंटर विद्यालय में आयोजित डॉ. अनुज सिंह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-1 का खिताब वजीरगंज ने अपने नाम कर लिया। नवादा जिले में पहली बार इतने बड़े स्तर पर डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसे प्रसिद्ध शिक्षाविद् और समाजसेवी डॉ. अनुज सिंह के सहयोग से संपन्न कराया गया।

इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था, जो नॉकआउट फॉर्मेट में खेला गया। क्वार्टर फाइनल में 8 टीमें पहुंचीं, जिनमें से वजीरगंज और जहानाबाद की टीमें फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं।

शुक्रवार की देर रात खेले गए फाइनल मुकाबले में जहानाबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 143 रन बनाए। जहानाबाद की ओर से विनीत ने 65 रन और कप्तान कंचन ने 48 रन की शानदार पारी खेली। 144 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वजीरगंज की टीम ने संयमित बल्लेबाजी की और अंतिम दो गेंदों पर चार रन की जरूरत थी। तभी छोटा शाहरुख ने चौका जड़कर वजीरगंज को विजेता बना दिया। वजीरगंज की ओर से विकास सिंह ने 52 रन और राहुल कुमार ने 27 रन का योगदान दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. अनुज सिंह ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा– खेल में हार-जीत लगी रहती है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण चीज है खेल भावना। जीतने वाले को उपलब्धि और हारने वाले को सीख मिलती है। खेल में सहिष्णुता, धैर्य और साहस जरूरी है, जिससे आपसी भाईचारे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि आज नवादा जैसे छोटे शहर से भी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। उन्होंने नवादा के क्रिकेटर ईशान किशन का उदाहरण देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। मैच को देखने के लिए नगर के हजारों क्रिकेट प्रेमी देर रात तक मैदान में मौजूद रहे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में शशि, अमन, मोनू, सोनू, बंटी, आयुष, सौरव, आशु, भोलू, गौरव, रंजन, सूरज, नीतीश आदि की सराहनीय भूमिका रही।



## समारोह आयोजित कर बच्चों को वितरित किए गए रिपोर्ट कार्ड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** शनिवार को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसके दौरान बच्चों को वार्षिक मूल्यांकन के रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। बच्चों में अपने परीक्षा परिणाम जानने को लेकर उत्सुकता देखी गई। इसी क्रम में दक्षिणी ग्राम पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हसनगंज में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्ष सविता देवी, सचिव सतोलावा देवी, प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा, शिक्षक पंचम कुमार, फरहत जहां, अर्चना भारती, शचि कुमारी आदि ने बच्चों को रिपोर्ट कार्ड प्रदान किए।

# एनआइटीएन साइंस क्लासेज में इंटर के सफल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखंड के जोगाचक बाजार स्थित एनआईटीएन साइंस क्लासेज में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में सफल हुए विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संदीप यूनिवर्सिटी, मधुबनी के प्रोफ़ेसर गुड्डू सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, मेडल, डायरी, कलम, घड़ी एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रोफ़ेसर गुड्डू सिंह ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थियों की भी अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा, आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए। कोचिंग संस्थान के संचालक प्रमोद कुमार ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अपने जीवन के लक्ष्य को पाने के लिए कमजोरियों को अपनी ताकत बनाएं और सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि यही सफल जीवन का मूल मंत्र है और एक अच्छे समाज के निर्माण की दिशा में यह पहला कदम है। उन्होंने बताया कि एनआईटीएन साइंस क्लासेज के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने इस वर्ष इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त की है। इनमें से कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कोचिंग संस्थान और क्षेत्र का नाम रोशन किया।



# हिसुआ की निशा भारती ने मैट्रिक परीक्षा में 460 अंक लाकर बढ़ाया परिवार का मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)।** जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत बस्ती बिगहा गांव निवासी छात्रा निशा भारती ने मैट्रिक परीक्षा में 460 अंक अर्जित कर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन किया।

निशा ने आगे की पढ़ाई जारी रखते हुए सिविल सर्विस में जाने की इच्छा जताई है। वह ओड़ो हाई स्कूल की छात्रा रही हैं। तीन बहन और एक भाई में सबसे छोटी निशा बचपन से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा सरकारी विद्यालय से पूरी की। उनके पिता वाल्मीकि कुशवाहा (जो एक जनरल स्टोर संचालक हैं) और माता संजू देवी (गृहिणी) बेटी की इस सफलता से बेहद खुश हैं। वाल्मीकि कुशवाहा ने बताया कि उनकी बड़ी बेटी नंदनी कुमारी ने इंटर साइंस में 455 अंक प्राप्त किए थे, जिससे परिवार पहले ही गर्व महसूस कर रहा था। अब छोटी बेटी निशा भारती ने मैट्रिक परीक्षा में 460 अंक प्राप्त कर परिवार का मान और बढ़ाया है। उन्होंने कहा, हमारी बेटियों की सफलता देखकर पूरा परिवार गौरवान्वित है। हम अपने बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं और उनके लक्ष्य को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।



## गोविंदपुर की विशाखा गुप्ता ने मैट्रिक परीक्षा में 463 अंक हासिल कर किया नाम रोशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोविंदपुर (नवादा)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शनिवार को मैट्रिक परीक्षा 2024 के परिणाम घोषित किए। इस परीक्षा में गोविंदपुर की विशाखा गुप्ता ने 463 अंक प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया। मेहनत और संघर्ष से मिली सफलता विशाखा मूल रूप से रजौली प्रखंड की रहने वाली हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उन्हें पढ़ाई में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन उनकी शिक्षा की राह में उनके मौसा-मौसी पंकज कुमार (पंकज पत्रकार) और उनकी पत्नी ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने विशाखा को गोविंदपुर लाकर पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और हर संभव सहायता प्रदान की।

# मैट्रिक परीक्षा में ग्रामीण प्रतिभाओं का जलवा, आदित्य बने प्रखंड टॉपर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** शनिवार को घोषित बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में कौआकोल प्रखंड के ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर क्षेत्र का मान बढ़ाया। कौआकोल पंचायत के बिझो गांव निवासी एवं मनरेगा कर्मी बिरेन्द्र कुमार तथा आंगनबाड़ी सेविका आशा कुमारी के पुत्र आदित्य कुमार ने 465 अंक प्राप्त कर प्रखंड टॉपर का स्थान हासिल किया। इसी विद्यालय की छात्रा, भूंजा विक्रेता शंभू साव एवं गृहिणी शकुना देवी की पुत्री आरती कुमारी ने 464 अंक प्राप्त किए। वहीं, मजदूर ललन सिंह एवं आंगनबाड़ी सेविका कविता देवी की पुत्री ऋषिका कुमारी ने 462 अंक तथा अरविंद पंडित की पुत्री स्तुति कुमारी ने 461 अंक अर्जित कर प्रखंड का नाम रोशन किया।



इसके अलावा विक्की कुमार (पिता- धीरेंद्र चौधरी) ने 457 अंक, जबकि धर्मपाल कुमार (पिता- गोरेलाल चौधरी) ने 456 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। सभी सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों एवं अमन साइंस क्लासेज के संचालक अमन कुमार को दिया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य श्याम कुमार वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। **बापू इंटर विद्यालय के शिवम राज बने विद्यालय टॉपर** बापू इंटर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य अजय कुमार ने बताया कि विद्यालय के छात्र शिवम राज ने 462 अंक प्राप्त कर टॉप किया। शिवम नावाडीह गांव निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अनूप प्रसाद यादव के पौत्र एवं विजय कुमार के पुत्र हैं।

**अमन साइंस क्लासेज के सभी विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की:** अमन साइंस क्लासेज के संचालक अमन कुमार ने बताया कि उनके संस्थान के 100% विद्यार्थियों ने इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि हर साल की तरह इस बार भी उनके विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया और टॉपर्स की सूची में जगह बनाई।

# 25 सहायक उर्दू अनुवादकों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शनिवार को नवादा समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना के अधीन नवादा जिले में नवनियुक्त 25 सहायक उर्दू अनुवादकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने सभी नवनियुक्त सहायक उर्दू अनुवादकों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि द्वितीय राजभाषा उर्दू के विकास में उर्दू अनुवादकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वे उर्दू भाषी नागरिकों के आवेदन को विभिन्न सरकारी कार्यालयों में अनुवाद कर सही ढंग से प्रस्तुत करने में अहम योगदान देते हैं। जिलाधिकारी ने सभी नवनियुक्त कर्मियों को निष्ठापूर्वक एवं इमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करने का संदेश दिया, ताकि जनसेवा को प्रभावी एवं सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, जिला स्थापना उप समाहर्ता, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी-सह-प्रभारी पदाधिकारी (जिला उर्दू भाषा कोषांग) एवं सभी उर्दू कर्मी उपस्थित थे।



# सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के बीच वितरित किए गए अंकपत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय रजौली, सिरोडावर पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलिया और लेंगुरा स्थित उर्दू प्राथमिक विद्यालय समेत अन्य विद्यालयों में शनिवार को वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के बीच अंकपत्रों का वितरण किया गया।

मध्य विद्यालय रजौली में प्रधानाध्यापिका ममता रानी की अध्यक्षता में परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई और अंकपत्र वितरित किए गए। इस मौके पर शिक्षिकाओं संगीता कुमारी, रजनी शर्मा, संगीता कुमारी और कविता झा ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाध्यापक दिनेश प्रसाद के निर्देशानुसार बलिया स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में भी कक्षा 1 से 8 तक के सभी छात्रों को अंकपत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर शिक्षक अजित कुमार, आशीष कुमार, सुनील कुमार और मो. राशिद इकबाल के अलावा छात्रों के परिजन भी उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक ने बताया कि मार्च में आयोजित वार्षिक परीक्षा के उपरांत, दोपहर के भोजन के बाद परीक्षा परिणाम घोषित किए गए और छात्रों को उनके अंकपत्र प्रदान किए गए। शिक्षकों ने अभिभावकों से अपने बच्चों को स्वच्छता के साथ प्रतिदिन विद्यालय भेजने की अपील की। माताओं से रात में दो से तीन घंटे बच्चों के साथ बैठकर पढ़ाई करवाने और उनके गृहकार्य की निगरानी करने का आग्रह किया गया। शिक्षकों ने जोर देकर कहा कि बच्चों को प्रोत्साहन और अनुशासन, दोनों के माध्यम से नियमित रूप से गृहकार्य करने के लिए प्रेरित किया जाए।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलिया के शिक्षक और रजौली प्रखंड के शिक्षक नेता अजित कुमार ने बताया कि विद्यालय में अभिभावकों के साथ संवाद स्थापित कर छात्रों की पढ़ाई में आ रही बाधाओं और कमजोरियों को चिन्हित किया जाता है। इस प्रक्रिया से छात्रों की शिक्षा में सुधार होता है और उनका उत्साह बढ़ता है। लेंगुरा स्थित उर्दू प्राथमिक विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक गुलाम सरवर की अध्यक्षता में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उन्हें अंकपत्र के साथ मेडल और उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर शिक्षिका प्रमिला कुमारी, शिक्षक रामकुमार सिंह और प्रिय प्रियदर्शी उपस्थित रहे। अभिभावकों में सरिता देवी, सोनम कुमारी, वीना देवी, ममता देवी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



# ईद को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** आगामी ईद पर्व को लेकर शनिवार को धमौल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीओ खुशबू गौतम और थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू सहित स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली और शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और हर स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई।

बैठक में मौजूद स्थानीय लोगों ने प्रशासन को अपने सुझाव दिए और भरोसा दिलाया कि ईद का त्योहार प्रेम और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा। थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

**बैठक में ये लोग रहे मौजूद**

बैठक में एसआई इंद्रमल मांझी, मुखिया रामरूप यादव, सरपंच इंद्रजीत सिन्हा, कैसर मंसूरी, मुखिया प्रतिनिधि चंद्रमा यादव, फोशन यादव, सुजींद्र सिंह, सरपंच यहिया अंसारी, शिक्षाविद मो. अफजल हुसैन, सरपंच धर्मेंद्र यादव सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।



# रामनवमी पर विभिन्न क्षेत्रों से 108 शोभायात्रा निकाली जाएगी

## जिले के रामनवमी आयोजक केंद्रीय कमिटी के सदस्यों के साथ की गई बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम एवं एसएसपी आनंद कुमार की अध्यक्षता में रामनवमी पर्व के अवसर पर संप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से गया जिले के रामनवमी आयोजक केंद्रीय कमिटी के सदस्यों के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की गई। डीएम ने शनिवार को मुख्य रूप से शोभायात्रा का समय, शोभायात्रा का प्रारूप, तैयारी, व्यवस्थाएं, प्रशासन से समन्वय इत्यादि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। रामनवमी आयोजक केंद्रीय कमिटी के सदस्यों ने बताया कि गया शहरी क्षेत्र में 6 आयोजक नगर में बांटा गया है जिनमें डेल्हा, पंतनगर, विष्णुपद, कोतवाली, बागेश्वरी एवं मानपुर है। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष रामनवमी पर्व के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से 108 शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें लगभग 50-60 हजार की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। शोभा यात्रा का जो मार्ग प्रशासन द्वारा निर्धारित की गई है, उसी रास्ते से गुजरेगी। शोभा यात्रा समापन के पश्चात विष्णु पद मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं को प्रसाद खाने की व्यवस्था रखी गई है। कुछ स्थानों यथा डेल्हा, अक्षयवट, नारायण चुआ, टिकारी रोड में सड़कें खराब है, उसे ठीक करवाने का अनुरोध किया गया। डीएम ने बताया कि जिले में रामनवमी पर्व हर वर्ष काफी धूमधाम हर्षोल्लास एवं शांति सौहार्द के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी आप सभी गयावासी आपसी भाईचारा के साथ रामनवमी का पर्व प्रभु श्री राम के जन्म उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। उनकी आदर्शों के बारे में लोगों को बताएं। कही भी कोई भी क्षेत्र में शांति सौहार्द नहीं खराब हो, इस पर आप सभी नजर रखें। शोभा यात्रा के गुजरने वाले मार्ग में सफाई की भी पूरी व्यवस्था रखी जाएगी। साथ ही शोभा यात्रा के रास्ता में अतिरिक्त रोशनी की भी व्यवस्था रखी जाएगी। नगर निगम द्वारा जगह-जगह पर पानी टैंकर की भी व्यवस्था रखी जाएगी। रात्रि 12:00 तक हर हाल में शोभा यात्रा को संपन्न करवाये। संवेदनशील क्षेत्रों के रास्तों में पर्याप्त वीडियोग्राफी की व्यवस्था, सीसीटीवी एवं ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था रखी जायेगी। उन्होंने कहा कि डीजे का कोई परिभाषा नहीं है। लाऊड स्पीकर अधिनियम के अंतर्गत जो निर्धारित डेसिबल है, उससे ऊपर ध्वनि विस्तारक नहीं हो, इस पर जरूर से ध्यान दें। उच्चतम न्यायालय का भी ध्वनि प्रदूषण संबंधित गाइडलाइंस है, उसी आलोक में अनुपालन करवाने का निर्देश सभी थानाध्यक्षों को दिया गया है। उन्होंने सभी आयोजक समिति को कहा कि अपने शोभा यात्रा में पर्याप्त वॉलिंटियर उपलब्ध रखें सभी वालंटियर निश्चित तौर पर आई कार्ड पहनकर ही रहेंगे साथ ही सभी शोभायात्रा का लाइसेंस होना अत्यंत अनिवार्य है लाइसेंस में दिए गए शर्तों को पूरी तरह अनुपालन कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा के आयोजन को उपलब्ध कराए जाने वाले लाइसेंस में अंकित शोभायात्रा का समय एवं किस समय से प्रारंभ होकर किस समय में समापन होगा उसी निर्धारित समय अवधि में शोभायात्रा को संपन्न करवायें। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को सेफ्टी के ध्यान में रखते हुए शोभायात्रा के दौरान बिजली काटी जाती है ताकि श्रद्धालुओं को कहीं कोई दिक्कत नहीं हो सके उसे दौरान ट्रॉली पर अलग-अलग स्थान में लाइट की व्यवस्था रखी जाती है। एसएसपी ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द के साथ रामनवमी पर्व को मनायें। शोभायात्रा के लिए जो भी लाइसेंस ले रहे हैं, उसका शत प्रतिशत अनुपालन करें। जुलूस के शर्तों को पूरा पालन करें। लाइसेंस में अंकित किस स्थान से कितने बजे शोभायात्रा को गुजरना है, उसी निर्धारित समय पर कार्य करें। बैठक में सीटी एसपी, डीडीसी, डीएसओ, एडीएम विधि व्यवस्था, एएसपी नगर, सदर एसडीओ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राणा सांगा को गद्दार कहने वाले राज्यसभा सांसद के विरोध में सभापति को लिखा पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** द राजपूत ऑफ बिहार संगठन ने राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के बयान पर आपत्ति दर्ज करते हुए सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखकर कार्रवाई करने की मांग की है। द राजपूत ऑफ बिहार के संस्थापक मंतोष सिंह ने कहा कि राणा सांगा को गद्दार कहने वाले सांसद की सदस्यता रद्द होनी चाहिये। वे राष्ट्र के वीर सपूत ही नहीं बल्कि वे राष्ट्रीय गौरव भी हैं जिन्होंने मुगलों से कई युद्ध किये। सांसद ने आपसी वैमनस्यता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऐसा दूर्भाग्यपूर्ण बयान दिया है। राष्ट्र सम्मान की रक्षा के लिये सांसद की सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग सभापति से पत्र के माध्यम से की गई है। हस्ताक्षर युक्त पत्र को ईमेल और स्पीड पोस्ट के माध्यम से सभापति को भेजा गया है। अगर उनकी सदस्यता समाप्त नहीं की जाती है तो द राजपूत ऑफ बिहार के सदस्य दिल्ली तक प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# सीयूएसबी के जीव विज्ञान विभाग ने किया आइडियाथॉन 2.0 का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने डीएसटी - पर्स प्रोजेक्ट को कार्यान्वित करने के उद्देश्य से बायोनेस्ट इनक्यूबेशन सेंटर (आईसी), आईआईटी पटना के सहयोग से एक दिवसीय आइडियाथॉन 2.0 का आयोजन किया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह और आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टीएन सिंह के संरक्षण में आयोजित आइडियाथॉन का उद्देश्य छात्रों, शोधकर्ताओं, प्राध्यापकों और स्टार्टअप उत्साही लोगों सहित विविध पृष्ठभूमि के प्रतिभागियों को जीव विज्ञान में चुनौतियों के लिए अभिनव समाधान प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस कार्यक्रम में खाद्य प्रौद्योगिकी, कृषि-तकनीक, माइक्रोबायोलॉजी, बायोसेंसर, बायोइलेक्ट्रॉनिक्स, नैनो प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी और सतत अपशिष्ट प्रबंधन सहित कई विषयों को शामिल किया गया। सीयूएसबी के जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि प्रो राम प्रताप सिंह, विभागाध्यक्ष जीवन विज्ञान के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का समन्वय डॉ. अमृता श्रीवास्तव और डॉ. कुमार सिद्धार्थ सिंह, बायोनेस्ट, आईआईटी पटना के मुख्य प्रबंधक ने किया। कार्यक्रम में आइडिया टू मार्केट पर एक विशेषज्ञ मुख्य भाषण और एक आइडियाथॉन पिचिंग इवेंट शामिल था जिसमें देश भर के युवा उद्यमियों द्वारा 25 विचार प्रस्तुत किए गए। आइडियाथॉन 2 ने सीयूएसबी के प्रतिभागी छात्रों और शोधार्थियों को उद्यमी बनने की प्रक्रिया को समझने का एक उचित प्लेटफार्म प्रदान किया। इस अवसर पर स्टार्टअप बिहार के अधिकारियों की एक समर्पित टीम ने स्टार्टअप पर बिहार सरकार की वर्तमान योजनाओं के बारे में जानकारी जानकारी मुहैया करवाई। इसके अतिरिक्त डॉ. कुमार सिद्धार्थ सिंह और दीपक कुमार द्वारा आइडिया टू मार्केट और स्टार्टअप रणनीति पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया गया। स्टार्टअप बिहार टीम के कुणाल प्रकाश और शिंद्र कुमार द्वारा स्टार्टअप के लिए फंडिंग के अवसर पर चर्चा की गई।

# बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, अठारह लाख की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत घुरियावां टोला बेलदारी में बीते शुक्रवार की रात्रि चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाया और जेवर सहित नकदी चुराकर चंपत हो गये। सुबह जब गृहस्वामी घर पहुंचे तो उन्हें चोरी का पता चला। पीड़ित गृहस्वामी शम्भु प्रसाद ने बताया कि वे अपनी पत्नी के साथ इस घर में रहते हैं और कल किसी कार्य से गया शहर आये हुए थे, किसी वजह से वापस घर लौटकर नहीं पहुंचे। शनिवार की सुबह लगभग नौ बजे जब घर पहुंचे तो देखा कि दरवाजे का दोनों ताला टूटा हुआ था, अंदर जाकर देखा तो तीनों बेडरूम में रखे गोदरेज का भी ताला तोड़ कर सभी सामान ले गया था जिसके बाद इसकी सूचना थाना को दिया गया। जायजा लेने पर पता चला कि लगभग 17 लाख का जेवर और 1 लाख 20 हजार रूपये नकद गायब थे। जेवरों में मंगलसूत्र, झुमका, चैन, अंगूठी, बेसर, टीका, नथिया, दुल्हन पायल सहित अन्य सोना - चांदी का जेवर शामिल है जिसकी सूची पुलिस को दी जाएगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि चोरी का जायजा लिया गया है। पीड़ित द्वारा आवेदन मिलने पर कार्रवाई की होगी।

# मगध विश्वविद्यालय में 'इंसेक्ट जेनेटिक्स एंड बायोटेक्नोलॉजी' पुस्तक का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर जंतु विज्ञान विभाग में आज एक ऐतिहासिक अवसर पर 'इंसेक्ट जेनेटिक्स एंड बायोटेक्नोलॉजी' पुस्तक का विमोचन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एसपी शाही और कुलसचिव प्रो विपिन कुमार के कर-कमलों द्वारा किया गया। यह महत्वपूर्ण पुस्तक प्रो सिद्धनाथ प्रसाद यादव के नेतृत्व में संपादित की गई है। यह पुस्तक कीट विज्ञान के नए आयामों को समर्पित 31 अध्यायों पर आधारित है। इसे प्रो सिद्धनाथ प्रसाद यादव के साथ गया कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मोहम्मद राशिद नईम, एस एस कॉलेज टेकारी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ राजकुमार, एस एस वाई कॉलेज गया की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ पुष्पा कुमारी एवं शोधार्थी मोहम्मद दानिश मसरूर के संयुक्त संपादन में प्रकाशित किया गया है। पुस्तक विमोचन समारोह में अन्य अध्याय लेखक पूनम सिंह, नाजिया हसन, फरहत यासमीन, अभिषेक दास के साथ विभाग के प्रतिष्ठित प्रोफेसर आभा कुमारी, डॉ एल के तरुण सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कुलपति प्रो एसपी शाही ने प्रो. सिद्धनाथ प्रसाद यादव एवं उनके नेतृत्व में कार्य कर रहे पूरे समूह के अथक परिश्रम की सराहना करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय एवं जंतु विज्ञान विभाग को आगे बढ़ाने और उत्पादक शोध करने के लिए प्रेरित किया। यह पुस्तक निस्संदेह कीट विज्ञान के शोध में एक मील का पत्थर साबित होगी और आने वाली पीढ़ियों के शोधार्थियों को दिशा प्रदान करेगी।

# पब्लिक हाई स्कूल रानीगंज के छात्र-छात्राओं ने किया अच्छे अंक से पास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** प्रखंड के पब्लिक हाई स्कूल रानीगंज के छात्र चंदन कुमार ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2025 में 470 अंक प्राप्त कर प्रखंड टॉपर बना है। चंदन कुमार ने बताया कि कड़ी मेहनत के बदौलत ये मुकाम हासिल किया है। वही पब्लिक हाई स्कूल रानीगंज के छात्रा अंजली कुमारी ने 468 अंक लाकर प्रखंड में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वही नक्सल प्रभावित क्षेत्र छकरबंधा पंचायत के चौरियाटांड़ गांव के रहने वाले महेश्वर यादव के पुत्र मुकेश कुमार ने 467 अंक प्राप्त कर कामयाबी हासिल किया है। उन्होंने बताया कि पंचायत एवं गांव में शिक्षा नहीं होने के कारण घर से 20 किलोमीटर दूर इमामगंज जैसे छोटे शहर में कमरा लेकर पढ़ाई का कार्य यूनिक कोचिंग सेंटर में बसंत कुमार सर के मार्गदर्शन में पढ़ाई पूरी लगन और मेहनत से किया जो आज एक मिसाल कायम हुआ है। उन्होंने बताया कि हमारे माता-पिता मजदूरी का काम किया करते हैं और अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के चौरियाटांड़ गांव में मेरा घर है। उन्होंने बताया कि आगे की पढ़ाई निरंतर जारी रख आईएएस बनने का सपना जरूर पूरा करूंगा।

# मैट्रिक में प्रखंड स्तरीय टॉप 3 में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**









**कोंच।** शनिवार को मैट्रिक का रिजल्ट होते ही कहीं खुशी, कहीं गम का माहौल है। वहीं कोंच प्रखण्ड स्तरीय टॉप 3 में विभिन्न विद्यालय के छात्रों ने प्रखण्ड में टॉप किया है जहां उच्च माध्यमिक विद्यालय गरारी के कुंदन कुमार, लड़का वर्ग में 475 अंक लाकर प्रखण्ड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं कोंच प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय परसावां के अंशु कुमारी 468 अंक लाकर समाचार लिखे जाने तक प्रखण्ड में छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान लाई है। उच्च माध्यमिक विद्यालय गरारी के किसान राम ध्यान महतो के पुत्र कुंदन कुमार 475 अंक लाकर प्रखण्ड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय अहियापुर के अभिषेक कुमार पिता प्रवीण कुमार 472 अंक लाकर प्रखण्ड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय काबर के दयानंद यादव के पुत्र राजू कुमार ग्राम बसंतपुर निवासी ने 471 अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रखण्ड के ग्राम चतुरी विगहा के पवन कुमार की पुत्री अंशु कुमारी अपने विद्यालय में ही नहीं बल्कि प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में से 468 अंक लाकर प्रखण्ड में बेहतर प्रदर्शन किया है। इसके पिता पवन कुमार दूसरे प्रदेशों में मजदूरी करने जाते हैं। अंशु कुमारी ने कहा कि उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक मो. इकबाल व माता - पिता के प्रेरणा स्त्रोत से प्रथम स्थान प्राप्त कर गर्व महसूस कर रही हूं। इसके अलावा विद्यालय के सभी शिक्षक व प्रधानाध्यापक एन के राही के संरक्षण में ही पठन-पाठन का कार्य किया हूं। अंशु डाक्टर बनने की तमन्ना रखती है। उक्त विद्यालय के शिक्षकों ने अंशु को विद्यालय में बुलाकर सम्मानित किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक एन के राही, मो. इकबाल, पियूष मृणाल, मनोज कुमार मंजिल, श्वेता कुमारी, अनामिका कुमारी, अरूण कुमार, गुड़िया कुमारी, सुरेश कुमार, नेहा कुमारी समेत अन्य शिक्षकों ने बधाई दी है।

# मां तारा देवी महोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** भारतीय स्वदेशी नूतन वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 30 मार्च को प्रारंभ हो रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना किया था। नवरात्र के दौरान ही भगवान राम का जन्म हुआ था। नवरात्र पूजा नारी शक्ति का प्रतीक है। नवरात्र के दौरान माता के विभिन्न शक्ति रूपों की पूजा - अर्चना किया जाता है। इस दौरान कन्या पूजन का भी विशेष महत्व है। सभी लोग लड़कियों को अपने घर बुलाते हैं उनके पांव पूजे जाते हैं, उन्हें भोजन कराते हैं, उपहार देते हैं और बदले में उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। नारी शक्ति के प्रतीक का इससे बड़ा त्योहार पूरी दुनिया में दूसरा कोई नहीं है। नवरात्र के दौरान प्रखंड अंतर्गत केसपा ग्राम में मां तारा देवी मंदिर में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती है। इस वर्ष जनता की मांग को पूरा करते हुए बिहार सरकार के सौजन्य से 31 मार्च को मां देवी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर चर्चित लोक गायिका इंदू सोनाली का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। परंपरागत रूप से नवरात्र अष्टमी को मां तारा देवी मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होता आया है। ग्रामीण हिमांशु शेखर ने कहा है कि यह महोत्सव जनता की जीत है। इस वर्ष भी अष्टमी 5 अप्रैल को चर्चित कलाकार कमल वास एवं अभिषेक तिवारी का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

# सीयूएसबी में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में विभूषणक्रम कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता, अलंकरण आयोजन एवं भारतीय विरासत विभूषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के मार्गदर्शन में प्रो. पवन कुमार मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. रचना विश्वकर्मा (एक भारत श्रेष्ठ भारत प्रकोष्ठ), डॉ. आदित्य मोहंती (उन्नत भारत प्रकोष्ठ), डॉ. सुजीत कुमार (विकसित भारत प्रकोष्ठ), और डॉ. विकल कुमार सिंह (पंचप्रण प्रकोष्ठ) द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद गिरि जी, मठ प्रमुख, शंकराचार्य मठ, बोधगया, बिहार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. पवन कुमार मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने स्वागत भाषण में कार्यक्रम की महत्ता और इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक जागरूकता और भारतीय संस्कृति के प्रति गर्व की भावना उत्पन्न होती है। डॉ. विकल कुमार सिंह ने कार्यक्रम का परिचय देते हुए कहा कि विकसित भारत भौतिक नहीं, मानसिक रूप से भी होना चाहिए। डॉ. सुजीत कुमार ने अपने संबोधन में कहा जब विकसित भारत की कल्पना की जाती है और युवाओं का उल्लेख नहीं किया जाता, तो यह अधूरा है। स्वामी विवेकानंद गिरी जी ने धर्म की परिभाषा देते हुए कहा कि धर्म वह है जिसे धारण किया जा सकता है। धर्म का पालन करने से भौतिक और आध्यात्मिक जीवन में मुक्ति मिल सकती है। आज के इस ज्ञान भरी दुनिया में ज्ञान की कमी नहीं, बल्कि उसे अपने जीवन में धारण करने वालों की कमी है। विश्वविद्यालय में सभी छात्रों और शिक्षकों को एकजुट होकर देश के विकास के लिए काम करना चाहिए। स्वामी विवेकानंद गिरि जी ने अपने संबोधन में कहा कि धर्म और कर्तव्य का पालन ही व्यक्ति और समाज को सशक्त बनाता है। छात्रों को समाज की सेवा के लिए अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाना चाहिए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षिक विकास नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। हमें अपनी संस्कृति, परंपराओं और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहकर देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। कुलपति ने छात्रों से अपील की कि वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य करें और देश को प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाएं। शिक्षा, दीक्षा, चिकित्सा जैसे क्षेत्रों से पश्चिमी प्रभाव से मुक्ति लेकर ही भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाया जा सकता है। इस अवसर पर सीयूएसबी के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों क्रमशः डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. रचना विश्वकर्मा, डॉ. प्रणव त्रिपाठी, डॉ. अभय लेनार्ड इक्का, डॉ. प्रिय रंजन, डॉ. शुभ नारायण सिंह आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण निबंध लेखन प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा और पुरस्कार वितरण था। विभिन्न विषयों पर आयोजित इस निबंध लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता और विचारशीलता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विषयवार पुरस्कार वितरण किया गया और प्रत्येक विषय के विजेता को पुरस्कार स्वरूप 5100 (पहला पुरस्कार), 3100 (दूसरा पुरस्कार), 2100 (तीसरा पुरस्कार) और सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1000 प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी विवेकानंद गिरि जी और कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

# विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शहर के बाईपास स्थित शिक्षण संस्थान आर्ट्स क्लासेस में 12वीं की परीक्षा में पास आउट हुए विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें आर्ट्स क्लासेज के डायरेक्टर आकाश वर्णवाल द्वारा संस्थान के सभी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। डायरेक्टर आकाश वर्णवाल ने बताया कि पिछले 3 वर्षों से लगातार इस संस्थान ने आर्ट्स के क्षेत्र में गया जिले को टॉपर छात्र दिए। इस वर्ष आर्टस क्लासेस की छात्रा सुहानी प्रिया ने कला संकाय में 449 अंक लाकर संस्थान का नाम रोशन किया। आकाश वर्णवाल ने यह भी बताया कि सुहानी प्रिया पढ़ने में काफी अच्छी थी। नियमित क्लास आती थी और अपने पढ़ाई पर ध्यान देती थी।

# खानपुर की बेटी ने जिले में पाया दूसरा स्थान, माता-पिता का बढ़ाया मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** मैट्रिक का रिजल्ट शनिवार को जारी होते ही क्षेत्र में छात्र एवं शिक्षक गतिशील हो गये। अपना - अपना रौल नम्बर के हिसाब से सभी अंक प्रमाण पत्र डाउनलोड करने में व्यस्त रहे। अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई दी जाती रही। बिच्छा पंचायत अंतर्गत खानपुर निवासी प्रवेश प्रसाद पान की पुत्री प्रियंका कुमारी जिला स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त करने में कामयाब रही। प्राप्त कुल 480 अंकों में गणित एवं विज्ञान विषय में 99 अंक हासिल करने वाली जयप्रकाश हाई स्कूल कुर्किहार की छात्रा प्रियंका बताती हैं कि उनके पिता प्रदेश में रहकर टेलर का कार्य करते हैं, माता कंचन देवी गृहिणी हैं। वह अपने भाइयों से छोटी है जिसके कारण आईटीआई कर चुके भाई राजू कुमार का सहयोग मिलता रहा। कोचिंग शिक्षक राजकुमार एवं रंजीत सर के दिशा निर्देश और यूट्यूब से सहयोग लेकर पढ़ाई करते रहे। अभी भविष्य में क्या करना है इसका निश्चय नहीं किया है, लेकिन गणित और विज्ञान की पढ़ाई करते हुए आगे बढ़ते रहने की इच्छा है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा संख्या : टीएल-एसी-सीआरडब्ल्यू-एचआरटी-27 दिनांक - 27.03.2025.

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. कार्य का नाम एवं स्थान : सीएआई संख्या ईडी/सीएआई/033 दिनांक 02.04.2024 के अनुसार एलएचबी ईओजी एसी कोचों में अग्नि सुरक्षा बढ़ाने के लिए सभी स्तरों पर 110 वोल्ट डीसी +VE और -VE केबलों को अलग करने और ग्लास फ्यूज के साथ केज क्लैंप टर्मिनलों का प्रावधान। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹1,57,54,420.65 (रूपये एक करोड़ सत्तावन लाख चौवन हजार चार सौ बीस तथा पैंसठ पैसे मात्र)। 3. निविदा प्रपत्र की राशि : शून्य। 4. जमा की जाने वाली अग्रधन की राशि : ₹2,28,800.00 (रूपये दो लाख अट्ठाईस हजार आठ सौ मात्र)। 5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : निविदा ऑन लाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 17.05.2025 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 12:30 बजे निविदा खोली जायेगी। 6. वेबसाइट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र इत्यादि खरीदा जा सकता है : निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाईट CRIS website : https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार-803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी होगा तो शुद्धि-पत्र बेवसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/ सडिमका/पूमरे/हरनौत

पीआर/02357/एचआरटी/2/टी/24-25/52



**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. : 04, 05, 07, 08, 09 एवं 11, दिनांक 28.03.2025 (सिविल, पी.वे एवं अन्य कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं. 04- एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में भागलपुर में मौजूदा शंटिंग नेक के पास में दो कोचिंग स्टेबलिंग लाइनों के प्रावधान के संबंध में मिट्टी कार्य और पी.वे कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,17,15,302.68, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 05-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम** : डीईएन/I/मालदा के अधिकार क्षेत्र में एईएन/न्यू फरक्का के अधीन अन्य सहायक कार्य के साथ तीनपहाड़-तालझारी एसएल/एल शाखा में पीक्यूआरएस और मैनुअल द्वारा टीएसआरपी 3 टीकेएम और टीआरआरपी 3 टीकेएम एवं बोनीडांगा में डायमंड क्रॉसिंग को हटाने और एफएसटीओ डालने के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 69,42,927.94, **क्रम सं. 3, निविदा सं. 07-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम** : डीईएन/I/मालदा टाउन के अधिकार क्षेत्र में एईएन/मालदा के अधीन सहायक कार्य के साथ मालदा-न्यू फरक्का (छोड़कर) शाखा में जमीरघाटा और खालतीपुर में ट्रैक मशीन साइडिंग की लंबाई के विस्तार कार्य और ट्रैक मशीन साइडिंग में विश्राम कक्ष सह शौचालय बाथरूम के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,14,91,056.27, **क्रम सं. 4, निविदा सं. 08-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधीन सहायक कार्य के साथ आईआरटीएमएम 2019 के पैरा 809 (5) और अनेक्सर 8.11 के अनुसार न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के लिए साहिबगंज स्टेशन पर ट्रैक मशीन साइडिंग की मौजूदा लंबाई के विस्तार के कार्य और मिर्जाचौकी एवं पीरपैंती स्टेशनों पर ट्रैक साइडिंग के प्रावधान के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,52,29,937.80, **क्रम सं. 5, निविदा सं. 09- एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम** : मंडल अभियंता -I/मालदा के अधीन सहायक अभियंता न्यू फरक्का के अधिकार क्षेत्र में एलएचएस संख्या 346ए और 345 पर शेड, पंप हाउस ड्रेन सम्प, पंपिंग व्यवस्था के प्रावधान के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,76,24,426.05, **क्रम सं. 6, निविदा सं. 11-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम** : डीईएन/I/मालदा के अधिकार क्षेत्र में एईएन/न्यू फरक्का के तहत इंजीनियरिंग विभाग के लिए रेस्ट रूम सह शौचालय बाथरूम भवन के निर्माण के साथ आईआरटीएमएम 2019 के पैरा 809(5) और अनेक्सर 8.11 के अनुसार न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के लिए 01 अदद ट्रैक मशीन साइडिंग की मौजूदा लंबाई के विस्तार और 05 अदद ट्रैक साइडिंग के प्रावधान कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 3,92,32,764.60, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 18.04.2025 को 15.30 बजे। (क्रम सं. 1 से 6 प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in/** मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय/ मालदा टाउन।

MLD-265/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# ग्रामीण आवास सर्वेक्षण में अनियमितता का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** प्रखण्ड क्षेत्र के मालपा पंचायत अंतर्गत इंदील गांव निवासी नित्यानंद पासवान पिता स्वर्गीय शिवनंदन पासवान ने शनिवार को अनुमण्डल पदाधिकारी, टेकारी को आवेदन देकर मलपा पंचायत में हो रहे ग्रामीण आवास सर्वेक्षण में सर्वेक्षणकर्ता द्वारा अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए स्वयं जांच पड़ताल करने का मांग किया है। आगे आवेदन में लिखा है कि अनुसूचित जाति एवं मांझी समाज से आने वाले गरीब मुखिया पर हावी होकर दबंग वार्ड सदस्यों एवं अन्य दबंगों द्वारा सर्वेक्षणकर्ता को मेल में लेकर अमीरों का नाम सूची में जोड़ा गया है और गरीबों, दलितों एवं असहायों को नकार दिया गया है।

# शहीद रामानंदन शर्मा की स्मृति समारोह मनायी गयी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**टिकारी (गया)।** शिक्षाविद, समाजसेवी एवं पंचायती राज के सभी पदों को सुशोभित करने वाले शहीद रामनंदन शर्मा की तेरहवीं पुण्यतिथि समारोह का आयोजन उनके पैतृक आवास पूरा ग्राम एवं टिकारी स्थित प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई। उनके पैतृक आवास पर उनके परिवार के सदस्य एवं ग्रामीणों ने उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके कार्यों को याद किया। वर्ष 2012 में तत्कालीन केंद्र सरकार गया में केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना करना चाहती थी, लेकिन तत्कालीन बिहार सरकार एवं क्षेत्रीय विधायक केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग मोतिहारी में कर रहे थे। गया में केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना को लेकर कांग्रेस नेता रामनंदन शर्मा अपने साथियों के साथ पटना में कारगिल चौक पर धरना देने जा रहे थे, लेकिन मार्ग में सड़क दुर्घटना के दौरान रामनंदन शर्मा एवं चालक श्रवण कुमार का निधन हो गया और उनके अन्य साथी वाल्मीकि प्रसाद, बृजमोहन शर्मा, प्रो. मुद्रिका प्रसाद नायक और श्रीकांत शर्मा पूरी तरह घायल हो गए थे। रामनंदन शर्मा की शहादत के उपरांत केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग का आंदोलन जन आंदोलन का रूप ले लिया और सरकार को आम जनों की मांग के आगे झुकना पड़ा एवं दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना गया की धरती पर हुआ। यह स्थापना रामनंदन शर्मा की शहादत की देन है। इस अवसर पर उनके पुत्र नरेंद्र कुमार उर्फ गुड्डु, नीरज कुमार उर्फ लड्डू, जागरूक यादव, प्रो. मुद्रिका प्रसाद नायक, राम लखन भगत, श्री निवास शर्मा, मिथिलेश सिंह, सरजू पासवान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

संपादकीय

# सहकारी क्षेत्र के लिए नई उम्मीद

केन्द्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह ने देश में सहकारिता आंदोलन को बढ़ावा देने के लिए जिन नए उपायों की घोषणा की है, अगर उन पर ईमानदारी से अमल हो तो यह मान्यता साकार हो सकती है कि सहकारिता भावी 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में बड़ी भागीदार होगी। संसद की सहकारिता परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री अमित शाह ने कहा कि अब किसान सहकारिता समितियां एयर टिकट बुकिंग कर सकेंगी, देश में सहकारी संस्थाओं के माध्यम से टैक्सी सेवा भी संचालित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि को आपरेटिव सेक्टर को भी कॉर्पोरेट सेक्टर के समान अवसर उपलब्ध कराए जाएं। गौरतलब है कि वर्ष 2025 दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उद्देश्य यही है कि सरकारी, निजी और कारपोरेट क्षेत्र से इतर इस सहकारी क्षेत्र को भी पर्याप्त दिया जाए। 2019 में पहली बार मोदी सरकार ने केन्द्र में सहकारिता के लिए अलग से मंत्रालय स्थापित कर इसका जिम्मा अमित शाह को सौंपा था। इसके पहले को-ऑपरेटिव सेक्टर मुख्य रूप से राज्यों की सूची में ही था। वैसे यह भी आश्चर्यजनक ही है कि इतने बड़े सेक्टर को केवल राज्यों के भरोसे छोड़ दिया गया। केन्द्र में यह विभाग शुरू होने के बाद से सरकार ने को-ऑपरेटिव सेक्टर को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयास किए हैं। इस साल केन्द्रीय बजट में सहकारिता के लिए 1186 करोड़ का प्रावधान किया गया है। अहमदाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता का भविष्य उज्ज्वल है। इस मंत्रालय ने गठन के बाद से सहकारिता को प्रोत्साहित करने 60 से अधिक पहलें शुरू की गई हैं। हमने पांच वर्षों में दो लाख प्राथमिक सहकारी समितियों का पंजीकरण सुनिश्चित किया है। इसमें सेवा सहकारी समितियां और प्राथमिक दूध उत्पादक सहकारी समितियां शामिल हैं, जो सहकारी आंदोलन की नींव हैं। सहकारी समितियों के संविधान में अनेक आदर्श उपनियम बनाकर उन्हें अनेक नए कार्यों से जोड़ा गया है। शाह ने कहा कि ऐसी सहकारी समितियां सस्ती दवा की दुकान भी खोल सकती हैं और पेट्रोल पंप तथा गैस वितरण सेवाओं के लिए उन्हें कोटा दिया गया है। 'वे गोदाम भी बना सकते हैं और जलापूर्ति भी कर सकती हैं। पिछले दिनो सरकार ने सभी सहकारी संस्थाओं को लेन-देन भी सहकारी बैंकों के जरिए करने का आदेश दिया है। बेशक भारत में सहकारी क्षेत्र में कई नामी संस्थाएं चल रही हैं। उदाहरण के लिए अमूल, इफ्कोह, लिज्जत पापड़, प्रतिभा महिला सहकारी बैंक, इंडियन कॉफी हाउस आदि। इनमें से कुछ ने तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति और प्रतिष्ठा अर्जित की है। देश में बहुत सारी को-ऑपरेटिव बैंकें और सहकारी शकर कारखाने भी हैं। लेकिन ज्यादातर पेशेवर प्रबंधन की कमी है। ये ज्यादातर राजनेताओं के पुनर्वास और सियासत के अड्डे बन चुके हैं। महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों को छोड़ दिया जाए तो ज्यादातर सहकारी संस्थाएं भारी घाटे में और कुप्रबंध का शिकार हैं। आरबीआई ने बीते एक दशक में जिन बैंकों पर ताला डाला है, उनमें से अधिकांश सहकारी बैंके ही हैं। चूंकि सहकारी संस्थाओं के सदस्य ही उसके मालिक होते हैं, ऐसे में संस्था का फायदा सदस्यों को मिलता है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि सहकारी संस्थाएं पेशेवर ढंग से संचालित हों। अमूल की कामयाबी का राज यही है कि सहकारी होने के बाद भी उसका प्रबंधन और संचालन पेशेवर हाथों में है। मंत्री अमित शाह द्वारा सहकारी पेशेवर तैयार करने के लिए त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय खोलने का फैसला सही दिशा में उठाया गया कदम है। अच्छे सहकारिता प्रबंधक इस क्षेत्र को नई ऊंचाई तक ले जा सकते हैं।

# प्रश्नांकित भारतीय न्याय-तंत्र

**भारत में न्याय की देवी तराजू लेकर खड़ी रहती थी। उसके आँख पर पट्टी बंधी होती थी। अब भारत सरकार ने नए भारत में न्याय की देवि के आँख से पट्टी कुछ समय पहले ही हटा दिया। यह एक सिम्बोलिक कार्यवाही थी। इसके पीछे धारणा थी कि न्याय की देवि की आँख अब खुली रहेगी और अब अब उसे न्यायालय में सबको न्याय मिलेगा। धारणा और अवधारणा के पीछे जो भी इतिहास हो, लेकिन जो वस्तुस्थिति आज है भारत की वह बहुत ही चिंताजनक है।**

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**



भारतीय न्याय-तंत्र में बैठे लोगों से ही अब भारत को डर है। नैतिकता को ताक पर रखकर भारत में न्याय देने वाले लोगों की बड़ी खेप आज चर्चा में है। दिल्ली के लुटियंस जोन में न्यायमूर्ति के घर पर आग लगती है। उसे बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की बैन आती है और जिस भाग में आग लगी होती है उसके बारे में जो खुलासे होते हैं, वे आश्चर्य में डालने वाले होते हैं। मीडिया में जिसे इस खबर के बारे में पता चला, भारतीय न्यायपालिका से उसका विश्वास टूट गया। कई बोरियों में गांधी बाबा के जलने की बात की गयी, इसका मतलब था कि उन बोरियों में भारतीय मुद्रा थी जिस पर गाँधी बाबा छपे होते हैं। कुछ अधजले नोट के जलने की बातें भी आयीं। जिस न्यायमूर्ति के घर पर आग लागी वह संयोग से उस दिन वहां नहीं थे। उन्हें जब पता चला तो उन्होंने इस पूरी खबर को ही उसी आश्चर्यजनक तरीके से देखा जैसे आमजन सुनकर महसूस किया। उन्होंने कहा कि उन्हें यह नहीं पता की बोरियों से भरे नोट कहाँ से आए।

इस कौतुक प्रश्न को सुनकर कोई भी हतप्रभ होगा। एक न्यायमूर्ति के अपने प्रोटोकॉल होते हैं। उनके आवास के आसपास बहुत सी सुरक्षा सुनिश्चित होती है। सीसीटीवी भी होते हैं। उनके घर के परिसर में चाहे वह जितना बड़ा हो, नोट की बोरियां आती हैं और यह किसी भी एजेंसी को पता नहीं चलता है। न्यायमूर्ति ने तो अपने बचाव में जो कहा वह आम बात है। कोई भी कह सकता है कि यह मेरी अनुपस्थिति में रची गयी मेरे खिलाफ साजिश है।

ऐसी घटनाएँ एक न्यायमूर्ति के लिए कितनी पीड़ादायक होगी, यदि वह वास्तव में इसमें शामिल नहीं होगा। लेकिन उसे शर्म नहीं आए तो भी ठीक नहीं क्योंकि यह वह न्याय का देवता है जो सबको न्याय देता रहा है, दे रहा है और देगा, जिसे इस बात का पता नहीं है की उसे फंसाया गया है और वह फंस गया है और वह अब लोगों द्वारा प्रश्नांकित हो रहा है। यह सब तो एक घटना और घटना की निरंतरता है लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश की जो इसमें कार्रवाई है, उसे भी अब प्रेक्षक संदेह की निगाह से देख रहे हैं। यह सभी कह रहे हैं कि जीरो एफआईआर क्यों नहीं हुआ? न्यायमूर्ति महोदय को स्थानांतरित ही क्यों किया गया, उन्हें सस्पेंड क्यों नहीं किया गया? कोलेजियम ने न्यायमूर्ति को तीन जजों की कमेटी बनाकर जैसे बयान अभी तक आए, यदि वैसी ही स्थितियां भी रहीं तो सबूत के अभाव में कुछ दिनों बाद उन्हें बरी कर दिया जाएगा। यह ऐसे प्रश्न हैं जो आमजन को इस घटना के बाद प्रकट हुए हैं और सभी यह सोच विचार में हैं कि यदि भारत का न्याय तंत्र इस प्रकार की बड़ी से बड़ी घटनाएँ करने के बाद अपना बचाव कर लेगा तो हमारे न्याय की गुंजाइश ही कहाँ बचती है क्योंकि बात यह भी आई है कि अधिवक्ता संघ के प्रयागराज के अध्यक्ष ने कहा है कि हमारे यहाँ दागदार व्यक्ति को क्यों स्थानांतरित किया गया जबकि उनके घर से 15 करोड़ की नोट बोरियों में मिले हैं। क्या इलाहबाद हाईकोर्ट डस्टबिन है कि वहां किसी को भी डाल दिया जायेगा जबकि वह दागदार है।

भ्रष्टाचार की जड़ें कहीं भी जा सकती हैं। यदि न्यायतंत्र में भ्रष्टाचार की जड़ें शिष्टाचार के रूप में अपना अस्तित्व बना लेंगी तो सोचिए कि यह भारत कैसे विकसित राष्ट्र बनेगा और कैसे आदर्श राज्य के रूप में अपनी पहचान विश्व में बना पाएगा। पिछले एक दशक में मुख्य न्यायधीश के खिलाफ जो आरोप लगे जिसमें एक जस्टिस का नाम सुर्ख़ियों में रहा और उन्हें बाद में राज्यसभा में भी सदस्य बनाया गया। उनके केस का अध्ययन करें तो यह पता चलता है कि उन्होंने खुद को न्याय दे दिया और सब कुछ से स्वयं को बरी कर दिया। अब भारत में ऐसी न्याय व्यवस्था से तो घिन्न आती है। जब वह खुद न्यायालय व खुद न्यायाधीश हैं तो उन्हें फिर कौन दोषी ठहरा सकेगा। कम से कम न्याय का सिद्धांत यह नहीं है और नैतिकता भी नहीं है। हाल ही में इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक न्यायधीश ने स्त्रियों को लेकर जो बयान दिया है, उसे आज स्त्री विमर्श में बौद्धिक विमर्श करने वाले लोग मुखरित होकर सड़कों पर नहीं निकले, यह कितनी हास्यास्पद बात है। मीडिया ने भले इस पर कुछ चर्चाएँ कर लीं।

यह भारत का एक पतनशील न्याय-व्यवस्था का काल है, यदि ऐसे विचार, बर्ताव, आचरण और व्यवस्थाओं को प्रश्रय मिल रहा है। सर्वोच्च न्यायलय के मुख्य न्याधीश को कम से कम यह चाहिए कि वह भारतीय न्यायपालिका की साख को बनाएं, बचाएं और कुछ अपने ही कोलिजियम से आये न्यायमूर्तियों के ऊपर कड़ी कार्यवाही भी करनी पड़े तो करें। आखिर किसे बचाने का प्रयास हो रहा है और क्या किसी जज को बचा लेने से जनता के बीच आज की न्याय-व्यवस्था के प्रति बन रही ग्रंथि को भी वे मिटा सकेंगे? हमारा देश चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य के न्याय नीति को स्वीकार करता रहा है। यहाँ राजा हरिश्चंद्र ने न्याय व त्याग को लोग स्मरण करते हैं। यह बात सही है कि आज़ाद भारत के बाद आज तक न्याय के लिए कोई मुख्य न्यायधीश कोई प्रसिद्धि नहीं प्राप्त कर सका क्योंकि वास्तव में आज तक की 75 वर्ष से पुरानी हमारी न्यापालिका ने कुछ ऐसा ऐतिहासिक कार्य नहीं किया जिससे सम्पूर्ण देश उसे स्मरण करे। यह न्यायपालिका पर भी प्रश्न है कि उसने आखिर आजतक क्यों कोई अपनी अमिट पहचान नहीं बना सकी। यदि हमारे न्यायधीश पक्षपात से बचें और न्याय को ही अपने जीवन का उद्देश्य बनायें, भ्रष्टाचार से दूरी बनायें और जो भी बोलें वह गरिमामय हो तो निश्चय ही देश के लोग आज न्यायपालिका को सबसे ज्यादा महत्व देते। दुखद तो यह है कि हिंदुस्तान में इतने केस लंबित हैं। इससे न्यापालिका ने सबसे ज्यादा अपना विश्वास खो दिया। न्यायपालिका ने स्वतः संज्ञान भी तो भरपूर नहीं लिया। सुओ-मोटो से भी देश की अनेक समस्याएं न्यायपालिका व न्यायमूर्ति लोग ख़त्म कर सकते थे। लेकिन उन्हें संभवतः स्यां के बारे में सोचने से फुर्सत ही नहीं है। वे देश के बारे में सोचना शायद कम किए, उसी का नतीजा है कि अनेक समस्याएं हमारे देश में अपनी जड़ें जमा चुकी हैं और वे मिटने का नाम नहीं ले रही हैं। यह भारत का दुर्भाग्य है। हमारे देश के लिए हानिप्रद है। भारत को नए प्रकार से सृजित करना है तो निश्चय ही हमारी न्याय-प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन वैचारिक व संवेदना के स्तर पर लाने की आवश्यकता है। आवश्यकता इस बात की है कि एक बार देश का न्याय तंत्र देश की जनता का विश्वास जीत ले।

अध्यात्म

## अच्छे व्यवहार से बुरे लोगों का भी स्वभाव बदल सकता है

अच्छे व्यवहार से बुरे लोगों का भी स्वभाव बदल सकता है। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार पुराने समय में एक संत गांव से बाहर छोटी सी कुटिया में रहते थे। गांव के लोग संत के पास अपनी समस्याएं लेकर जाते और संत उनका हल बता देते थे। सभी उनका बहुत सम्मान करते थे। गांवों के दिए दान से उनका जीवन यापन चल रहा था। कभी-कभी गांव के लोग उन्हें मूल्यवान चीजें भी उपहार में देते थे। एक चोर ने संत के बारे में सुना तो उसने सोचा कि संत के यहां चोरी करनी चाहिए, वहां बहुत सामान मिल सकता है। एक रात चोर अपनी योजना के अनुसार संत के आश्रम में पहुंच गया, उस समय संत सो रहे थे। चोर संत के कमरे से कीमती सामान चुराने लगा, सामान की आवाज होने लगी, तो संत की नींद खुल गई। संत ने चोर को देख लिया, लेकिन वे लेटे रहे। चोर को चोरी करने से रोका नहीं। चोर ने सोचा कि उसे कोई देख नहीं रहा है। उसने पूरे कमरे का सामान एक जगह रखा और बड़े कपड़े में बांधकर गठरी बना ली। सामान का वजन ज्यादा हो गया था। इस वजह से वह गठरी उठा नहीं पा रहा था। तब संत ने कहा कि भाई ये सब सामान मेरे किसी काम का नहीं है, तू डर मत, आराम से ये सामान ले जा। मैं गठरी उठाने में तेरी मदद कर देता हूं। ये सुनकर चोर हैरान हो गया, लेकिन वह कुछ बोला नहीं। वहीं खड़ा रहा। संत उठे और उन्होंने गठरी उठाने में चोर की मदद की। चोर सारा सामान लेकर अपने घर पहुंचा और पूरी बात अपनी पत्नी को बता दी। पत्नी ने उससे कहा कि आपने ये क्या अनर्थ कर दिया। एक भोले-भाले संत के यहां चोरी की। ये तो महापाप हो गया है। आप अभी जाकर ये सारा संत को वापस देकर आओ। पत्नी की बातें सुनकर चोर को भी पछतावा हुआ। वह तुरंत ही आश्रम गया और सारा सामान संत को लौटा दिया और क्षमा याचना की। संत ने उसे क्षमा कर दिया। इसके बाद उस व्यक्ति ने चोरी न करने का संकल्प ले लिया और वहीं आश्रम में रहकर सेवा करने लगा। संत की अच्छे आचरण की वजह से एक चोर का हृदय परिवर्तन हो गया। इस छोटी सी कथा की सीख यह है कि बुरे स्वभाव वाले व्यक्ति का भी मन बदल सकता है। अच्छाई से ही बुराई खत्म होती है।

# नागपुर हिंसा के पीछे की सोच को समझना होगा

**विचार करने वाली बात है कि पूरे देश में जगह-जगह इस तरह की हिंसा के पैटर्न क्यों पैदा हो रहे हैं? इतने ईंट, पत्थर, पेट्रोल बम आदि तत्काल पैदा नहीं हो सकते। इसकी पूरी तैयारी करनी होती है। हाल में महू, संभल से लेकर नागपुर तक मोटा- मोटी एक ही तरह का पैटर्न देखा जिसमें हमलावर पूरी तरह तैयार थे तथा सबके पास हमले की पर्याप्त सामग्रियां थीं। कोई औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग कर रहा है तो उससे इतनी संख्या में किसी समुदाय के लोगों के अंदर गुस्सा क्यों पैदा हो गई? औरंगजेब जैसे आततायी, धर्मांध, बुरे शासक के लिए उसकी मृत्यु के 300 से ज्यादा वर्षों बाद इतने लोगों के अंदर उसे अपना या इस्लाम का आदर्श मानने की इतनी संवेगी भावना कि मरने - मारने को उतारू हो जाएं कैसे पैदा हो गई?**

**अवधेश कुमार**

नागपुर के दृश्य निस्संदेह फिर देश को भयभीत कर रहे हैं। 33 से ज्यादा पुलिसकर्मियों का घायल होना, भारी संख्या में वाहनों की तोड़फोड़ या जलाना, जगह-जगह घरों और दुकानों का क्षतिग्रस्त होना बताता है कि हमले सुनियोजित थे। विधानसभा में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बयान भी दिया कि यह सुनियोजित हमला लगता है। नागपुर पुलिस की प्राथमिकी, अभी तक की छानबीन तथा हिंसा के पैटर्न बताते हैं कि यह त्वरित उत्तेजना और गुस्से की परिणति नहीं थी। तत्काल किसी मुद्दे,विषय या बयान से उत्तेजना हो तो छिटपुट समूह निकलकर हल्की-फुल्की हिंसा कर सकता है। वीडियो फुटेज में हमलावर चेहरे ढंके हुए हैं,नकाबपोश हैं, कई के पत्थरबाजी, तोड़फोड़ करते समय चेहरे से नकाब उतार रहे हैं, फिर वे लगा रहे हैं। पेट्रोल बम तक चले। इतने व्यापक क्षेत्र में बगैर पूर्व योजना और षड्यंत्र के वैसी हिंसा संभव नहीं। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक 13 प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है तथा 100 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी भी।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने 17 मार्च को औरंगजेब की कब्र हटाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया और छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर प्रतीकात्मक पुतला जलाया। माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी के शहर अध्यक्ष फ़हीम अहमद लगभग 50-60 लोगों को लेकर गणेशपेठ पुलिस थाना पहुंचा और लिखित शिकायत दर्ज कराई कि हरे कपड़े पर पवित्र कुरान की आयत लिखकर जलाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाई गई कि पवित्र कुरान की आयतें जलाई गई है, लोगों के घर से निकलने की अपील की गई। सोशल मीडिया पर झूठ फैलाया गया कि हिंसा में दो लोगों की मृत्यु हो गई है। एक सोशल मीडिया अकाउंट बांग्लादेश से मिला है जिसमें लिखा गया कि यह छोटा दंगा था, इससे बड़ा दंगा आगे होगा। फहीम खान थाने से आकर 400-500 लोगों, जिनके हाथों में हथियार थे को लेकर छत्रपति शिवाजी महाराज चौक यानी धरना स्थल पर पहुंच गया। पुलिस द्वारा भीड़ से वापस जाने के आग्रह को अनसुना करते हुए भड़काऊ और उकसाऊ नारे लगे। आप सोचिए, अगर कुछ निहत्थे लोग मांगों के लिए प्रदर्शन कर रहे हों, पुतले जल रहे हों और वहां कुल्हाड़ियों,पत्थरों, लाठी, रोड और अन्य ऐसी सामग्रियां लेकर 400-500 लोग लहराने लगें तथा दृश्य ऐसे हों मानो टूट पड़ने वाले हैं तो लोगों की कैसी मनोदशा होगी। इसी दौरान भालदारपुरा में पुलिस पर पत्थरों से हमले की भी घटना हुई। सबसे शर्मनाक अंधेरे का लाभ उठाकर महिला पुलिस के साथ छेड़खानी और दुर्व्यवहार था। गीतांजलि चौक पर भीड़ ने पुलिस वाहनों पर पेट्रोल बम से हमला किया और पुलिस के दो वाहनों में आग लगा दी। गंजीपुरा में फ्लाईओवर निर्माण के लिए खड़ी दो क्रेन को पेट्रोल बम से आग लगा दी गई। ड्यूटी पर मौजूद पुलिस अधिकारियों पर पत्थरों और घातक हथियारों से हमलाकर घायल कर दिया गया। बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग आक्रामक तेवर और तैयारी में महल, कोतवाली, गणेशपेठ और चिटनिस पार्क समेत शहर के विभिन्न इलाकों में हिंसा करने लगे।

नागपुर के सीए रोड, भालदारपुरा, गंजी पेठ, हंसापुरी, गांधी बाग, चिटनवीस पार्क, आदि क्षेत्र में ज्यादातर दुकानें पुराने मोटरसाइकिल एवं ऑटो स्पेयर पार्ट्स की हैं। सभी दुकानें मुस्लिम समुदाय की है। सोमवार को दुकानें सुबह से ही बंद रखी गई थी। क्यों? मोबिनपुरा में 150 गाड़िया इन्हीं लोगों की खड़ी रहती थी, वहां एक भी गाड़ी नहीं थी। क्यों? शाम की हिंसा में केवल हिंदू घर एवं दुकान ही निशाना बने। नागपुर के डीसीपी निकेतन कदम पत्थरबाजी की घटना में घायल हुए। उनका वक्तव्य देखिए, ''जिस तरह से हर तरफ से पत्थरबाजी हुई, उसमें कई अधिकारी घायल हो गए। एक घर में कुछ लोग छिपकर पत्थरबाजी कर रहे थे। टीम वहां गई तो दूसरी ओर से 100 से ज्यादा लोगों की भीड़ आई। मैंने उन्हें रोकने की कोशिश की तो एक ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कई छतों से पत्थर फेंके जा रहे थे। पत्थर छत पर कैसे पहुंचे, कुछ तो प्लानिंग थी।' भीड़ उन्मादित और कुछ भी करने पर उतारू थी तो कारण सामान्य नहीं हो सकता। पुलिस वालों से मोर्चाबंदी कर रहे हैं, घायल कर रहे हैं तो इसका गहराई से विश्लेषण करना होगा।

ऐसी घटना को हम सामान्य राजनीतिक और दलीय चश्मे से देखेंगे तो भविष्य में होने वाले भयावह परिणामों के भागीदार बनेंगे। सच को सच के रूप में समझ कर स्पष्ट न बोला जाए तो परिणाम सतत भयावह से भयावहतम की ओर बढ़ेंगे। सामान्य सामाजिक व्यवहार की दृष्टि से देखें तो इस हिंसा का कोई कारण नहीं था। कोई समूह किसी विषय पर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहा है तो उसे मजहब विरोधी कार्रवाई मानकर हमले की व्याख्या कैसे की जाएगी? साफ है कि ऐसा कुछ जलाया ही नहीं गया जिसका प्रचार किया गया। असदुद्दीन ओवैसी ने बयान दिया कि हरे कपड़े पर पवित्र पाक कुरान शरीफ की आयतें लिखकर जलाई गई है। इस तरह के अफवाह फैलाने वाले कौन हो सकते हैं? भारी संख्या में सोशल मीडिया अकाउंट बंद किए गए हैं और उनके आधार पर लोगों की गिरफ्तारियां हुई है। मानकर चलना चाहिए कि प्रदेश सरकार या अगर जांच केंद्रीय एजेंसी को दी जाती है तो केंद्र दोषियों को अंतिम सीमा तक दंड दिलाएगा। केवल दंड दिलाने से ऐसी समस्याओं का निदान नहीं हो सकता।

विचार करने वाली बात है कि पूरे देश में जगह-जगह इस तरह की हिंसा के पैटर्न क्यों पैदा हो रहे हैं? इतने ईंट, पत्थर , पेट्रोल बम आदि तत्काल पैदा नहीं हो सकते। इसकी पूरी तैयारी करनी होती है। हाल में महू, संभल से लेकर नागपुर तक मोटा- मोटी एक ही तरह का पैटर्न देखा जिसमें हमलावर पूरी तरह तैयार थे तथा सबके पास हमले की पर्याप्त सामग्रियां थीं। कोई औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग कर रहा है तो उससे इतनी संख्या में किसी समुदाय के लोगों के अंदर गुस्सा क्यों पैदा हो गई? औरंगजेब जैसे आततायी, धर्मांध, बुरे शासक के लिए उसकी मृत्यु के 300 से ज्यादा वर्षों बाद इतने लोगों के अंदर उसे अपना या इस्लाम का आदर्श मानने की इतनी संवेगी भावना कि मरने - मारने को उतारू हो जाएं कैसे पैदा हो गई? पहले भी सोशल मीडिया पर औरंगजेब का महिमामंडन कर हिंसा फैलाने की कोशिश की गई है। केवल औरंगजेब नहीं, महमूद गजनवी और उसके भांजे सालार मसूद तक के प्रति इतना समर्थन कैसे कि उन पर प्रश्न उठाने के विरुद्ध खुलेआम बयानबाजी और हिंसा तक की घटनाएं हो रही हैं? क्या कल कोई नादिर शाह और अहमदशाह अब्दली को भी इस्लाम का ध्वजवाहक मानकर लड़ना शुरू कर देगा? कल्पना करिए कि कोई जनरल डायर , लॉर्ड क्लाइव आदि के पक्ष में खड़ा हो तो देश उसे किस दृष्टि से दिखेगा? यही दृष्टि औरंगजेब, महमूद गजनवी, सालार मसूद गाजी जैसों के प्रति क्यों नहीं पैदा होती? यह विचारधारा है जिसमें इस्लाम के नाम पर काफिरों या विरोधियों के विरुद्ध अत्याचार, पवित्रतम स्थलों को ध्वस्त कर इस्लामी ढांचा खड़ा करना सही माना जाता है। इस्लाम को उच्च तथा काफिरों या विरोधियों के साथ बुरे व्यवहार की विचारधारा को व्यापक स्वीकृति मिलती दिख रही है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आप काम को लेकर भागदौड़ में लगे रहेंगे और अपने बिजनेस की योजनाओं को आगे तक लेकर जाएंगे। संतान किसी नए कोर्स में दाखिला ले सकती हैं।

**वृषभ**

वृषभ राशि के जातक अपने शत्रुओं पर आसानी से विजय प्राप्त कर सकेंगे। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको छुटकारा मिलेगा।

**मिथुन**

परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलेगा। राजनीतिक में सामाजिक कार्यक्रमों में आपको जुड़ने का मौका मिलेगा। मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं।

**कर्क**

कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन ऊर्जावान रहने वाला है। आप यदि पार्टनरशिप में कोई काम करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा।

**सिंह**

सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। यदि आपकी कोई डील लंबे समय से अटकी हुई थी, तब वह भी फाइनल हो सकती है।

**कन्या**

कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन चिंताओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आप अपने भाइयों से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं।

**तुला**

तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन प्रॉपर्टी संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा।

**वृश्चिक**

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन सुख-साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। धार्मिक कार्य में आपका काफी रुचि रहेगी।

**धनु**

धनु राशि के जातकों को कुछ नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। आप अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों को आसानी से पूरा कर सकेंगे। तकनीकी क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों की समस्याएं बढ़ेंगी।

**मकर**

मकर राशि के जातकों की इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। आपको आर्थिक योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। परिवार में किसी सदस्य के विभाग में आ रही बाधा दूर होगी।

**कुंभ**

कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। वैवाहिक जीवन में आपको तालमेल बनकर चलने की आवश्यकता है।

**मीन**

आज का दिन खर्चा भरा रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। साझेदारी में यदि आप कोई व्यापार को कर रहे हैं, तो उसमें कोई गड़बड़ी होने की संभावना है।

# नगर पंचायत जगदीशपुर का 97.25 करोड़ का बजट पारित

## विकास योजनाओं को दी गई प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** नगर पंचायत (नपं) जगदीशपुर के सर्वांगीण विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 का 97 करोड़ 25 लाख रुपये का बजट शनिवार को पारित किया गया। यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में 4 करोड़ 63 लाख 70 हजार रुपये अधिक है। नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने बजट पेश किया, जबकि सत्र का संचालन कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने किया। बैठक में उप चेयरमैन धनुपरा देवी सहित सभी पार्षद उपस्थित रहे।




चेयरमैन यादव ने बताया कि इस बार नगर की अनुमानित आय 1 अरब 3 करोड़ रुपये होगी, जबकि 6 करोड़ 25 लाख रुपये की बचत रहने की उम्मीद है। बजट में कर्मचारियों के वेतन और पेंशन के लिए 5.51 करोड़ रुपये तथा संपत्ति कर वसूली का लक्ष्य 70 लाख रुपये तय किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसमें सभी वर्गों का विशेष ख्याल रखा गया है।

**स्वच्छता और हरियाली के लिए 51.31 करोड़ का प्रावधान**

नगर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के लिए 51 करोड़ 31 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इसमें सफाई, कचरा प्रबंधन, फॉगिंग, स्वच्छता अभियान, छठ व दिवाली पर विशेष सफाई, गर्मी में पेयजल सुविधा, सर्दियों में अलाव और अन्य कार्यों के लिए धनराशि रखी गई है।

**विभिन्न योजनाओं पर खर्च का ब्योरा**

- भूमिहीनों के लिए बहुमंजिला आवास : 10 करोड़ रुपये
- मार्केट कॉम्प्लेक्स : एक करोड़ रुपये
- युवाओं के लिए पुस्तकालय : 50 लाख रुपये
- वेंडर जोन : एक करोड़ रुपये
- वृद्धाश्रम : 1.50 करोड़ रुपये
- सड़क एवं नाला निर्माण : 21 करोड़ रुपये
- स्ट्रीट लाइट : दो करोड़ रुपये
- सफाई उपकरण व वाहन खरीद : 3.50 करोड़ रुपये

**नगर विकास हेतु 56.85 करोड़ का बजट**

नगर को बड़े शहरों की तरह विकसित करने के लिए 56 करोड़ 85 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। इस राशि से भूमिहीनों के लिए बहुमंजिला आवास, मार्केट कॉम्प्लेक्स, पुस्तकालय, वृद्धाश्रम, सामुदायिक भवन, शवदाह गृह, सड़क व पुल निर्माण, जल निकासी और सार्वजनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। बैठक में स्वच्छता पदाधिकारी अभिषेक आनंद, कनीय अभियंता रौशन कुमार, नाजीर गौतम, रवि कुमार गुप्ता सहित सभी पार्षद उपस्थित रहे। चेयरमैन ने कहा कि यह बजट नगर के विकास को गति देगा और सभी नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

## भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, चार जख्मी

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जमीन विवाद को लेकर नबीनगर थाना क्षेत्र मैगरा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें चार लोग जख्मी हो गए। मामला 28 मार्च के रात की हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा सभी जख्मियों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। तत्पश्चात आस पास के लोगों से पूछताछ उपरांत यह बात प्रकाश में आई कि गैर मजरूआ जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच पूर्व से ही विवाद चला आ रहा हैं तथा उक्त विवादित जमीन पर 28 मार्च को सूचक द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा था, जिसका विपक्षों द्वारा विरोध कर मारपीट किया गया। मामले में थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित व्यक्तियों के लिखित आवेदन के आधार प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई हैं। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है। कांड में नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध लगातार छापामारी की जा रही है जल्द ही गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली जाएगी।

## एक नजर

### चैता समारोह का उद्घाटन

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के पीरो के लहराबाद में आयोजित भव्य चैता समारोह में प्रद्युम्न परदेशी, व्यास रौशन व्यास और गायक पिंटू यादव के बीच एक शानदार मुकाबला हुआ। इसका उद्घाटन राजद नेता राजीव रंजन उर्फ पिंकु भैया ने किया। इस अवसर पर मनीष यादव, विनोद राय मंटू जी, मुन्ना मुखिय, दीपक, ऋत्तिक, मुन्ना, सोनू और अन्य उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने इंटरमीडिएट परीक्षा में बेहतरीन अंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय करियन की श्रीजा कुमारी ने 426 अंक, सचिन कुमार मिश्रा ने 419 अंक, अनामिका झा ने 434 अंक, निधि कुमारी ने 430 अंक, सीमा कुमारी ने 421 अंक, अंकित कुमार ने 430 अंक, ज्योति कुमारी ने 406 अंक, रामप्रवेश कुमार ने 420 अंक, कौशिक रंजन झा ने 420 अंक, सुमन लता ने 406 अंक, नंदनी कुमारी ने 400 अंक, प्रिंस कुमार ने 422 अंक, सुजीत कुमार यादव ने 405 अंक प्राप्त किए। इसी तरह करियन गांव निवासी काव्य कुमारी ने 450 अंक, उत्क्रमित हाई स्कूल जंदाहा के नवनीत कुमारी ने 468 अंक, उच्च विद्यालय रानी पड़ती के रिधे कुमार ने 446 अंक प्राप्त किये।

### त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी-सह-जिला दंडाधिकारी भोजपुर द्वारा ईद-उल-फितर, चैती छठ, रामनवमी के अवसर पर जिले में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की शुरुआत में डीएम ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों से उनके क्षेत्रों में आयोजित शांति समिति की बैठकों की स्थिति और विधि-व्यवस्था संधारण हेतु की गई तैयारियों की जानकारी ली। इसके बाद जिले के शांति समिति सदस्यों से उनके क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा उनके द्वारा दिए गए सुझावों को सुना गया। बैठक में प्रमुख रूप से विद्युत व्यवस्था, सड़क, साफ-सफाई, अग्निशमन वाहन, चिकित्सा दल एवं एंबुलेंस जैसी आवश्यक सेवाओं से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। डीएम ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे शांति समिति द्वारा उठाई गई समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में सिविल सर्जन भोजपुर, नगर आयुक्त भोजपुर, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (भवन, विद्युत, पीएचईडी), सभी कार्यपालक पदाधिकारी (नगर पंचायत एवं नगर परिषद), प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, शांति समिति के सदस्य एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### वार्षिक परीक्षा पास छात्रों को मिला प्रमाण पत्र

**ओबरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय महथू में प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार सिन्हा ने वर्ग एक से आठ तक के छात्रों को रिजल्ट घोषित होने के बाद प्रमाण पत्र दिया। साथ ही मेघावी छात्रों को पुरस्कृत किया। प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार सिन्हा ने कहा कि आप जितना मेहनत करेंगे। उतना और भी आगे परीक्षाफल घोषित होगा। विशेषकर आठवें वर्ग छात्रों के सम्मान मे समारोह आयोजित की। कहा कि छात्र ही देश के भविष्य है। आप सभी आगे की पढ़ाई करेंगे। विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र लेने के बाद नवम वर्ग मे नामांकन कराए और खूब मन लगा के पढ़े, ताकि वहां के शिक्षक को विश्वाश हो जाएगी। वहां के छात्र वास्तव मे तेज है। सभी शिक्षकों के साथ प्रधानाध्यापक ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की कामना की, और छात्रों को सम्मान मे समारोह आयोजित कर छात्रों को पुरस्कृत किया।

## रफीगंज से लापता किशोर का नहीं मिल रहा सुराग

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के राजा बिगहा निवासी अनिल चौहान के 16 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार बिगत 5 मार्च 2025 से लापता है। अनिल चौहान ने बताया कि इस संबंध में 17 मार्च 2025 को आवेदन थाना में दिया था, लेकिन शनिवार को 25 दिन बीत जाने के बाद भी कुछ पता नहीं चल पा रहा है। उन्होंने बताया कि मेरा पुत्र दीपक कुमार 5 मार्च को अपने छोटे भाई अंकित कुमार को सुबह 7 बजे बोलकर निकला की चाय पीने घर के बहार दुकान के पास जा रहे हैं लेकिन अभी तक नहीं लौटा। रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं परिजनों ने 6388190545 मोबाइल नंबर जारी कर स्थानीय लोगों से जानकारी मिलने पर जानकारी देने की अपील की है।

## विद्यालयों में हर्षोल्लास के साथ वार्षिक परीक्षाफल का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर (भोजपुर)।** बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, शिक्षा विभाग बिहार के निर्देशानुसार प्रारंभिक विद्यालयों में वार्षिक मूल्यांकन 2025 के परीक्षाफल का प्रकाशन शनिवार को हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालयों में उत्सवी माहौल देखने को मिला। छात्र-छात्राओं को उनके अभिभावकों की उपस्थिति में प्रगति पत्र सौंपे गए, जिससे वे बेहद उत्साहित नजर आए। विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक राजाराम सिंह 'प्रियदर्शी' ने इस अवसर पर कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और शिक्षक राष्ट्र निर्माता। दोनों के समर्पित प्रयासों से ही एक आदर्श समाज और विकसित देश का निर्माण संभव है।



**इन विद्यार्थियों ने किया शीर्ष स्थान प्राप्त**

प्राथमिक कक्षाओं में विभिन्न विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रथम स्थान प्राप्त किया: प्रथम कक्षा : रितिक रौशन, द्वितीय कक्षा : रेशमा परवीन, तृतीय कक्षा : प्रियंका कुमारी, चतुर्थ कक्षा : कंचन कुमारी, पंचम कक्षा : प्रीति कुमारी, षष्ठी कक्षा : सोनम कुमारी, सप्तम कक्षा : कुणाल कुमार, अष्टम कक्षा : संजना कुमारी, वहीं, उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षा में भी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। नवम कक्षा : अंशु कुमारी, ग्यारहवीं (आर्ट्स) : खुशी कुमारी, ग्यारहवीं (साइंस) : रितेश कुमार

**विद्यालय में शिक्षकों ने किया प्रगति पत्रक वितरण**

परीक्षाफल वितरण के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. दया शंकर प्रसाद एवं वर्ग शिक्षकों इंद्रजीत चौधरी, कुमारी सीमा, रोहित कुमार राहुल, कमाल अशरफ रिजवी, सुषमा गुप्ता, इमरान अहमद, सुमन कुमार, संजय कुमार राम, उषा कुमारी, रजिया खातून ने छात्रों को प्रगति पत्र सौंपे।

इस अवसर पर विद्यालय के अन्य शिक्षकगण कुमारी सुधा तिवारी, विनीता कुमारी, शालिनी, चंदन कुमार, रंजु नारायण सिंह, गोपाल जी, सुजीत कुमार, मंटू कुमार समेत दर्जनों अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन ने परीक्षाफल वितरण को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जिले में टॉप थ्री इंटर कॉमर्स की छात्राओं को मुखिया ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर (भोजपुर)।** प्रखंड के कुल्हड़िया गांव की प्रतिभाशाली छात्रा प्रिया कुमारी ने इंटरमीडिएट कॉमर्स परीक्षा में जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने गांव और परिवार का नाम रोशन किया है। उसने 500 में से 459 अंक हासिल किए हैं। छात्रा की इस सफलता पर गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शनिवार को कुल्हड़िया पंचायत के मुखिया विनय प्रताप सिंह ने उसे प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, छात्रा ने अपनी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की है, जो सराहनीय है। इससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। प्रिया कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और दादी को दिया। उसने आगे बीपीएससी की तैयारी करने की इच्छा जताई। सम्मान समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। उन्होंने छात्रा की उपलब्धि को पूरे जिले के लिए गर्व की बात बताया और कहा कि इससे अन्य छात्र-छात्राओं को भी कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी।

## कोइलवर में बड़ी कार्रवाई : पुलिस ने बरामद किए दो रायफल और 123 कारतूस, तीन नामजद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर (भोजपुर)।** भोजपुर पुलिस और कोइलवर थाना टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कोइलवर थाना क्षेत्र के महुईचक सोन नद बालू घाट के पास मकई के खेत से दो देशी रायफल, 123 जिंदा कारतूस और 38 मिसफायर कारतूस बरामद किए हैं।

भोजपुर एसपी मिस्टर राज ने बताया कि 28 मार्च 2025 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कोइलवर थाना क्षेत्र के महादेवचक सेमरिया गांव से महुईचक सोन नद बालू घाट जाने वाले रास्ते में कुछ लोग हथियारों के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही कोइलवर थाना पुलिस, सशस्त्र बल और थानाध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चिन्हित स्थल पर छापेमारी की।

**मकई के खेत में छुपाए गए थे हथियार**

छापेमारी के दौरान पुलिस ने खेत में छुपाकर रखे गए दो देशी रायफल, 123 जिंदा कारतूस और 38 मिसफायर कारतूस बरामद किए। इस मामले में कोइलवर थाना कांड संख्या 86/25 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25 (1-बी) ए/26/35 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**तीन नामजद, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी**

पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को नामजद किया है, जिनमें कोइलवर थाना क्षेत्र के महादेवचक सेमरिया निवासी स्व. पूजन राय के पुत्र अखिलेश राय, मेघनाथ बिंद के पुत्र योगेंद्र बिंद और बड़हरा थाना क्षेत्र के नेकनामटोला निवासी स्व. रामायण राय के पुत्र राम प्रसाद राय शामिल हैं। एसपी ने बताया कि अखिलेश राय और राम प्रसाद राय पर पहले से अवैध बालू खनन समेत कई अन्य मामले दर्ज हैं।

**खेत मालिक पर भी मामला दर्ज**

जिस खेत से हथियार बरामद हुए, उसके मालिक पर भी मामला दर्ज किया गया है। पुलिस तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मैट्रिक 2025 की परीक्षा में रेस-30 का शानदार प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** विगत 15 वर्षों से लगातार जगदीशपुर में रेस क्लासेस के रेस-30 बैच के सभी 30 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण होते आ रहें हैं। इस बार भी रेस-30 बैच के सभी छात्र एवं छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण किया है। जिसमें जगदीशपुर की सूफिया ने 436, बिशनटोला के रहने वाले कामेश्वर पांडेय के पुत्र तेजस्वी मनी ने 403 अंक लाकर जगदीशपुर का नाम रौशन किया। इन लोगो ने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता तथा शिक्षक गुलाम सर, धनजी सर एवं उनकी टीम को दिया। विद्यार्थियों के परिणाम में सूफिया ने-436, तेजस्वी ने -403, हिमांशु कुमार मिश्रा -399 सुनील कुमार-366 तथा कार्तिक कुमार ने 360 अंक प्राप्त किये। सभी ने बताया की पूरे जगदीशपुर अनुमंडल में रेस क्लासेस एक मात्र ऐसा कोचिंग संस्थान है जहां छात्र एवं छात्राओं को अच्छी पढ़ाई दी जाती है तथा समय पर सारे कोर्स का समापन किया जाता है। रेस क्लासेस के एकेडमिक डायरेक्टर गुलाम सर एवं संस्कृत शिक्षक धनजी सर द्वारा सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।




## विजय शंकर सिंह हत्याकांड के फरार आरोपित का घर पुलिस ने किया कुर्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा/भोजपुर।** कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के उदयभानपुर निवासी विजय शंकर सिंह हत्याकांड के फरार आरोपी राजन सिंह के घर पुलिस ने कुर्की जब्ती किया है। पुलिस ने भारी संख्या में पुलिस बलों के साथ आरोपी के घर जमकर कुर्की जब्ती की है। पूर्व में कृष्णागढ़ थानाध्यक्ष पवन कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ धोबहा थाना क्षेत्र के कड़ारी गांव निवासी विजय महतो के पुत्र डिम्पल महतो और अम्मा गांव निवासी भोला सिंह के पुत्र राजन सिंह के घर इश्तेहार चस्पाया गया था। तब वह फरार चल रहा है। गौरतलब हो कि उदयभानपुर निवासी 32 वर्षीय विजय शंकर सिंह को 22 दिसम्बर 2024 की रात 10:30 बजे रात में पैक्स अध्यक्ष के द्वार पर सोए अवस्था में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जिससे उनकी मौत घटना स्थल पर हो गई थी। मृतक विजय शंकर सिंह स्व रामानुज सिंह का पुत्र था। मृतक के बड़े भाई अशोक सिंह कृष्णागढ़ थाना में 10 लोगों को नामजद बना एफआईआर दर्ज कराया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र के डुमरा गांव निवासी बलवंत सिंह व भदेया निवासी चंदन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उस घटना के बाद उग्र ग्रामीणों ने अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए सरैया बाजार को 4 घंटा सड़क जाम कर दिया था। जाम की सूचना पर एसपी मिस्टर राज ने आरा सदर एसडीपीओ 2 रंजीत सिंह को भेजा था। अपराधियों के गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए थे। पुलिस अन्य नामजद आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुटी है।



## एक्सिस बैंक की तीसरी शाखा का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** शहर के धोबीघटवा मोड़ के समीप श्री हरि विष्णु पैलेस में एक्सिस बैंक की शाखा का शुभारंभ शनिवार को हुआ। मुख्य अतिथि कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन सतेंद्र नारायण सिंह ने फीता काटकर शाखा का उद्घाटन किया। मौके पर एक्सिस बैंक के क्लस्टर हेड भगवती कुमार, सर्कल नोडल ऑफिसर अभय कुमार, ऑपरेशन हेड प्रिय रंजन, कतीरा शाखा के प्रबंधक अशर काजी, जेल रोड शाखा प्रबंधक रितेश कुमार समेत अन्य मौजूद थे। वही संयुक्त रूप से अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर बैंक की नई शाखा का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन सतेंद्र नारायण सिंह ने उपस्थित बैंक के अधिकारियों को नई शाखा खोलने के लिए शुभकामना दिया। इस अवसर पर क्लस्टर हेड भगवती कुमार ने बताया कि आरा में तीसरी शाखा के खुलने से ग्राहकों को बहुत सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि आरा कलस्टर का यह 15वां ब्रांच और पूरे बिहार का 150 वाँ ब्रांच है। हमें हर्ष है कि एक्सिस बैंक हर जगह अपनी शाखा खोल रही है। इस क्रम में आरा शहर के जीरो माइल के समीप तीसरा ब्रांच का उद्घाटन आज हुआ है। आगे बताया कि हमारा लक्ष्य है की जमीनी स्तर पर गांव-गांव शहर के हर मोहल्ले तक हमारे ग्राहक हो और हम उन्हें अच्छी बैंकिंग दे सके। जनता के बीच हर सुविधाओं के साथ एक्सिस बैंक उपलब्ध हो। ग्राहकों को बेहतर सेवा देना हमारी प्राथमिकता है। वही एक्सिस बैंक के ऑपरेशन हेड जीरो माइल शाखा के प्रिय रंजन ने बताया कि ग्राहकों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देना हमारे बैंक का लक्ष्य है। जिसके लिए हम प्रयासरत रहेंगे। मौके पर नई शाखा की प्रियंका शानु, अपर्णा, सचिन तिवारी, सुमेर आलम समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बिहार बोर्ड द्वारा जारी दसवीं की परीक्षा में जहानाबाद जिले के तीन छात्रों ने टॉप टेन में बनाया स्थान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** शनिवार का दिन जहानाबाद जिले के लोगों के लिए खुशियों से भरा था। इस छोटे से जिले से बिहार बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं की परीक्षा में एक साथ तीन छात्रों ने टॉप टेन में जगह बनाकर अपनी प्रतिभा का परचम राज्य स्तर पर लहराया। हुलासगंज के सामान्य घर के शिक्षक पुत्र उत्कर्ष राज ने 485 अंकों के साथ राज्य स्तर पर पांचवां स्थान प्राप्त करने में सफल रहा तो वहीं, इसी प्रखंड क्षेत्र के मूरगांव उच्च विद्यालय का छात्र तथा निर्धन परिवार में जन्मा रामजी प्रसाद केशरी के बेटे उत्कर्ष प्रसाद केशरी ने राज्य स्तर पर आठवां स्थान हासिल किया। जहानाबाद के छात्रों के शानदार प्रदर्शन से पूरे जिले के लोग गदगद दिखे। शिक्षक पिता के पुत्र का आईएएस बनना है लक्ष्यः- हुलासगंज उच्च विद्यालय का छात्र तथा स्थानीय बाजार के निवासी उत्कर्ष राज के पिता विनोद कुमार जहानाबाद जिले के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरा में एक शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं तथा मां एक गृहिणी है। उत्कर्ष अपनी सफलता के पीछे विद्यालय के अनुशासित पढ़ाई, पिता के द्वारा नियमित शिक्षण एवं मार्गदर्शन मिलना तथा योजनाबद्ध तरीके से रोजाना 15 घंटे की कड़ी मेहनत को इस सफलता का कारण मानता है। उत्कर्ष की मां सुलेखा केसरी ने बताया कि वह देर रात तक पढ़ाई करता था और उसका सपना आईएएस बनकर समाज की सेवा करना है।



**ऑनलाइन कोचिंग से सफलता की कहानी**

इसी परीक्षा में उच्च विद्यालय ओकरी के छात्र आशुतोष कुमार ने 481 अंक प्राप्त कर राज्य में नौवां स्थान हासिल किया। आशुतोष के पिता एक मिस्त्री हैं। आशुतोष ने ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से यह सफलता पाई।

दोनों छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। लोग इनके घर पहुंचकर बधाई दे रहे हैं। उत्कर्ष राज ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया। वहीं उसके पिता विनोद कुमार ने कहा कि अच्छी शिक्षा और संस्कार ही बच्चों को आगे बढ़ने में मदद करता है।

बिहार बोर्ड द्वारा जारी दसवीं की परीक्षा परिणाम में कुल 123 छात्र/छात्राओं ने टॉप टेन में अपनी जगह बनाई है। वहीं टॉप टेन में जगह पाने वाले छात्र छात्राओं का प्राप्तांक 480 अंक से लेकर 489 अंक के बीच रहा है। जैसा कि ज्ञात हो पिछले कुछ वर्षों में हुलासगंज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने दसवीं की परीक्षा में राज्य स्तर पर अपना स्थान बनाया है। यहां के छात्रों ने पूर्व के वर्षों में भी टॉप पांच में अपना स्थान बनाया है।

## जहानाबाद में 1 अप्रैल से शुरू होगी गेहूं अधिप्राप्ति

**जहानाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में रबी विपणन मौसम, 2025-26 में किसानों से गेहूँ अधिप्राप्ति 01 अप्रैल से प्रारंभ हो जाएगी। गेहूं के खरीद के लिए सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,425 रू0 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी विपणन केंद्रों को सख्त निर्देश दिया है कि रबी विपणन मौसम, 2025-26 में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ गेहूँ क्रय करने के 48 घंटे के भीतर सुनिश्चित किया जाए। गेहूँ अधिप्राप्ति के लिए कृषि विभाग के पोर्टल पर या निबंधित किसान सहकारिता विभाग के पोर्टल https://esahkari.bihar.gov.in पर अपना आवेदन समर्पित कर आसानी से अपना बेंच सकते हैं। गेहूँ की खरीद पंचायत स्तर पर पैक्स अथवा प्रखण्ड स्तर पर व्यापार मंडल में किया जाएगा। साथ ही गेहूँ अधिप्राप्ति के लिए भारतीय खाद्य निगम द्वारा भी कुछ अतिरिक्त केन्द्र खोले गए हैं। हालाकि गेहूं अधिप्राप्ति के लिए कितने मीट्रिक टन का लक्ष्य जिला को दिया गया है यह अभी तक स्पष्ट नहीं किया गया है।

# शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं ईद : जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी/फ़ेनहारा/पिपराकोठी( पूर्वी चम्पारण)।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात की संयुक्त अध्यक्षता में ईद को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम शांति समिति के सदस्य गण का स्वागत किया गया तत्पश्चात ईद पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर विभिन्न समितियों के द्वारा की गई तैयारी की जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि हमेशा की तरह संपूर्ण जिला वासी गंगा जमुनी तहजीब का बेहतरीन उदाहरण पेश करते हुए पर्व को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न करेंगे जिला स्तर पर 24 घंटा जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा। यह नियंत्रण कक्ष 06252-242418 पर कार्यरत रहेगा। इसके लिए तीन शिफ्ट में पदाधिकारी एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है वही पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस विभाग की साइबर टीम सक्रिय हो गई है एवं पल-पल सोशल मीडिया पर नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि अगर कहीं से कोई पोस्ट जो संदिग्ध है अथवा जानबूझकर के प्रसारित किया गया है तो उसको प्रसारित करने वाले बचेंगे नहीं और उन पर विधि सम्मत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि सादे लिबास में पुलिस बल के जवान सभी संवेदनशील स्थलों पर मौजूद रहेंगे जो हर एक चीजों पर नजर रखेंगे वही सभी प्रखंडों के बीडीओ, सीओ एवं थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि आपस मे समन्वय बनाकर लगातार सभी संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कर स्थिति पर कड़ी नजर रखेंगे। मौके पर नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव, अपर समाहर्ता मुकेश सिन्हा, एडीएम पीजीआरओ, सदर एसडीओ, पुलिस उपाधीक्षक, सिविल सर्जन, जिलाधिकारी के विशेष कार्य पदाधिकारी,उप महापौर नगर निगम एवं शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित थे वही छतौनी थाना परिसर में एसडीएम श्वेता भारती के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक की गयी। इस बावत चप्पे चप्पे में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व जवान की तैनाती रहेगी। वहीं इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने लोगों से इस पर्व को शांति पूर्ण माहौल संपन्न कराने की अपील की और उपस्थित लोगों ने इसमें भरपूर सहयोग करने का भरोसा दिलाया। मौके पर समाज सेवी हरि सिंह, डा. मो. जलालुद्दीन, अब्दुल कलाम, लालबाबू यादव, मो. खुर्शीद अजीज सहित बडी संख्या में दोनों समुदाय के लोग मौजूद थे वही फेनहारा से हमारे संवाददाता के अनुसार, प्रखड आईबी भवन में फेंनहारा में ईद एवं रामनवमी के मद्देनजर शान्ति समिति की बैठक अनुमंडल आरक्षी उपाधीक्षक मोहिबुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में शनिवार को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ईद के रोज संभावित भीड़ भार वाले स्थल को चिन्हित किया गया। वही रामनवमी जुलूस के रोज हथियारों के प्रदर्शन पर पूरी तरह प्रतिबंधित करने की जानकारी साझा किया। उन्होंने लोगो से किसी विवाद की स्थिति में स्वम न उलझते हुए पुलिस को अविलंब सूचित करने अपील की। मौके पर इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिन्हा अंचलाधिकारी मनीषा कुमारी थानाध्यक्ष सानू गौरव आदि ने अपने विचारों को जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओ से साझा किया।

# जहानाबाद में 12 सहायक उर्दू अनुवादकों को मिला नियुक्ति पत्र





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय ने शनिवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में 12 चयनित सहायक उर्दू अनुवादकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने सभी को ईद-उल-फितर की शुभकामनाएं भी दीं। जिला पदाधिकारी ने बताया कि मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार उर्दू निदेशालय द्वारा चयनित सभी 12 सहायक उर्दू अनुवादकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के साथ-साथ कार्यालय आवंटित कर दिया गया है। नवनियुक्त अनुवादकों ने नियुक्ति पत्र प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की और जिला प्रशासन का आभार जताया। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने सभी से पूरी निष्ठा और इमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह, अनुवाद पदाधिकारी सह प्रभारी मो. न्याज, सहायक उर्दू अनुवादक शेखावत अली अंसारी, उर्दू अनुवादक रेहाना परवीन, उच्च वर्गीय लिपिक शाइस्ता खानम, निम्न वर्गीय लिपिक मो. कलाम उद्दीन, उर्दू अनुवादक मुर्शीया आरा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# थाने के पास मोबाइल दुकान में चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



चोरी की घटना के बाद मोबाइल दुकान के बाहर जुटी भीड़

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मखदुमपुर थाना से कुछ ही दूरी पर रेफरल अस्पताल के सामने स्थित साहिल मोबाइल दुकान में बीती रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर नगद राशि और मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकानदार प्रवेश कुमार ने बताया कि रात करीब 2 बजे उन्हें सूचना मिली कि उनकी दुकान में चोरी हुई है। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। प्रारंभिक जांच में 2 मोबाइल फोन और लगभग 8 हजार रुपये नकद गायब मिले। दुकानदार ने कुल 30 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया। मखदुमपुर और आसपास के क्षेत्रों में चोरी की बढ़ती घटनाओं से व्यवसायियों में दहशत का माहौल है। उनका कहना है कि पहले हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने और चोरों की गिरफ्तारी न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोर बेखौफ होकर पुलिस प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## शहीद एएसआई प्रमोद सिंह की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**घोड़ासहन।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को शहीद एएसआई प्रमोद सिंह की 19वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर थानाध्यक्ष अनुज कुमार पांडेय, सीओ आनंद कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सीओ आनंद कुमार ने कहा कि शहीद प्रमोद सिंह ने असाधारण वीरता, अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए अपने कर्तव्य का पालन करते हुए वीरगति प्राप्त की थी। इस मौके पर अपर थानाध्यक्ष विकास कुमार, पुलिस अधिकारी कल्याण सिंह, नवीन सिंह, मधुकर कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी भी उपस्थित रहे।

# नई शिक्षा नीति में आधुनिकता और परंपरा का सम्मिश्रण : अभिषेक आनंद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जिले के बभना स्थित मानस विद्यालय के सभागार में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा ध्रुएआई और चैटजीपीटी के युग में शिक्षकों की भूमिका विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में शिक्षकों के बीच आधुनिक तकनीक के प्रभाव और शिक्षा में उसके अनुप्रयोग पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक अभिषेक आनंद ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में शिक्षकों को विद्यार्थियों की आवश्यकताओं और चुनौतियों के अनुरूप ढलना होगा। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी आधुनिक तकनीकों से तेजी से जुड़ रही है, ऐसे में शिक्षकों की जिम्मेदारी बनती है कि वे छात्रों को न केवल तकनीकी रूप से दक्ष बनाएं, बल्कि उनके मनोवैज्ञानिक और सामाजिक विकास पर भी ध्यान दें। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और चैटजीपीटी के प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि तकनीक के अत्यधिक उपयोग से विद्यार्थियों की आत्मचिंतन और विश्लेषण करने की क्षमता प्रभावित हो रही है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि हर प्रश्न का उत्तर चैटजीपीटी देगा, तो फिर छात्र स्वयं विचारशील कैसे बनेंगे? ऐसे में शिक्षकों को छात्रों को उनकी अंतर्निहित क्षमताओं के विकास के लिए प्रेरित करना होगा। अभिषेक आनंद ने घोषणा की कि इस सत्र से अंग्रेजी पखवाड़ा के अंतर्गत सभी छात्र केवल अंग्रेजी में संवाद करेंगे। उन्होंने कहा, हिंदी हमारी आत्मा है, लेकिन अंग्रेजी के ज्ञान से आधुनिकता की दौड़ में बने रहना भी जरूरी है। शिक्षकों को इस दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना होगा। कार्यशाला के समापन सत्र में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. नवल किशोर ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि तकनीकी विकास के इस दौर में आधुनिकता के साथ परंपरा और संस्कृति को सहेजना भी जरूरी है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, यदि चैटजीपीटी ही सब कुछ सोचेगा, तो हमारे विद्यार्थी क्या करेंगे? उन्होंने नई शिक्षा नीति को व्यवहारिक और छात्रों की समस्याओं के निराकरण में प्रभावी बताया। कार्यशाला के अंत में प्राचार्य नीरज कुमार ने पूरे सत्र की शैक्षणिक रणनीति और पाठ्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। साथ ही, शिक्षकों को सत्र के लिए आवश्यक पाठ्य सामग्री और शिक्षण सहायक संसाधन प्रदान किए गए। इस अवसर पर शिक्षक राजीव नयन, शेखर कुमार, नवीन दीक्षित, लवकुश कुमार, शिव कुमार, शशांक रंजन, श्रीराम शर्मा, सुषमा कुमारी और मनीषा कुमारी सहित कई अन्य शिक्षकों ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

# शोध में गुणवत्ता और सार्थकता होनी चाहिए : डॉ. सतीश चंद्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दस दिवसीय शोध प्रविधि कार्यशाला के आठवें दिन शोध रिपोर्ट की संरचना पर केंद्रित सत्र आयोजित किया गया।

कार्यशाला के पहले और दूसरे तकनीकी सत्र में भारती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर के शिक्षाशास्त्र विभाग के डॉ. सतीश चंद्र ने शोध रिपोर्ट लेखन की रूपरेखा और संरचना पर प्रकाश डाला। उन्होंने शोधार्थियों को बताया कि शोध कार्य में गुणवत्ता और उसकी सार्थकता अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि गुणवत्ता न होने पर शोध को पर्याप्त पहचान नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा कि शोध रिपोर्ट में निर्धारित प्रारूप का पालन आवश्यक है, क्योंकि इससे शोध की गंभीरता बनी रहती है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि शोध में प्रयुक्त तकनीकी शब्दों और अवधारणाओं की स्पष्ट व्याख्या आवश्यक है, ताकि भविष्य में शोध कार्य के पुनर्विलोकन में कोई कठिनाई न हो। तीसरे तकनीकी सत्र में वाणिज्य विभाग के डॉ. सुब्रत रॉय ने शोध में प्रयोग होने वाले सांख्यिकीय उपकरणों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि उचित सांख्यिकीय तकनीकों के प्रयोग से शोध को त्रुटिरहित बनाया जा सकता है। इसके अलावा, उन्होंने शोध प्रश्नों के निर्माण और परिकल्पनाओं के निर्धारण पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि शोध के उद्देश्यों के आधार पर शून्य एवं वैकल्पिक परिकल्पनाओं का निर्माण किया जाना चाहिए। कार्यशाला के निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा ने सभी अतिथियों और वक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## जिलाधिकारी ने हनुमान शुगर मिल एवं आयुर्वेदिक कॉलेज का भ्रमण कर अतिक्रमण का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा के साथ मोतिहारी स्थित हनुमान शुगर मिल का भ्रमण किया गया। यह शुगर मिल बेतिया राज की लगभग 34 एकड़ लीज की जमीन पर स्थित है। अब चुकी बेतिया राज की जमीन बिहार सरकार में समाहित हो गया है इसको लेकर जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता के साथ शुगर मिल के कैंपस में अतिक्रमण का अवलोकन कियाद्य जिलाधिकारी एवं अपर समाहर्ता के द्वारा छतौनी बस स्टैंड से आगे आयुर्वैदिक कॉलेज जो बेतिया राज की लगभग 15 एकड़ लीज की जमीन पर निर्मित है, का निरीक्षण किया गया। यह कॉलेज शासी निकाय के माध्यम से चलाया जा रहा है। आज यहां बताया गया कि पूर्व में अतिक्रमण के मामले को लेकर 16 लोगों पर प्राथमिक की दर्ज कराई गई है।

# चमकी बुखार से सबसे ज्यादा प्रभावित रहा पूर्वी चंपारण : निदेशक प्रमुख

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मोतिहारी/चकिया(पूर्वी चम्पारण)।** राज्य के स्वास्थ्य विभाग की 4 सदस्यीय टीम ने सदर अस्पताल सहित विभिन्न अस्पतालों का निरीक्षण किया, जिसमे स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रमुख डॉक्टर आर एन चौधरी, राज्य प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार सिंह राज्य प्रोग्राम पदाधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार सिंह एवं राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, डॉ तेजस कुमार झा टीम के द्वारा सदर अस्पताल मोतिहारी समेत अनुमंडल अस्पताल चकिया, सुगौली अस्पताल का निरीक्षण किया गया। उपाधीक्षक एवं अस्पताल प्रबंधन से इसके बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया गया, विधि व्यवस्था से अत्यंत संतुष्ट दिखे। सिविल सर्जन डॉ रवि भूषण श्रीवास्तव, डीपीम ठाकुर विश्वमोहन, उपाधीक्षक डॉक्टर विजय कुमार वर्मा, जिला प्रशिक्षण पदाधिकारी डॉ शरद चंद्र शर्मा, नोडल ऑफिसर पीआइसीयू डॉक्टर पंकज कुमार एवं नोडल ऑफिसर ट्टगएठ डॉक्टर अमृतांशु, यूनिसेफ के जिला प्रतिनिधि, रविंद्र कुमार जिला मलेरिया पदाधिकारी एवं कौशल कुमार दुबे अस्पताल प्रबंधक सदर अस्पताल मोतिहारी समेत पीआइसीयू की पूरी टीम मौजूद थी। वही चकिया से हमारे संवाददाता के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रमुख डॉ आरएन चौधरी ने मुख्यालय स्तर पर गठित चार सदस्यीय टीम के साथ शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल में एईएस/जेई की तैयारियों का निरीक्षण किया। टीम ने की गई तैयारियों का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान निदेशक प्रमुख ने कहा कि चमकी बुखार (एईएस/जेई) से सबसे ज्यादा पूर्वी चंपारण पहले भी प्रभावित रहा है। भविष्य में भी संभावना है। इसको लेकर निरीक्षण किया जा रहा है। साथ हीं कहां की यहां दवा आदि की पूरी व्यवस्था है। मौके पर सीएस के साथ- साथ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चंदन कुमार, डॉ राजीव रंजन, डॉ भूषण प्रसाद, मैनेजर राजन कुमार, बीसीएम धर्मेंद्र कुमार, लिपिक अवधेश कुमार, बीएमसी नविल अहमद, एमएनई प्रदीप कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर

### मैट्रिक के रिजल्ट में विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक का रिजल्ट शनिवार को बोर्ड ने घोषित कर दिया है। परिणाम के घोषणा के बाद सफल छात्र छात्राओं के चेहरे पर खुशी का माहौल छा गया। इस परिणाम में क्षेत्र के बलथरवा निवासी नवल राय की पुत्री बबली कुमारी को 430 अंक, पीपराकोठी निवासी प्रमोद कुमार के पुत्र विशाल गुप्ता को 378 अंक, बलथरवा निवासी ओमप्रकाश शर्मा की पुत्री सृष्टि कुमारी को 319 अंक, बेलवतीया निवासी विपीन कुमार सिंह की पुत्री जीया कुमारी को 349 अंक, सलेमपुर निवासी सुबोध कुमार की पुत्री रानी कुमारी को 435 अंक, रम्भू पटेल की पुत्री 389 अंक प्राप्त हुआ है।

### 470 अंक लाकर मुस्कान ने क्षेत्र का नाम किया रौशन

**केसरिया (पूर्वी चम्पारण)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2025 का रिजल्ट जारी कर दिया है। जिसमें केसरिया प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उर्दू कुण्डवा की छात्रा मुस्कान कुमारी उर्फ पूजा ने 470 अंक प्राप्त कर जिले में आठवा स्थान प्राप्त किया है।प्रखंड के गोंछी कुण्डवा निवासी ट्रक ड्राइवर नागेन्द्र गिरी की पुत्री मुस्कान चार बहन दो भाई में सबसे बड़ी है साधारण परिवार होने के कारण कड़ी मेहनत कर के यह मुकाम पाई है। उस ने हमारे हमारे संवाददाता को बताया कि माता पिंकी देवी व शिक्षक अल्ताफ सर के मार्गदर्शन में आठ घंटे नियमित पढ़ाई करती थी। आगे एमबीबीएस की पढ़ाई कर डॉक्टर बन कर लोगो की सेवा करना चाहती है इसके सफलता पर प्रभारी प्रधानाध्यापक हियातुलल्लाह, पूर्व विधायक डा. राजेश कुमार, शिक्षक मो अल्ताफ सर, नन्दलाल गिरि,राम कुमार गिरि, राजेंद्र गिरि,अरूण गिरि समेत कई लोंगो ने बधाई दी है।

### ज्योति कुमारी ने 475 अंक लाकर क्षेत्र का नाम किया रौशन

**फ़ेनहारा (पूर्वी चम्पारण)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित की गई मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट रविवार को घोषित कर दिया गया जिसमें फ़ेनहरा प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय टेवसा की छात्रा और हाजी फरजंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र ने मैट्रिक परीक्षा में परचम लहराया है. प्रखंड के कोदरिया अभी गांव के रामचंद्र साह की पुत्री ज्योति कुमारी ने 475 अंक प्राप्त की है वही फेनहारा पूर्वी निवासी मो मुख़्तार आलम राईन के पुत्र रेहान राइन ने 463 अंक प्राप्त की है. अपने सफलता के पीछा अपने माता पिता और शिक्षकों को दी है वही दोनों छात्र ने कहा कि डॉक्टर बनना चाहता हूं।

### संदिग्ध गिद्ध पकड़ा, जांच में जुटी एजेंसियां

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मधुबनी बरदाहा गांव में शनिवार को ग्रामीणों ने एक संदिग्ध गिद्ध पकड़ा, जिसकी पीठ पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लगा हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गिद्ध को कब्जे में ले लिया। स्थानीय निवासी तश्वीर आलम ने बताया कि यह गिद्ध पिछले 2-3 दिनों से क्षेत्र में उड़ता दिख रहा था। शनिवार को जब वह नीचे उतरा, तो उन्होंने उसे पास बुलाया और डिवाइस देखकर पिंजरे में बंद कर लिया। सूचना पर पहुंचे मुफस्सिल थानाध्यक्ष रवि रंजन कुमार ने वन विभाग को जानकारी दी। चार घंटे बाद वन विभाग की टीम पहुंची और गिद्ध को अपने साथ ले गई। पुलिस व वन विभाग डिवाइस की जांच कर रहे हैं, जबकि सुरक्षा एजेंसियों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है।

### साहिल अमन ने मैट्रिक परीक्षा में जिले में प्राप्त किया नौवां स्थान

**चिरैया।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक परीक्षा 2025 के नतीजे घोषित हो गए, जिसमें चिरैया प्रखंड के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी के छात्र साहिल अमन ने 469 अंक प्राप्त कर जिले में नौवां स्थान हासिल किया और प्रखंड टॉपर बने। उनके पिता अंसारुल हक किसान हैं, जबकि मां रकीबुल नेशा गृहिणी हैं। कैरीयर कोचिंग सेंटर चिरैया के छात्र कमलेश कुमार ने 454 अंक प्राप्त किए। वहीं, कुमार मधुव्रत राज (449), रजनी कुमारी (438), मुस्कान कुमारी (443), मनीषा कुमारी (443) और रणधीर कुमार (440) ने भी शानदार प्रदर्शन किया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

### थाना में जनता दरबार, भूमि विवाद के दो मामलों का समाधान

**संग्रामपुर।** संग्रामपुर थाना परिसर में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में अंचलाधिकारी अतुल कुमार सिंह और थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की। इस दौरान प्रभु साह (भटवलिया) और यादोलाल दास (संग्रामपुर) के मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। इसके अलावा, छह नए मामले प्राप्त हुए, जिनमें रनिता देवी, महेंद्र पासवान, वीरेंद्र कुमार झा, शिवराज महतो, उषा देवी और नितेश पटेल के नाम शामिल हैं।

# 23.19 लाख रुपये की स्वीकृति जानपुल पोखर का होगा जीर्णोद्धार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** नगर निगम मोतिहारी अंतर्गत जानपुल पोखर के जीर्णोद्धार के लिए 23.19 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इस संबंध में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार द्वारा इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। नगर निगम मोतिहारी के नगर आयुक्त द्वारा जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए इस योजना का प्रस्ताव एवं प्राक्कलन सक्षम प्राधिकार को भेजा गया था, जिसे तकनीकी अनुमोदन के बाद स्वीकृति प्रदान कर दी गई। जानपुल पोखर के जीर्णोद्धार से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय पर्यावरण को भी लाभ होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना के तहत पोखर की सफाई, गहरीकरण, जलनिकासी व्यवस्था, सौंदर्यीकरण और अन्य आवश्यक कार्य किए जाएंगे। नगर निगम ने जल्द ही जीर्णोद्धार कार्य शुरू करने की प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिया है।

## सप्त चंडी महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

**मखदुमपुर (जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के दौलतपुर गांव स्थित देवी मंदिर से सप्त चंडी महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। यज्ञ मंडप से निकली कलश यात्रा फल्गु नदी पहुंची जहां श्रद्धालुओं ने नदी से पवित्र जल कलश में भरकर यज्ञ स्थल तक लेकर आए। इस बाबत यज्ञ समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष अक्षय कुमार, रोशन कुमार, हंसराज कुमार, मनीष कुमार, उदित कुमार ने बताया कि वृंदावन धाम से कथावाचक श्री शुभम जी महाराज के निर्देशन में महायज्ञ हो रहा है।

# बीआरसी की बैठक में प्रधान शिक्षकों को दिए गए आवश्यक निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**घोड़ासहन।** प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) सभागार में गुरुवार को प्रखंड के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) शत्रुघ्न प्रसाद ने की। बैठक में सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को वार्षिक मूल्यांकन, परीक्षा परिणाम, 29 मार्च को विद्यालयों में अभिभावक गोष्ठी आयोजित कर विद्यार्थियों को प्रगति पत्र वितरित करने, नए शैक्षणिक सत्र में नामांकन, सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों के वेतन निर्धारण हेतु आवश्यक प्रपत्र व सेवा पुस्तिका उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर विस्तार से निर्देश दिए गए। निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और संचालकों को निर्देश दिया गया कि विद्यार्थियों के परिवहन के लिए ऑटो या रिक्शा का प्रयोग न करें। इसके अलावा, सभी निजी विद्यालयों को आरटीई (शिक्षा का अधिकार अधिनियम) के तहत 25 प्रतिशत कोटे में नामांकन सुनिश्चित करने और बिना निबंधन वाले विद्यालयों को शीघ्र निबंधन कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से सुनील यादव, राजमंगल यादव, सचिन कुमार सिंह, संजय कुमार, विनोद कुमार पंडित, सुरेश कुमार, राजीव कुमार श्रीवास्तव, कुमारी अनीता सिंह, जालंधर पटेल, अभय कुमार राम, बृजेश राम, संगीता कुमारी और राजकिशोर सिंह सहित सरकारी व निजी विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

# नगर बाजार से सटे खपुरा गांव में बुनियादी सुविधाओं का अभाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)।** नगर बाजार से सटे खपुरा गांव के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। नगर पंचायत क्षेत्र में होने के बावजूद गांव में सड़क, जल निकासी और अन्य आवश्यक सुविधाओं की भारी कमी है। गांव की सड़कों की हालत जर्जर हो चुकी है, जिससे लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में नगर बाजार की ओर से आने-जाने के लिए तीन सड़कें हैं, जिन्हें कभी ग्रामीणों ने खुद बनाया था। इनमें पुरनीसराय से खपुरा तक जाने वाली एक सड़क वर्ष 2005 में तत्कालीन विधायक नंद कुमार नंदा के फंड से पीसीसी की गई थी, लेकिन 20 साल बीत जाने के बाद भी इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। यह सड़क गांव के अंदर से होते हुए मध्य विद्यालय तक जाती है, जहां विधानसभा के तीन मतदान केंद्र भी स्थित हैं। बरसात के दिनों में इस सड़क पर वाहन चलाना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों को शादी-विवाह जैसे अवसरों पर खुद गड्ढों में मिट्टी डालकर सड़क को किसी तरह समतल करना पड़ता है, ताकि गाड़ियों की आवाजाही हो सके। गांव में नालियों की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी सीधे सड़कों पर बहाया जा रहा है। गांव के दक्षिण से गुजर रही नहर में सालों से नालियों का गंदा पानी डाला जा रहा है, जिससे नहर कीचड़ और घास से भर गई है। इससे नहर में पानी का प्रवाह बाधित हो गया है और किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। खपुरा गांव पूरी तरह कृषि पर निर्भर है, लेकिन खेतों तक पानी न पहुंचने के कारण फसल उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। समय पर धान की नर्सरी तैयार नहीं हो पा रही, न ही खेतों की जोताई और सिंचाई संभव हो पा रही है। खेती ठप होने से ग्रामीणों को जीविका चलाने में कठिनाई हो रही है और वे मजदूरी करने के लिए दूसरे शहरों का रुख करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार और प्रशासन को जल्द से जल्द सड़क, जल निकासी और सिंचाई की समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

## आग से दो मकान खाक लाखों की संपत्ति नष्ट

**चिरैया।** पूर्वी चंपारण के चिरैया थाना क्षेत्र के धरोहरा गांव में शनिवार दोपहर शॉर्ट सर्किट से लगी आग में दो आवासीय मकान जलकर राख हो गए। अग्निपीड़ित मनोज साह और दीनानाथ साह ने पुलिस व प्रशासन को सूचना दी।

आग से एक बकरी, 15,000 नकद, जेवरात, फर्नीचर, अनाज और अन्य सामान नष्ट हो गए। दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। स्थानीय मुखिया अजय कुमार साह ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की, जबकि पूर्व विधायक लक्ष्मीनारायण प्रसाद यादव और राजद नेता अच्छे लाल यादव ने सरकारी सहायता की मांग की है।

# किसानों को दिया गया पांच दिवसीय प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** स्थानीय महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसन्धान संस्थान के द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चकिया प्रखंड के कुंवरपुर गांव में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में लगभग 90 किसानों को बाढ़ सम्भावित एवं जलभराव वाले पारिस्थिकी तंत्र में किसानो की आय बढ़ाने के लिए समेकित कृषि प्रणाली पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता डॉ. राकेश एन ने किया। संस्थान के निदेशक डॉ. एसके पूर्वे ने कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कृषकों को प्रशिक्षण का महत्व बताते हुए समेकित कृषि प्रणाली के बारे में विस्तृत्व रूप से जानकारी देते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने विभिन्न फसलों, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती आदि विषय पर जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. श्रेया निवेश, डॉ. गीता एवं डॉ. राकेश एन. ने क्रमशः जल प्रबन्धन, कुक्कुट पालन एवं कृषि अर्थशास्त्र विषयों पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। संस्थान के अन्य वैज्ञानिक डॉ. पी. के. भारती, डॉ. रवि कुमार, डॉ. कौशिक बनर्जी, ई. विकास पराड़कर, डॉ. अमोल जाधव, डॉ. नीला माधव पटनायक, डॉ. हरिता मोहन ने क्रमशः पशुपालन, मत्स्य पालन, मौसम विज्ञान, कृषि में मशीनों का उपयोग, फल विज्ञान, कृषि प्रचार-प्रसार एवं पादप रोग एवं कीट विज्ञान पर जानकारी दी।

# समस्तीपुर की ऐतिहासिकता को प्रतिस्थापित करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा : महेश्वर हजारी

## 1251 कन्याओं से सजी कलश शोभा यात्रा के साथ शक्तयोपासना का नौ दिवसीय महानुष्ठान बासंती नवरात्र आरंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** स्थानीय ओईनी डीह स्थित चैती दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में 1251 कन्याओं व श्रद्धालुओं एवं विविध झांकियों से सजी भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ साधना और शक्तयोपासना का नौ दिवसीय महानुष्ठान बासंती नवरात्र आरंभ हो गया। इस दौरान आसपास के गांव से एकत्र कन्याओं व श्रद्धालुओं का जत्था ओईनी बाजार स्थित श्री राम जानकी मंदिर एवं विभिन्न जगहों से रवाना होकर प्रखंड के बिरौली स्थित नारायणी (बूढी गंडक) तट पर पहुंचा। जहां पंडित शंकर झा के निर्देशन व मंत्रोच्चार के साथ उन्होंने जलारोहण कर कलश धारण किया। तदुपरान्त जय माता दी के उद्घोष व स्तुतियों के बीच बिरौली, ठहरा, गोपालपुर, गंगापुर, ओईनी, ओईनी बाजार होते हुए कलश यात्री कन्याएं व श्रद्धालु पूजा स्थल पर पहुंचे। जहां उनका पद प्रच्छालन के साथ श्रद्धा पूर्वक स्वागत किया गया। इस क्रम में सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी भी कलश यात्रा में शामिल हुए। सर्वप्रथम पूजा समिति के अध्यक्ष धनन्जय कुमार झा ने उनका मिथिला की परंपरा के अनुसार तिलक लगा कर एवं पाग, शॉल आदि से स्वागत किया। दुर्गास्थान पहुचने के उपरांत उन्होंने कलश यात्रियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मेरे क्षेत्र में ओईनी महाकवि विद्यापति की स्मृतियों से जुडी है। मैं इसकी एतिहासिकता को प्रतिष्ठित व प्रतिस्थापित करने के लिए हर मुमकिन प्रयास करूंगा। इस क्रम में उन्होंने शीघ्र ही एक सामुदायिक भवन का निर्माण कराने का आश्वासन दिया। मौके पर भाजपा नेता कौशल मिश्र, अशोक पासवान, पप्पू कुमार, सरपंच प्रतिनिधि अरुण शर्मा, पूजा समिति के अध्यक्ष धनंजय कुमार झा, उदय कुमार चैधरी, राकेश ठाकुर, धीरेन्द्र मोहन कात्यायन, रवि कुमार विकास, चंदन झा, रवि प्रकाश, कुमार रौशन, सन्त सुमन, पांचू पासवान, सुधांशु कुमार मुशी, श्याम कुमार, सहित हजारों श्रद्धालू मौजूद थे।

# सात स्वास्थ्य संस्थाओं को मिला कायाकल्प अवार्ड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना द्वारा शुक्रवार को कायाकल्प अवार्ड 2024 की घोषणा की गई। इस घोषणा के तहत जिले के सात स्वास्थ्य संस्थानों अनुमंडल अस्पताल, दाउदनगर, रेफरल अस्पताल, हसपुरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रफीगंज, ओबरा मदनपुर, बारुण एवं देव को चयनित किया गया है। प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थान को पुरस्कार राशि के रूप में एक-एक लाख रुपए दिए जाएंगे। पुरस्कार राशि में से तीन भाग स्वास्थ्य संस्थानों के विकास के लिए खर्च होगा तथा एक तिहाई भाग स्वास्थ्य संस्थान के कर्मियों के बीच वितरित किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला योजना समन्वयक नागेंद्र कुमार केसरी द्वारा बताया गया की अस्पतालों में साफ सफाई एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ष 2016 से यह अवार्ड स्वच्छ भारत मिशन के तहत दिया जाता हैं। यह बड़ी खुशी की बात है कि जिले के स्वास्थ्य संस्थानों को प्रतिवर्ष किसी न किसी रूप में पुरस्कार मिलते रहे हैं। राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार, पटना द्वारा प्रतिवर्ष घोषित किए जाने वाले इस अवार्ड से जिले के आठ संस्थान पुरस्कृत हो चुके हैं। जिला योजना समन्वयक शहर जिला सलाहकार गुणवत्ता विकास द्वारा इस उपलब्धि को टीमवर्क का नतीजा बताया। इस क्रम में उन्होंने डीपीएम मो. अनवर आलम को कुशल नेतृत्व एवं सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने इस डेवलपमेंट पार्टनर पिरामल हेल्थ के सहयोग को भी सराहा एवं सहयोग के लिए जिला प्रतिनिधि राकेश कुमार को धन्यवाद ज्ञापित किया। जिले के स्वास्थ्य संस्थानों को पुरस्कृत होने की खबर से जिले के स्वास्थ्य महकमे में हर्ष का संचार हुआ हुआ है। सभी पदाधिकारी एवं कर्मी परस्पर बधाई एवं शुभकामनाएं ज्ञापित कर रहे हैं। जिले के सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. किशोर कुमार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश प्रसाद सिंह, जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन, उपाधीक्षक सुरेंद्र सिंह, डीपीएम मो. अनवर आलम, जिला लेखा प्रबंधक मो. अफरोज हैदर, जिला आशा समन्वयक आनंद प्रकाश, एपिडेमियोलॉजिस्ट उपेंद्र कुमार चौबे, डिस्ट्रिक्ट आरबीएस के कोऑर्डिनेटर नीलम रानी द्वारा पुरस्कृत संस्थान के चिकित्सा पदाधिकारी स्वास्थ्य प्रबंधक एवं समस्त टीम को बधाइयां प्रेषित की गई है।

# बढई की बेटी बनी स्टेट टॉपर, साक्षी की विज्ञान में है रूचि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर/सिंघिया।** एक लम्बे अर्से बाद जिले को इतराने का मौका मिला जब बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं की परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। इस में समस्तीपुर की साक्षी कुमारी ने 489 अंक यानी 97.80 हासिल किया। नरहन जोगिया निवासी बढई का काम करने वाले रामनरेश शर्मा की पुत्री साक्षी की इस सफलता पर सिर्फ नरहन और सिंघिया नहीं पूरा जिला खुशी से झूम गया। बताते चलें कि दसवी की परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही साक्षी से मिलने वाले लोगों का तांता लग गया। प्रखण्ड प्रमुख, मुखिया, आदि ने साक्षी को बधाई और शुभकामनायें दी। इसी बीच मीडिया कर्मियों से बात करते हुए उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता भाई-बहन और शिक्षक को देते हुए कहा कि मैने कभी घडी देखकर पढ़ाई नहीं की। मैट्रिक परीक्षा में पहली रैंक लाने वाली साक्षी ने कहा मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि मेरी पहली रैंक है। आगे क्या करना चाहती हैं पूछे जाने पर मुस्कुराते हुए कहा कि अभी तो यह पहला पड़ाव है। आगे और अच्छा करना है। मुझे विज्ञान बहुत पसंद है, इसलिए फिलहाल ग्यारहवीं में साइंस ले कर पढुंगी। स्थानीय विधायक अजय कुमार और पूर्व विधायक रामबालक सिंह पहुंचकर साक्षी को प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया। बताते चलें कि साक्षी जेपीएनस हाई स्कूल नरहन की छात्रा है वही न्यूटन कोचिंग संस्थान में भी पढाई की है। विद्यालय के शिक्षक अरविंद कुमार दास कृष्णमूर्ति सहित अन्य शिक्षकों के अलावा अरविंद कुमार कुशवाहा, कांति कुमार, मुखिया राजकुमार शर्मा, पंचायत समिति सदस्य विजय कुमार सहित अन्य दर्जनों लोगों ने बिहार टॉपर बनने पर साक्षी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# श्री रामचंद्र सेवा ट्रस्ट ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**ओईनी।** शिक्षा, चिकित्सा से लेकर किसी भी प्रकार की सहायता की जरूरत हो, मैं हमेशा आपके लिए उपलब्ध हूं। मुझसे मिलने के लिए किसी प्रकार की प्रोटोकॉल या एप्वाइन्टमेंट की जरूरत नहीं है। बिहार सरकार में सूचना और जन संपर्क मंत्री सह कल्याणपुर विधायक महेश्वर हजारी ने उक्त बाते अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि श्री रामचंद्र सेवा ट्रस्ट ने इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया, जो न केवल समाज के बीच सकारात्मक संदेश भेजता है, बल्कि लोगों का मनोबल भी बढ़ाता है। बताते चलें कि ओईनी थाना क्षेत्र स्थित चंदौली चैक चकहाजी में श्री रामचंद्र सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित सम्मान समारोह सह जेडीयू सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से मैट्रिक, इंटर और बीपीएससी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सबसे पहले ट्रस्ट के संस्थापक निदेशक डॉ मनोज कुमार एवं स्थानीय लोगों ने मुख्य अतिथि मंत्री श्री हजारी का मिथिला की परंपरा के अनुसार पाग, शॉल आदि से अभिनन्दन किया। स्वागत सम्मान की औपचारिकता के बाद अपने संबोधन में श्री हजारी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार में शिक्षा और चिकित्सा सहित विकास के हर क्षेत्र में शानदार प्रगति हुई है। कार्यक्रम के आयोजक और श्री रामचंद्र हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने कहा, यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि इतने व्यस्त समय में मंत्री जी हमारे बीच पधारे। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जो विकास हो रहा है, वह हम सबके लिए प्रेरणा है। इस सम्मान समारोह सम्मानित होने वाले छात्रों में अभिषेक कुमार (मैट्रिक टॉपर), पितारू बृजेश पंडित, विवेक कुमार (मैट्रिक टॉपर), पितारू श्याम सिंह, स्वीटी कुमारी (इंटर टॉपर), पितारू संतोष शाह, संदीप कुमार (इंटर टॉपर), पिता - सुनील पंडित, संजू कुमारी (नवनियुक्त शिक्षक) पिता - डॉ. सुनील कुमार, दीपक कुमार (नवनियुक्त शिक्षक), पिता - रामजी सिंह, बृजेश कुमार राय (नवनियुक्त शिक्षक) शामिल हैं। इस दौरान आयोजित जेडीयू सदस्यता अभियान में सैकड़ों लोग नीतीश कुमार के कार्यों से प्रेरित होकर जेडीयू की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर अशोक पासवान, पप्पू कुमार, कौशल मिश्र, राकेश कुशवाहा, उमेश शर्मा, देव नारायण सिंह, तारा चंद मेहता, मुखिया शैलेश झा, जिला पार्षद सत्य प्रकाश कुशवाहा, सुरेन्द्र सिंह, कौशल सिंह, राम जी सिंह, विजय सिंह, राम कुमार सिंह, कमलेश सिंह, अखिलेश सिंह, अवधेश सिंह, अनिल सिंह, ओम प्रकाश कुशवाहा, रविकान्त, विकास कुमार, अमित गोस्वामी, अजय कुमार समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### रक्तवीर योद्धा रजत ने 18वीं बार किया रक्तदान



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा क्षेत्र में रक्तवीर योद्धाओं की कोई कमी नहीं है। रक्तदान जिला स्तरीय समिति के सभी सदस्य सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। शनिवार दोपहर हसपुरा बाजार निवासी छोटेलाल गुप्ता के इलाज के दौरान डॉक्टर ने उनके शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी बताई। परिजनों ने समिति से संपर्क किया, जिसके बाद समिति के युवा सदस्य रक्तवीर योद्धा रजत गुप्ता ने स्वेच्छा से रक्तदान करने की सहमति दी। रजत ने अपनी जिंदगी में 18वीं बार रक्तदान कर एक मिसाल पेश की। रक्तदान के बाद रजत ने कहा, रक्तदान महादान है। जब भी मैं रक्तदान करता हूं, मुझे गर्व की अनुभूति होती है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राजू भारती, सचिव अनीश केसरी, डॉ. गुड्डू और रॉकी गुप्ता मौजूद रहे।

### घर में लगी आग, पूरा घर जलकर राख

**रफीगंज, औरंगाबाद।** प्रखंड के बलार पंचायत के कुमहैनि गांव में शनिवार सुबह करीब 10 बजे यमुना पासवान के झोपड़ीनुमा मकान में अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में पूरा घर जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया और तुरंत 112 डायल पुलिस एवं कासमा थाना को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची अग्निशमन टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखा सारा सामान जल चुका था। घटना के बाद लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश पासवान ने वरीय अधिकारियों से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। स्थानीय लोगों ने भी पीड़ित परिवार की मदद के लिए प्रशासन से सहायता की गुहार लगाई है।

### अंबेडकर जयंती की तैयारियां जोरों पर

**रफीगंज।** आगामी 14 अप्रैल को प्रखंड परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर अंबेडकर विचार मंच द्वारा शहर के एक निजी होटल में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरेंद्र कुमार ने की।

बैठक में नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष प्रतिनिधि हरेंद्र कुमार और सुनील दीप ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसे सफल बनाने के लिए टीम बनाकर गांव-गांव जाकर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है और विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारियां अलग-अलग लोगों को सौंपी गई हैं। अंबेडकर प्रतिमा स्थल के आसपास सौंदर्यीकरण कार्य किया जा रहा है, ताकि कार्यक्रम स्थल को भव्य रूप दिया जा सके। इस अवसर पर लालदेव पासवान, राजनंदन यादव, सुदर्शन राम, डॉ. डोमन, सुबोध कुमार, रामजीवन दास, रमेश कुमार उर्फ भीम, जितेंद्र पासवान, शमीम अख्तर, अनवर अहमद, डॉ. अखिलेश, अविनाश कुमार, नंदलाल सुमन, दिनेश कुमार रवि, महेश पासवान, पप्पू कुमार यादव, सुदर्शन अंबेडकर, व्यास दास, दिनेश राम, अनिल पासवान, अशोक दास, भूपेश दास, गुलाम रसूल, सुधीर कुमार उर्फ लड्डू, विनय पासवान, लोजपा नेता उमेश पासवान, सीताराम, नंद किशोर मेहता, नंदलाल पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### एसके निराला हुए सम्मानित



**समस्तीपुर।** शुक्रवार को मंडल भंडार डिपो के सभागार में वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक (प्रशासन) सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें में भंडार डिपो में कार्यरत रेल कर्मी संतोष कुमार निराला को वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक (प्रशासन) गौरव सिंह ने उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। लगातार करतल ध्वनि के बीच श्री सिंह ने उन्हें मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। मौके पर सहायक सामग्री प्रबंधक डिपो सहायक कारखाना प्रबंधक एवं सैकड़ों रेल कर्मचारी उपस्थित थे।

### शहीद छोटू मुखिया के 13वें शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के पचरुखिया स्थित शहीद छोटू मुखिया स्मारक प्रांगण में शहीद देवेंद्र कुशवाहा उर्फ छोटू मुखिया की 13वीं शहादत दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उनकी पत्नी सोनम कुशवाहा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। मुख्य अतिथि गोह विधायक भीम सिंह यादव ने शहीद छोटू मुखिया की विचारधारा को याद करते हुए समाज में समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सच्ची श्रद्धांजलि उनके दिखाए रास्ते पर चलने से होगी।

# संतान प्राप्ति की चाह में नरबली, पीड़ित परिजनों से मिल दी सांत्वना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के गुलाब बिगहा में नरबली के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं पीड़ित परिजनों तथा गांव में मातम पसरा हुआ हैं। दरअसल बीते दिनों एक तांत्रिक के कहने पर गुलाब बिगहा निवासी 65 वर्षीय युगल यादव की अंधविश्वास में पसुली से काट कर हत्या कर दी। घटना से लोगों में आक्रोश हैं। घटना की सूचना पर आज राष्ट्रीय जनता दल एवं विरासत बचाओ संघर्ष परिषद की एक टीम ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और यथोचित मदद का आश्वासन दिया। साथ ही प्रशासन से मांग है कि तांत्रिक पुरनडिह गांव निवासी रामाशीष भुईयां तथा इस कांड में संलिप्त पांच अन्य अभियुक्तों को फांसी की सजा दी जाए। सरकार द्वारा आश्रितों को आर्थिक सहायता के रूप में 50 लाख रूपये दिया जाए। तांत्रिक

**निःसंतानों को बच्चा उत्पन्न करने का करता था दावा :** बताया जाता हैं कि जिन लोगों को संतान नहीं होता हैं, उन्हें तांत्रिक रामाशीष अंधविश्वास की जद में लेकर संतान उत्पन्न कराने की चुनौती पूर्ण विश्वास दिला, लाखों रूपये ऐंठने का काम करता था और अज्ञात लोगों को पकड़ कर अनुष्ठान पूर्वक बलि देता था। धीरे-धीरे उसकी हरकत व तांत्रिक गतिविधियों का खुलासा होने लगा है। यह भी बताया जाता हैं उसने तंत्र विद्या के आड़ में अब तक छोटे बच्चे, नौजवानों तथा बुजुर्गों का बलि दे चुका हैं।

इसी दौरान पुरनडीह गांव निवासी सुधीर पासवान की पत्नी को बच्चा न होने पर तांत्रिक रामाशीष ने अनुष्ठान कर नरबली देने का सुझाव दिया था। इसके बाद योजना के अनुसार युगल यादव की सिर काट कर बलि दी गई और साक्ष्य को छुपाने की नियत से धड़ को होलिका में जला दिया। घटना 13 मार्च की हैं, मामले का खुलासा तब हुआ जब युगल यादव सुबह तक घर वापस नहीं लौटे और उनकी खोजबीन शुरू की गई। इस दौरान परिजनों को सूचना मिली कि बंगरे गांव के होलिका में अधजला एक शव पड़ा हुआ हैं। इसके बाद पुलिस की कार्रवाई से मामला परत-दर-परत खुलता गया। इसमें मृतक के भाई राजाराम यादव ने बंगरे गांव निवासी चौकीदार मंटू पासवान पर हत्यारोपियों को संरक्षण प्रदान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने वरीय पुलिस पदाधिकारियों से चौकीदार के घटना में संलिप्तता के जांच की मांग की हैं। यह भी बताया कि तांत्रिक रामाशीष इलाके में इस तरह के कई कांडों को अंजाम दिया हैं। इस दौरान कैलेश्वर यादव, सतेंद्र यादव, संतोष यादव, संजय यादव, घटराईन पंचायत की मुखिया संजय कुमार यादव, पूर्व मुखिया लंबू यादव, राधे यादव, संजीत यादव, संतोष कुमार, मनोज कुमार सहित कई अन्य मौजूद रहे।

# चिंगारी से निकली आग की भेंट चढ गई 22 घरों की खुशियां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिले के तेतारपुर पंचायत के नारायणपुर गांव के वार्ड तीन मोहल्ला में शनिवार सुबह आग लग गई। इस अगलगी में 22 घर जलकर राख हो गए और 10 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों ने घटना जानकारी अग्निशमन टीम को दी। मौके पर पहुंची दो थाना की दमकल टीम 2 घंटे के मशक्कत के बाद आग पर काबू पाई। हालांकि अबतक मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय ग्रामीण राजेश कुमार ने बताया कि सुबह तेज पछिया हवा चल रही थी। गांव के ही विश्वनाथ पंडित के घर खाना बन रहा था, उन्हीं के घर से चिंगारी उठी। विश्वनाथ पंडित का घर धू-धू कर जलने लगा। देखते ही देखते गांव के अमरजीत पंडित, संजीत पंडित, अभिषेक पंडित, जितेंद्र पंडित, रितेश पंडित, शिवकुमार पंडित, रामपति देवी, गणपति देवी समेत 22 से अधिक लोगों का घर जलकर राख हो गया। अगलगी की सूचना पर जुटे गांव के लोगों ने निजी दमकल आदि से आग बुझाने शुरू किया। इसी दौरान दमकल टीम और स्थानीय थाना को भी सूचना दी गई। सूचना पर मोहिउद्दीन नगर और पटोरी से पहुंची दमकल टीम में करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अगलगी की घटना में घर में रखना अनाज कपड़ा, नकद आदि बड़ी संख्या में सामान जल गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत प्रखंड प्रशासन के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और लोगों ने बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिया है।

# असामाजिक तत्वों पर पुलिस की रहेगी कड़ी नजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा।** आगामी ईद, चैती छठ और रामनवमी त्योहारों के मद्देनजर हसपुरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थानाध्यक्ष नरोत्तम, इंस्पेक्टर सुनील कुमार, सीओ कौशल्या कुमारी और एसआई पवन कुमार ने कहा कि त्योहारों के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। ईदगाह और मस्जिदों के आसपास नमाज के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। थानाध्यक्ष नरोत्तम ने स्पष्ट किया कि किसी भी पर्व के दौरान ईदगाह या मस्जिदों के समीप डीजे बजाना प्रतिबंधित है। डीजे बजाते पकड़े जाने पर आयोजक और मालिक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि नमाज के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें और अफवाहों पर ध्यान न दें। संवेदनशील स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल तैनात रहेगा, साथ ही पुलिस गश्त कर स्थिति पर नजर रखेगी। सीओ कौशल्या कुमारी ने ईद को शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा, ईद भाईचारे का त्योहार है, जिसे आपसी प्रेम और गले मिलकर मनाया जाता है। मुस्लिम समुदाय नमाज के दौरान सौहार्द बनाए रखे, इसमें सभी का सहयोग जरूरी है। रामनवमी जुलूस के लिए लाइसेंस अनिवार्य होगा और गाइडलाइंस का पालन करना जरूरी है। साम्प्रदायिक नारे लगाने पर रोक रहेगी। बैठक में मौजूद लोगः उपप्रमुख सत्येंद्र चौधरी, समाजसेवी डॉ. देवलाल पासवान, अब्दुल अजीज, पंसस धनंजय कुमार मुन्ना, प्रगति कुमार, अशोक कुमार, मुखिया प्रतिनिधि राकेश सिंह, लोजपा नेता विजय अकेला, सरपंच बखोरा खां, धनंजय घोष, पंसस प्रतिनिधि संजीत कुमार, विराट रौशन, भोला कुरैशी, अबुल खैर, गिरजा सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# रमजान, चैती छठ व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह(औरंगाबाद)।** उपहारा थाना परिसर मे शनिवार को थानाध्यक्ष मनेश कुमार की अध्यक्षता में रमजान, रामनवमी, चैती छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थानाध्यक्ष ने सौहार्दपूर्ण माहौल में ईद, चैती छठ, रामनवमी पर्व मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष ने कहा कि आगामी सभी त्योहारों के दौरान थाना क्षेत्र में डीजे पूरी तरह से बंद रहेगी। अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की बात कही गई। बैठक में गणमान्य लोग बुद्धिजीवियों ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए सहयोग करने की बात कही।

# उत्तर कोयल नहर का मुद्दा उठाने पर किसान मजदूर मोर्चा मगध ने जताया हर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात के दौरान बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. सुरेश पासवान द्वारा उत्तर कोयल नहर हरियाही सिंचाई परियोजना का मुद्दा उठाए जाने पर किसान मजदूर मोर्चा मगध के धरनार्थियों ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने पूर्व मंत्री डॉ. सुरेश पासवान के प्रयासों के लिए आभार प्रकट किया। धरना के 24वें दिन अहमद रज़ा खान, डॉ. तुलसी यादव, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, सीधी यादव सहित कई धरनार्थियों ने कहा कि उत्तर कोयल नहर परियोजना के मुख्य जलाशय मंडल (कुटकुट डैम) में अब तक फाटक नहीं लगाए जाने के कारण मगध क्षेत्र के किसानों की खरीफ फसल की उपज प्रभावित हो रही है। साथ ही, मगध क्षेत्र के भूभाग में लगातार भूस्खलन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, जिससे किसानों को गंभीर दुष्परिणाम झेलने पड़ रहे हैं। धरनार्थियों ने कहा कि पूर्व मंत्री ने किसानों की इस गंभीर समस्या को झारखंड के मुख्यमंत्री के समक्ष मजबूती से उठाकर उनकी आवाज बुलंद की है। इस जनहित के कार्य के लिए किसान मजदूर मोर्चा की ओर से पूर्व मंत्री और उनके शिष्टमंडल को बधाई दी गई। साथ ही, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी इस मुद्दे पर उचित कार्रवाई की उम्मीद जताई गई। इस अवसर पर सुधीर कुमार चंद्रवंशी, सूर्यदेव यादव, भोलानाथ वर्मा, राजद नेता मंडल यादव, मंतोष दास, संतोष गिरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ईद, रामनवमी और छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना परिसर के सभागार में ईद, रामनवमी और छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ उपेंद्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी शाहब याहया और अंचलाधिकारी रमाकांत रवानी ने की, जबकि संचालन सर्किल इंस्पेक्टर रामजी प्रसाद और थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने किया। बैठक में जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों और आम लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सर्किल इंस्पेक्टर रामजी प्रसाद ने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से आपसी सौहार्द और भाईचारा बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि थाना क्षेत्र में सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों और हुड़दंगियों के खिलाफ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत थाने को सूचित करने का निर्देश दिया गया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने लाइसेंस धारियों को जुलूस निर्धारित नियमों के अनुसार निकालने और किसी समस्या की स्थिति में प्रशासन को तत्काल सूचना देने को कहा। जुलूस के लिए रूट चार्ट भी जमा करने का निर्देश दिया गया। जनप्रतिनिधियों ने सड़क जाम की समस्या से निजात के लिए सुझाव मांगे, जिस पर कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि चौराहों पर सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे। छठ घाटों की सफाई की मांग भी उठी। बैठक में शामिल लोगः राजद जिला महासचिव रणविजय यादव, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार बर्मा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, रविंद्र सिंह, मुखिया सेराज अंसारी, मुखिया संजय कुमार, शंकर दयाल यादव, वार्ड पार्षद नुरुल होदा खान, राजेश कुमार, सुबोध कुमार, मदन चौधरी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संजय गुप्ता उर्फ योगी, पूर्व मुखिया शहजादा शाही, पूर्व मुखिया मोहम्मद मुजाहिद, मंटू शर्मा, शुभम सिंह, किशु गुप्ता, राहुल गुप्ता, विवेक सिंह, मयंक कुमार, प्रांशु सिंह राजपूत, हार्दिक सिंह राजपूत, धर्मेंद्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विवेकानंद पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मैट्रिक की परीक्षा में किया बेहतरीन प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**अंबा, औरंगाबाद।** आवासीय विवेकानंद पब्लिक स्कूल नबीनगर रोड अंबा के विद्यार्थियों ने बिहार 10वीं बोर्ड की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया। शुभम प्रसाद ने 475 अंक (95 प्रतिशत) हासिल किया। वहीं कुणाल कुमार वर्मा ने 463, प्रतिभा कुमारी में 457, विवेक कुमार ने 456, रौशन कुमार ने 455, रजनीश कुमार ने 448, अमित कुमार ने 445, रंजीत कुमार ने 448, अमित कुमार ने 445, सुमन कुमारी ने 437, राजमित कुमार ने 436, दीपक कुमार ने 436, विशाल कुमार ने 435, पवन कुमार ने 438, दीपक कुमार वर्मा ने 428, अंजू कुमारी ने 426, सिम्पी कुमारी ने 423, निशा कुमारी ने 420, वंदना कुमारी ने 416, राहुल कुमार 407, प्रीतम कुमार ने 403, हिमांशु कुमार ने 392, दीपक कुमार ने 369, स्वीटी कुमारी ने 346, अनुज कुमार ने 331 अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के निदेशक अशोक कुमार ने विद्यार्थियों के बेहतरीन प्रदर्शन करने पर हर्ष जताया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन अनुशासन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय के टॉपर शुभम प्रसाद की प्रारंभिक शिक्षा हमारे विद्यालय में ही हुई थी। बच्चों का प्रदर्शन हमारी मेहनत को सार्थक करता है। वहीं हम अभिभावकों के विश्वास पर खरा उतरते हैं। इस खुशी के पल पर विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को मिठाइयां खिलाई और उज्जवल भविष्य की।

CMYK

# बेगूसराय-रोसड़ा टू लेन पथ का होगा चौड़ीकरण : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने बेगूसराय-रोसड़ा टू लेन पथ को चौड़ीकरण कर फोर लेन करने हेतु अपर मुख्य सचिव पथ निर्माण विभाग पटना को पत्र लिखा है। जिला पदाधिकारी द्वारा दिये गये पत्र में बताया गया कि बेगूसराय से रोसड़ा जाने वाली एसएच 55 जिसकी दूरी लगभग 48 किलोमीटर है। उसमें ट्रैफिक लोड अत्याधिक है। ट्रैफिक लोड अधिक रहने से फोर लेन रोड निर्माण की आवश्कता है। उपरोक्त सड़क बेगूसराय से भाया मंझौल, चेरियाबरियारपुर एवं खोदावंदपुर होते हुए रोसड़ा घाट तक जाते है। रोसड़ा, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी आदि जगह जाने का यह एक प्रमुख मार्ग है। वर्तमान समय में ट्रैफिक लोड अधिक होने के कारण आये दिन सड़क पर दुर्घटनाएं होते रहती है तथा जाम के कारण लोगों को काफी परेशानी का भी सामना करना पड़ता है। जिला हर दृष्टिकोण से अत्याधिक महत्त्वपूर्ण शहर है । बेगूसराय से रोसड़ा एसएच 55 के चौड़ीकरण कर फोर लेन के निर्माण होने से बेगूसराय से लोगों को रोसड़ा, समस्तीपुर, दरभंगा मधुबनी आदि जिलों में आवागमन करने मे सुविधा होगी एवं समय के साथ-साथ ईंधन की भी बचत होगी। लोगों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी शहर में जाकर अपना रोजगार कर सकेंगे। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री के प्रगति यात्रा के दौरान भी लोगों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा बेगूसराय-रोसड़ा पथ के चौड़ीकरण करने के संबंध में मांग उठायी गई थी। जिसके आलोक में जिला पदाधिकारी द्वारा अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग बिहार पटना को इस संबंध मे पत्र लिखा गया है।

## कृषि महाविद्यालय निर्माण को लेकर भूमि चिन्हित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले में कृषि महाविद्यालय के निर्माण हेतु जमीन चिन्हित कर डीएम तुषार सिंगला ने सचिव कृषि विभाग पटना को उपलब्ध करा दिया है। डीएम के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी बलिया एवं अंचल अधिकारी साहेबपुर कमाल द्वारा जमीन चिन्हित कर भेजा गया था। अनुमंडल पदाधिकारी बलिया द्वारा भेजे गये पत्र में बताया गया कि प्रस्तावित स्थल जिला के एनएच 31 एवं खगड़िया जिला के समीप है। कृषि महाविद्यालय निर्माण हेतु राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्र अंतर्गत जमीन चिन्हित किया गया है। ज्ञात हो कि कृषि महाविद्यालय निर्माण विभिन्न फसलों एवं कृषि तकनीक के प्रदर्शन के लिए तथा प्रायोगिक खेती के लिए प्रक्षेत्र की आवश्यकता होती है। जो चिन्हित जमीन के आस-पास उपलब्ध है। जिले में पूर्व से कुशमहौत पंचायत में मक्का अनुसंधान केन्द्र अवस्थित है तथा इस जिले में रेशम अनुसंधान केन्द्र स्टेशन की स्थापना हेतु भी मंझौल अनुमंडल अंतर्गत जमीन जिलाधिकारी द्वारा हाल ही में उपलब्ध कराया गया है। कृषि महाविद्यालय का निर्माण जिले ही नहीं आस-पास के जिले के लिए भी वरदान साबित होगा। इससे किसानों को खेती करने में काफी सहुलियत होगी। इसके कई महत्वपूर्ण फायदे है। कृषि महाविद्यालय के निर्माण से कृषि क्षेत्र में शिक्षा के नए अवसर प्रदान करेगा। जिससे छात्रों को कृषि के क्षेत्र में ज्ञान और कौशल प्राप्त करने में मदद मिलेगी। कृषि महाविद्यालय में अनुसंधान कार्यों को बढ़ावा दिया जा सकता है। जिससे कृषि के क्षेत्र में नए और बेहतर तरीकों का विकास हो सकता है। शिक्षित छात्र कृषि उत्पादन में वृद्धि करने में मदद कर सकते हैं। जिससे देश की खाद्य सुरक्षा में सुधार हो सकता है। कृषि महाविद्यालय के विशेषज्ञ कृषि नीति निर्माण में योगदान कर सकते हैं। जिससे देश की कृषि नीतियों में सुधार हो सकता है। कृषि महाविद्यालय में नवाचार और अनुसंधान कार्यों को बढ़ावा दिया जा सकता है। जिससे कृषि के क्षेत्र में नए और बेहतर तरीकों का विकास हो सकता है।

## सहायक उर्दू अनुवादक को डीएम ने दिया नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बेगूसराय।** शुक्रवार को मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग उर्दू निदेशालय द्वारा नियुक्त 13 सहायक उर्दू अनुवादकों को डीएम तुषार सिंगला ने नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी सदायक उर्दू अनुवादकों को पदस्थापित कर दिया गया है। जिसमें मो मोजम्मील को समाहरणालय में जिला उर्दू भाषा कोषांग, फरीदा खातुन को अनुमंडल कार्यालय बेगूसराय, मो असजद अली को प्रखंड कार्यालय साहेबपुर कमाल, मो इरफान को प्रखंड कार्यालय बखरी, कहकशाँ बेगम को प्रखंड कार्यालय सदर, गुलफशां प्रवीण को अंचल कार्यालय सदर, इसमत प्रवीण को अंचल कार्यालय बरौनी, इरम शम्स को अनुमंडल कार्यालय बलिया, मो महताब आलम को अनुमंडल कार्यालय मंझौल, मो ताहिर आलम को प्रखंड कार्यालय बछवाड़ा, मो अनवर आलम को अंचल कार्यालय बखरी, नूसरत परवीन को अनुमंडल कार्यालय बखरी, मो गुलाम हैदर को अनुमंडल कार्यालय तेघड़ा में प्रतिनियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज सभी के लिए खुशी की बात है। बिहार सरकार संकल्पित है कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार मिले। उन्होंने कहा कि आज पूरे राज्य में 715 एवं बेगूसराय जिला में 13 सहायक उर्दू अनुवादक को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। सहायक उर्दू अनुवादक के माध्यम से लोग उर्दू भाषा में लिखते, पढ़ते या जानते हैं वे लोग कार्यालय में अपनी बात रखने का उन्हें बेहतर अवसर प्रदान हो पाएगा। उन्होंने कहा कि अगर अब उर्दू में भी कोई आवेदन करेगा तो कार्यालय में उसका अनुवाद कर उसका समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा सभी नवनियुक्त सहायक उर्दू अनुवादक को उनके उज्जवल भविष्य बधाई एवं शुभकामनाएं दीं गई साथ ही ईमानदवारी पूर्वक अपने कार्य को करने की बात कहीं गई। इस अवसर पर प्रभारी पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, किशन कुमार, अनुवादक पदाधिकारी शकील अहमद सिद्धिकी, मो गालिब हुसैन अंसारी आदि उपस्थित थे।

## शांति समिति की बैठक में शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**ओबरा।** ईद छठ रामनवमी पूजा को लेकर ओबरा थाना परिसर में थानाध्यक्ष नीतीश कुमार की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक आहुत की गई। इस मौके पर थानाध्यक्ष ने सभी उपस्थित लोगों से इन तीनों त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। कहा कि जिस प्रकार आप सबों ने होली का त्यौहार मनाकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उसी तरह इन तीनों त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ मनाकर भाईचारे का संदेश दे। त्यौहार खुशियों का है। आप सभी सौहाद्र मनाते हुए, त्यौहार को मनाए। कहा कि सिर्फ प्रशासन की जिम्मेवारी नही बल्कि आपका सहयोग अपेक्षित है। सुरक्षा व्यवस्था के प्रति प्रशासन सजग रहेगी। चौक चौराहों पर पुलिस की व्यवस्था की जाएगी। कहा कि डीजे एवं अश्लील गीत तथा नारे पर रोक लगाए। जुलूस के लिए लाइसेंस लेना भी जरूरी है। अफवाहों से दूर रहने की आग्रह किया और कहा कि किसी भी सूचना को सीधे प्रशासन को सूचित करें। किसी असामाजिक गति विधि की सूचना तुरंत पुलिस को दे। ताकि तीनों त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सके। कहा कि बैठक मे सभी लोगों के विचारों से वाकिफ हुए, और समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया,। इस मौके पर अवर निरीक्षक अविनाश कुमार सरपंच प्रतिनिधि सुशील कुमार संजय यादव रतनपुर सरपंच प्रतिनिधि संतोष शर्मा थे।

## कई नाटकों का किया गया मंचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बरौनी।** आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के दूसरे दिन आशीर्वाद रंगमंडल द्वारा डा. अमित रौशन निर्देशित नाटक पश्मीना का मंचन किया गया। नाटक पश्मीना कश्मीर की पृष्ठभूमि पर मानवीय रिश्तों के ताने-बाने को नाजुक धागे से जोड़ता दिखा। नाटक ये और वो की लड़ाई में एक कुशल कबूतरबाज की तरह मानवता की पतली रस्सी पर चलकर संतुलन बनाने की एक कोशिश करता दिखा। मृणाल माथुर लिखित नाटक पश्मीना, जो एक बहुत ही नाजुक धागों से बुना हुआ होता है। ठीक उसी प्रकार मानवीय संबंध भी बहुत ही नाजुक होता है। पश्मीना शल को प्रतीक बनाकर लेखक इंसानी संबंधों के मानवीय संवेदनाओं, संबंधों की जटिलता को दिखाते नजर आए। नाटक में अमर सक्सेना के किरदार को सचिन कुमार, विभा सक्सेना के रूप में कविता कुमारी ने सजीव अदाकारी की। वहीं सचिन कुमार डा. कौल, कुणाल भारती रविन्दर ढिल्लो एवं रितु कुमारी ने स्वीटी की जीवंत भूमिका अदी की। वहीं दूसरी प्रस्तुति मुंबई की संस्था द्वारा नाटक गन्ध की प्रस्तुति की गयी। नाटक में निर्देशक मनीष शिर्के ने अपने अपने अभिनेता राम गंगवार, दीपा सिंह, रागिनी पांडेय से मंच पर खूब काम लिया। महोत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम का उदघाटन तेघड़ा विधायक राम रतन सिंह, फिल्म अभिनेता संजय पांडेय, मनोज टाइगर, समाजसेवी प्रमोद कुमार सिंह, पूर्व विधान पार्षद भूमिपाल राय, उप मुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, संजय कुमार ललन, डा. अमित रोशन के द्वारा किया गया। मौके पर विधायक राम रतन सिंह ने कहा कि आकाश गंगा इस महोत्सव का आयोजन करते हुए रंगमंच को आम आवाम के लिए समर्पित कर रखा है। उन्होंने कहा की नाटक में आकाश गंगा ने सदैव जन समस्याओं को आगे रखा है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अमर ज्योति, सचिव गणेश गौरव, मनीष कुमार, अंकित कुमार, रूपेश कुमार, राधे कुमार, शिव कुमार, जितेंद्र कुमार, के द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। संचालन एसोसिएशन के संयोजक ड कुंदन कुमार ने किया।

## मिशन हेल्दी भारत के तहत कार्यक्रम आयोजित

### राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के साथ तापसी उपाध्याय ने की वार्ता

### पर्याप्त मात्रा में विटामिन व प्रोटीन युक्त भोजन लेने की कही गई बात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** ललित नारायण मिथिला यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आने वाले जी.डी कॉलेज में मिशन हेल्दी भारत के तहत सेहत केंद्र और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के साथ तापसी उपाध्याय ने वार्ता की। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन पियर एडुकेटर सुमित कुमार ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन नीतीश कुमार ने किया। वार्ता के दौरान उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरठ से वो यात्रा का शुभारंभ करके अभी वो सम्पूर्ण भारत की यात्रा पर है। जहां वो स्वास्थ्य मिशन को ले के लोगों को जागरूक कर रही हैं साथ ही उन्होंने कहा कि हमें नियमित रूप से योगा करना चाहिए। जंक फूड से बचने की सलाह दी और खाने में पर्याप्त मात्रा में विटामिन व प्रोटीन युक्त भोजन को शामिल करें। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी व सेहत केंद्र की नोडल अफिसर डा. सहर अफरोज ने तापसी उपाध्य को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस मिशन को ले के आप निकले है। उसमें आपको कामयाबी मिले और बीमार पड़ने पर खुद का डक्टर न बनें। पियर एडुकेटर सुमित कुमार व नीतीश कुमार ने कहा कि आज के समय मे सही जानकारी का होना बहुत जरूरी है। बहुत बार लोग गलत जानकारी के आभाव में सही समय पर ट्रीटमेंट नहीं करवा पाते जिसका खामियाजा बाद में भुगतना पड़ता हैं। इस मौके पर खुशी, नीतीश कुमार, सुमित कुमार, अजित कुमार, सूरज कुमार, नयन राज, विक्रम राठौड़, गुलशन,आयुष पटेल, मोनी, मंचन, निधि, अंकिता, रानी, सादिया, नंदनी, सोनी, मनीषा, उज्वल, मुस्कान, आशा, कोमल, राकेश, आशीष, अभिनव सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद थे।

## एक नजर

### दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रमजान की आखरी जुमा को नगर परिषद बरौनी वार्ड 10 पूर्व मुख्य मंजूर आलम के क्लीनिक परिसर में अलविदा जुमा को दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जदयू के पूर्व एमएलसी सहित इफ्तार पार्टी में सैकड़ों की संख्या में रोजेदार शामिल हुए। पूर्व एमएलसी ने इफ्तार में शामिल रोजेदारों को माह ए रमजान और ईद की मुबारकबाद देते परिवार व समाज में सुख शांति, समृद्धि और भाईचारा की कामना की। इफ्तार में पंक्तिबद्ध बैठे रोजेदारों ने खजूर, फल सहित विविध व्यंजनों का लुफ्त उठाया। इस दौरान पूर्व एमएलसी ने कहा कि किसी भी समुदाय के पर्व एवं त्योहार से आपसी सौहार्द का संदेश देना चाहिए, भारतीय संस्कृति व परंपरा सर्वधर्म समभाव का पूरक है। माह ए रमजान में इफ्तार का आयोजन कर सामाजिक सद्भाव का परिचय दिया। इस प्रकार के आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा को बल मिलता है। रोजेदारों ने इफ्तार आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। वहीं परिवार, समाज व देश में अमन चैन व शांति की कामना की। इफ्तार के दौरान कई हिंदू धर्म के लोगों ने शामिल होने से स्थल पर रौनक बनी रही। वही पूर्व मुखिया मंजूर आलम ने आए अतिथियों का स्वागत किया मौके पर सुबोध सिंह, संजय सिंह, मेराज अख्तर दाना, वैमुम आजाद, मोहम्मद लाल बाबू, सहित सैकड़ों की संख्या में बुद्धिजीवी मौजूद थे।

### नल-जल का बिजली कनेक्शन काटा

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बकाया बिजली बिल भुगतान नहीं किए जाने के चलते नल-जल योजना का बिजली कनेक्शन बीजली विभाग द्वारा काट दिया गया। पीने के पानी के लिये हाहाकार मच गया। राटन पंचायत के वार्ड 07 स्थित नल-योजना का बिजली कनेक्शन विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को काट दिया गया। जिससे पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा गया। इस बाबत जब स्थानीय सीपीआई नेता जितेन्द्र जीतु, संजीत कुमार, सुरेश महतों, नरेश महतो सहित अन्य उपभोक्ता द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों से बात किया तो बताया गया। इस पानी टैंकी के ऊपर 24000 का बिजली बिल बकाया है। जिसे ठेकेदार द्वारा भुगतान नही किया जा रहा है जिसके चलते बिजली कनेक्शन काटा गया है। उपरोक्त स्थानीय लोगों ने बताया कि ठीकेदार का मनमानी चल रहा है। इसके संबंध में कई बार पीएचडी के कनीय अभियंता के यहां भी स्थानीय लोगों द्वारा शिकायत की गई लेकिन कनीय अभियंता एकबार भी लोगों के शिकायत पर ध्यान नहीं दिए। विद्युत आपूर्ति काटे जाने के संबंध में बखरी जेई रवि कुमार ने बताया कि शनिवार को विद्युत आपूर्ति को चालू कर दिया गया है।

### नवनीत बने अनुमंडल के टॉपर

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार को बिहार बोर्ड 10वीं (मैट्रिक) परीक्षा के परिणाम घोषित हुए,जिसमें बखरी के नवनीत जिला मे द्वितीय टॉपर तो बखरी अनुमंडल में प्रथम टॉपर स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। बखरी के सलौना निवासी राम नरेश पोद्दार के पुत्र नवनीत कुमार ने जिला द्वितीय टॉप एवं बखरी अनुमंडल में टॉप कर पूरे परिवार एवं समाज का दिल जीत लिया। यू एच एस स्कूल सलौन का 10वीं के छात्र नवनीत ने अनुमंडल की वरीयता सूची में पहला स्थान प्राप्त किया है तो वहीं जिला लेवल पर सैकेंड स्थान हासिल किया है। नवनीत ने 500 में से 479 अंक प्राप्त कर 95.8 फीसद अंक प्राप्त किए।बखरी बाजार में एक छोटा सा कपड़े का दुकान चलाकर परिवार का भरण पोषण करते हैं।

### ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने मैट्रिक परीक्षा में पाई सफलता

**देव (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों के छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक के परीक्षा परिणाम में बाजी मारी हैं। कई छात्रों ने सर्वाधिक अंक लाकर शहर से लेकर गांव तक परचम लहराया है। हालांकि मैट्रिक के परिणाम जानने के लिए छात्र-छात्राओं ने शनिवार की सुबह से ही 2:00 बजने का इंतजार कर रहे थे। कितने छात्र को तो रात को नींद भी नहीं आया। वहीं आज अपना रिजल्ट देख सभी प्रसन्न दिखे और माता-पिता को चरण छू कर उत्साहित दिखे। अभिभावकों ने बच्चों को मिठाई खिला प्रोत्साहित किया। वहीं देव प्रखंड के सिलाड़ खुर्द निवासी शिवम कुमार ने 433 अंक, दीपक कुमार 357 अंक एवं अंकित कुमार ने 320 अंक लाकर अपने परिजनों और गांव का नाम रौशन किया हैं। किसी छात्र ने इंजीनियर तो किसी ने डॉक्टर व प्रशासनिक सेवा में जाने की बात कही। यह तीनों आदित्य एस डी क्लासेस देव के छात्र हैं।

## नगर निगम सशक्त स्थायी समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** नगर निगम कार्यालय के सभागार में शनिवार को सशक्त स्थायी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महापौर पिंकी देवी ने की। बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा निजी वाहन पड़ाव एवं विभिन्न शौचालयों की बंदोबस्ती हेतु सुरक्षित जमा राशि के पुनर्निर्धारण के संबंध में विमर्शोपरान्त राजस्व विभाग एवं अन्य विभाग के परिपत्र-निदेश के आलोक में जमा सुरक्षित राशि पुनर्निर्धारित करने तथा विधिक परामर्श प्राप्त कर विभागीय अनुमोदन प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में बंदोबस्ती नहीं होने तक विभागीय रूप से वसूली का भी निर्णय लिया गया। सदस्यों के द्वारा सिटी ई-रिक्शा सेवा के तहत नगर निगम क्षेत्र में निःशुल्क सुविधा शुल्क पर महिलाओं, दिव्यांजन एवं वृद्धजन व्यक्तियों के लिए ई-रिक्शा परिचालन हेतु 20 अदद ई-रिक्शा का क्रय करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त बैठक में महिलाओं की सुविधा के लिए तत्काल 3 अदद पिंक चलन्त शौचालय क्रय करने की स्वीकृति दी गयी। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रगति यात्रा के क्रम में उद्घाटन-शिलान्यास हेतु लगाये गये शिलापट्ट के भुगतान पर विचार किया गया। बैठक में नगर आयुक्त सत्येन्द्र कुमार सिंह, सदस्य गुलशन खातून, सुलेखा कुमारी, विनय कुमार मिश्रा, नीलम देवी, गौरव कुमार, विपिन पासवान, वन्दना कुमारी, नगर प्रबंधक राजीव रंजन सिंह, सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी, सहायक नगर योजना पर्यवेक्षक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, प्रधान सहायक सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री सुरेश पासवान द्वारा उत्तर कोयल नहर का मुद्दा उठाने पर जताया हर्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ सुरेश पासवान द्वारा मुलाकात किए जाने और उत्तर कोयल नहर हरियाही सिंचाई परियोजना उठाने पर किसान मजदूर मोर्चा मगध के धरनार्थियों द्वारा हर्ष जताया गया। पूर्व मंत्री डॉ सुरेश पासवान को इस कार्य के लिए धनार्थियों ने आभार प्रकट किया धरना 24वें दिन अहमद रजा खान, डॉ तुलसी यादव,पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, सीधी यादव सहित धरनार्थियों ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि उत्तर कोयल नहर परियोजना के मुख्य जलाशय मंडल कुटकुट डैम में अब तक फाटक नहीं लगाए जाने से मगध प्रक्षेत्र के खेतिहरों की खरीफ फसल की उपज प्रभावित होने मगध क्षेत्र जिले के भूभाग में लगातार भूजलस्तर खिसकने से होने वाले दुष्परिणाम की विवेचन करते हुए यहां के किसान मजदूर के आवाज को बुलंद करने का काम पूर्व मंत्री ने किया है। जनहित की समस्या को झारखंड के मुख्यमंत्री से ज़ोरदार तरीके से उठने के किसान मजदूर मोर्चा की ओर से उनके शिष्ट मंडल सहित पूर्व मंत्री को बधाई दी है। वहीं जनहित के कार्य के लिए झारखण्ड़ मुख्यमंत्री हेमंत शोरेन को भी आशाभरी निगाहों से बधाई दिया है। इस मौके पर सुधीर कुमार चंद्रवंशी, सूर्यदेव यादव, भोलानाथ वर्मा, राजद नेता मंडल यादव, मंतोष दास, संतोष गिरी, डॉ शिवनन्दन यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बैठक में पेयजल समस्या पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड के मनरेगा सभा भवन में पंचायत समिति की बैठक शांतिपूर्वक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार ने की। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से नल जल योजना की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। सदस्यों ने कहा कि गर्मी के कारण लोगों को पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। इस समस्या की अनदेखी कर रहे पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध जिलाधिकारी को पत्र लिखने का निर्णय लिया गया। बैठक में जाखड़ धर्मपुर के पंचायत समिति सदस्य शंभू बैठा समेत कई अन्य सदस्यों ने पीएम आवास योजना के सर्वे में मनमानी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कई गरीब और जरूरतमंद लोगों का नाम सूची में शामिल नहीं किया गया है। इस मामले में सभी वंचित लाभुकों को योजना का लाभ देने की मांग की गई। बैठक में पंचायत क्षेत्रों में लगे सोलर लाइट के खराब रहने, बिजली संकट, कृषि समस्याओं तथा पीएचसी अस्पताल में दवा वितरण की समस्याओं पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर उप प्रमुख पूनम कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह, अंचलाधिकारी वीणा भारती, सीडीपीओ प्रियंका, पीओ रजनीश कुमार, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिनोद कुमार, पीएचसी के डॉ. सुभाष कुमार, पंचायत समिति सदस्य सरोज कुमार, शंभू बैठा, बैद्यनाथ मुखिया, अवधेश कुमार शर्मा, मुखिया राम चंद्र सिंह, संजीव कुमार पासवान, सुनैना देवी, विभा कुमारी, नटवर राय, सीताराम यादव, जितेंद्र कुमार झा, गीता कुमारी, रेखा देवी, मोहन झा, मदनेश्वर झा सहित कई अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू का मनाया गया शहादत दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रभात क्लब के द्वारा करमी, तिवारी बिगहा के द्वारा करमा मेला परिसर में शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू का 94 वाँ शहादत समारोह घूमधाम और आत्मबलिदानी जज्बा के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता रामचन्द्र सिंह तथा संचालन संजय श्याम ने किया । दोपहर में भगत सिंह, वर्तमान समय और चुनौतियां विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित हुआ। जिसमें वक्ताओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भगत सिंह एवं उनके साथी सिर्फ अंग्रेजों से नहीं लड रहे थे बल्कि हर प्रकार के शोषण, दमन व अत्याचार से लड़ रहे थे। उन्होंने इस लड़ाई को तबतक जारी रखने का आह्वान किया था जब तक एक मजबूत राष्ट्र का कमजोर राष्ट्र पर तथा एक आदमी का दूसरे कमजोर आदमी पर दमन जारी रहेगा। हमारा कर्तव्य बनता है कि समानता पर आधारित सच्चे लोकतंत्र की स्थापना के लिए शहीदे आजम भगत सिंह के बताये रास्ते पर चलकर आदर्श स्थापित करें। पंजाब में किसानों के ऊपर हो रहे दमन तथा उनकी गिरफ्तारी पर गहरा क्षोभ प्रकट किया गया और उपस्थित सभी लोगों ने निन्दा प्रस्ताव पारित किया। वक्ताओं में मूल रूप से क्रांतिकारी किसान यूनियन के महासचिव शशिकांत, पूर्व विधायक रविन्द्र सिंह, पूर्व राज्य मंत्री रामनरेश यादव, शोध छात्र सिद्धांत, समाजसेवी धर्मेन्द्र कुमार उर्फ सिपाही जी आदि थे।

## ईद को लेकर 100 दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** जिला पदाधिकारी-सह-जिला दंडाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा ईद-उल-फितर (ईद) के शांतिपूर्ण आयोजन एवं विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग की गई। ईद-उल-फितर का पर्व चांद के दृष्टिगोचर होने के अनुसार 31 मार्च एवं 1 अप्रैल 2025 को मनाया जाएगा, इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक तैयारियां की गई हैं। जिले में 100 स्थलों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, साथ ही 5 गश्ती दलों में भी दंडाधिकारियों को तैनात किया गया है। जिले के 35 थानों में दंडाधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जबकि 9 प्रमुख मस्जिदों में 11 दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। जिला प्रशासन ने मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष सतर्कता बरतने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने, शरारत करने या अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मस्जिदों एवं ईदगाहों पर स्थानीय चौकीदार, दफादार एवं सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करें। इसके अलावा, सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थलों पर समय से उपस्थित रहें और त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराएं। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए सदर अस्पताल, रेफरल अस्पताल एवं सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सा दलों एवं एंबुलेंस की 24 घंटे उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सभी डॉक्टरों को रोस्टर के अनुसार अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।इसके अतिरिक्त, जिला समाहरणालय भोजपुर में एक स्थायी नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06182-248702 है। किसी भी आपात स्थिति में इस नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

इस संयुक्त ब्रीफिंग में सभी अनुमंडल पदाधिकारी,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी सहित कई वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### विकास कुमार सिंह ने ली जनसुराज पार्टी की सदस्यता, एकमा में संगठन को करेंगे मजबूत

**एकमा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा विधानसभा क्षेत्र के रामपुर बिंदालाल पंचायत के विष्णुपुरा कला गांव निवासी विकास कुमार सिंह पटना में जनसुराज पार्टी के कार्यालय में पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर व पार्टी के अध्यक्ष अध्यक्ष मनोज भारती, सारण जिलाध्यक्ष बच्चा प्रसाद राय, एकम विधानसभा प्रभारी अशरफ राजा खान के समक्ष अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ जन सुराज पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान प्रशांत किशोर के साथ आगामी विधानसभा चुनाव हेतु चर्चा हुई तथा जन सुराज पार्टी की तरफ से उन्हें एकमा विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने का दायित्व सौंपा गया। पटना से अपने पैतृक गांव एकमा क्षेत्र के विष्णुपुरा गांव पहुंचने के बाद मीडिया कर्मियों को खुद के जन सुराज में शामिल होने संबंधी जानकारी विकास कुमार सिंह ने दी। इस मौके पर प्रशांत सिंह, विजय यादव, ओम प्रकाश सिंह, देवेंद्र ओझा, नरेंद्र सिंह, उज्ज्वल सिंह, संदीप सिंह, सुनील यादव, सत्येंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



### बिजली की चपेट में आने से जिंदा जला किसान

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के बरवां गांव के मरचइया सरेह में गन्ने के खेत में पानी पटवन करने गये किसान 40 वर्षीय मनोहर भगत पटवन करने के बाद तार इकठ्ठा करते समय बिजली के 11 हजार वोल्टेज की चपेट में आने से घटना स्थल ही किसान की जिंदा जल कर मौत हो गई।सूचना पर पहुंची मझौलिया पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्मार्टम हेतु बेतिया जीएमसीएच भेजा,परिजनों का रो रोकर हुआ बुरा हाल।ग्रामीणों ने बताया कि घटना देर संध्या की बताई जा रही है,जब किसान अपने खेत मे पानी पटवन कर तार समेत रहा था।तभी अचानक 11 हजार वोल्टेज बिजली के चपेट में आने से उनकी मृत्यु हो गई।

### चूल्हे से निकली चिंगारी ने पूरे घर को किया राख



**गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थानाक्षेत्र के विसवार गांव में शुक्रवार की दोपहर चाय बनाने के दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी ने पूरे घर को जलाकर राख कर दी।जानकारी के अनुसार विसवार गांव निवासी हरिंद्र बासफोर के घर से शुक्रवार की दोपहर अचानक आग की लपट निकलती दिखाई दी जिससे पूरा अफरा तफरी मच गया। ग्रामीण जबतक आग बुझाने की कोशिश करते तबतक आग बिकराल रूप ले लिया और पूरा घर जलाकर राख कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर अग्निशमन की गाड़ी मौके पर पहुच गयी और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। पीड़ित हरेंद्र बासफोर ने बताया इस अगलगी में नगदी समेत कपड़ा,आभूषण,अनाज, साईकिल,कागजात व कीमती सामान जल गए है। जिनकी कीमत करीब दो लाख होगी। सूचना मिलने के बाद सीओ डॉ विकास कुमार,थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह व अंचल कर्मचारी राहुल कुमार ने जांच पड़ताल किया।

### कागज का बंडल थामकर 49 हजार की ठगी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के शिवगंज चौक पर उचक्कों ने एक युवक से 49 हजार रुपए की ठगी कर ली है। मामले में पिपरा मढिया गांव निवासी 38 वर्षीय सुरेश चौधरी ने शिकारपुर थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर में बताया है कि वह 26 मार्च को 11 बजे दिन में सेंट्रल बैंक से 49 हजार रुपए निकाला इस दौरान उसने किसी अज्ञात से अपना निकासी फॉर्म भरवाया। निकासी कर जैसे ही शिवगंज पर पहुचा तो वही व्यक्ति आया और बहलाफुसला कर मेरे झोला में धोखे से कागज का बंडल रख दिया और निकासी के पैसे लेकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। मामले में अग्रेतर करवाई की जा रही है।

### जमीनी विवाद में मारपीट, एफआईआर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के दियुलिया वार्ड संख्या 6 में जमीनी विवाद में मारपीट की घटना घटी है। मामले में दियुलिया मदरसा निवासी मो. इसरार आलम ने शिकारपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर में गांव के ही अफरोज आलम,रिजवान आलम,तरन्नुम प्रवीण, कुदुस आलम,शेख नसीम,सरफराज आलम को नामजद किया है। आरोप है कि 27 मार्च की।रात्रि करीब आठ बजे सभी लोगो द्वारा लाठी, फठ्ठा,तलवार और लोहे का रड ले मेरा इट का बाउंड्री तोड़ने लगे। जब रोकने का प्रयास किया तो मारपीट कर जख्मी कर दिए। हो हल्ला सुनकर आसपास के लोग पहुचे और बीच बचाव के बाद मामला शांत हुआ। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर अग्रेतर करवाई की जा रही है।

### आग लगने से दो घर जलकर राख

**रघुनाथपुर/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के पिपरा गांव में आग लगने से दो झोपड़ी नुमा दो घर जलकर राख हो गया। घटना शनिवार दोपहर की है। घटना के संबंध में परिवार के सदस्यों ने बताया कि सभी लोग गर्म हवा चलने के कारण झोपड़ी के अंदर थे एवं परिवार के पुरुष मजदूरी करने के लिए गए हुए थे। दोपहर में अचानक बाहर के लोगों द्वारा शोरगुल करने पर परिवार के लोगों को पता चला कि उनके झोपड़ी में आग लगी है। तेज हवा चलने के कारण बहुत कम समय में आग विकराल रूप ले लिया। वही इस घटना का खबर मिलते ही रघुनाथपुर अग्निशमन की टीम ने तत्परता दिखाते हुए आग को और फैलने से रोका। घटनास्थल के दो सौ मीटर दूर बाद पिपरा टारी दिघवलिया चँवर में लगा सैकड़ो बीघा फसल जलने से बच गया। इस घटना से पीड़ित राजकुमार साह एवं सतेंद्र साह ने बताया कि घर के बर्तन कपड़े अनाज बच्चों के पढ़ने के संसाधन सहित सब कुछ जलकर राख हो गया है। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका।

### फर्जी राशन कार्ड बनानेवाले गिरोह का खुलासा

**लैपटॉप एवं अन्य कागजात जब्त एक गिरफ्तार**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल पदाधिकारी डा. विनोद कुमार के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई करते हुए आपूर्ति विभाग की टीम ने गोपालपुर थाना क्षेत्र के टेंगडहिया चौक पर एक दुकान पर छापेमारी कर फर्जी राशन कार्ड बनाने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दुकान के एक संचालक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार एसडीएम डा. विनोद कुमार को सूचना मिली कि गोपालपुर थाना क्षेत्र के टैगडहिया चौक पर अनिरुद्ध कम्युनिकेशन एंड सीएससी सेंटर पर अवैध रूप से फर्जी राशन कार्ड बनाया जा रहा है। सूचना पर उन्होंने सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का टीम गठित करते हुए गोपालपुर पुलिस के साथ उक्त दुकान पर छापेमारी किया। छापामारी के क्रम में उसके दुकान से लैपटॉप मोबाइल एवं फर्जी राशन कार्ड के अप्लाई फॉर्म जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के आवेदन पर दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। दोनों संचालक आपस में भाई हैं।

# 103 भूमिहीनों को डीएम ने दिया बासगीत का पर्चा



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अभियान बसेरा-2 अंर्तगत अनुमंडल कार्यालय बेतिया में पर्चा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने बेतिया अनुमंडल क्षेत्र के 103 भूमिहीनों को वास हेतु भूमि आवंटन से संबंधित पर्चा वितरण किया गया। सभी लाभुकों को भूमि आवंटन के पर्चा के साथ ही लगान रसीद संलग्न करके हस्तगत कराया गया। पर्चा वितरण कार्यक्रम में चनपटिया अंचल के 18, योगापट्टी अंचल के 34, मझौलिया अंचल के 17, बैरिया अंचल के 19 एवं नौतन अंचल के 15 भूमिहीनों को वास हेतु भूमि आवंटन से संबंधित पर्चा प्रदान किया गया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने उपस्थित भूमिहीन परिवारों और अन्य लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग किसी न किसी वजह से भूमिहीन हैं, लाचार हैं, खुद जमीन खरीद नहीं सकते उन्हें कम से कम 3 डिसमील जमीन देने का प्रावधान राज्य सरकार के द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि जमीन उपलब्ध होने के बाद अब घर बनाने के लिए अहर्ता के अनुसार राशि भी मुहैया कराई जाएगी। विभिन्न आवास योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को दिलाकर उन्हें अपना घर बनाने में जिला प्रशासन मदद करेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में गरीब भूमिहीनों लोगों के पास जमीन नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाता था। भूमि मिलने के बाद उन्हें इनका लाभ मिलेगा और अपने परिवार के साथ अपने घर में रहेंगे। उन्होंने कहा कि पहले जो कठिनाइयां थी उसे लगातार प्रयास कर दूर कर लिया गया है। अब पर्चा में लाभुक का फोटो, खाता, खेसरा, रकबा, चौहद्दी सब लिखा है। साथ ही उस भूमि की जमाबन्दी भी लाभुक के नाम पर सृजित कर दिया जा रहा है।इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, डा. विनोद कुमार, वरीय उप समाहर्ता-सह-जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, रोचना माद्री, विशेष कार्य पदाधिकारी सुजीत कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सादिक अख्तर सहित बेतिया अनुमंडल के सभी अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# 528 करोड़ के बजट को निगम बोर्ड ने किया विशेष बैठक में पारित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2025- 26 के लिए तैयार बजट को अंतिम रूप देकर पारित करने के लिए नगर निगम बोर्ड की विशेष बैठक का आयोजन शनिवार को प्रस्तुत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि वर्ष 2025- 26 के लिए कुल 5 अरब 27 करोड़ 43,77557 का बजट पारित होने को लेकर संपूर्ण नगर निगम के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि मूलतः यह बजट नगर निगम क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की अवधारणा को आधार मानकर तैयार किया गया है। हमारे बजट को पूर्ववर्ती यानी जारी वर्ष का कायार्नुभव, विभिन्न आधार पर समग्र विकास की विशद संभावनाओं अवधारणा पर आधारित है। जिसको सरकारी और विभागीय नियमन की परिधि में रहते हुए तैयार किया गया है। इसकी विस्तार से जानकारी देते हुए महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि हमारे समग्र शहरी क्षेत्र की सभी मुख्य एवं प्रधान सड़कों का निर्माण एवं रिपेयरिंग इसके प्रारूप का मूल स्वरूप है। बेतिया राज के धरोहरों को का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण, संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में पिंक टॉयलेट का निर्माण, चौक चौराहा का सौंदर्यीकरण, हर घर के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को मूल प्राथमिकताओं में शामिल किया गया है।

## जिप की सामान्य बैठक में छाया रहा विकास का मुद्दा, चला आरोप-प्रत्यारोप का दौर



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला परिषद की सामान्य बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की कार्यवाही 11.30 बजे से शुरू हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद के अध्यक्ष निर्भय कुमार महतो ने किया। जिसमें सभी जिला परिषद क्षेत्र में एक समान राशि खर्च करने का मुद्दा कई पार्षदों ने उठाया। साथ ही कई पार्षदों ने दो-दो साल से भुगतान नहीं होने का मुद्दा उठाया। इसी दौरान 12: 30 बजे कई पार्षद सामान्य बैठक से बाहर आ गए। और कलेक्ट्रेट के समक्ष अध्यक्ष और डीडीसी के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। जिला परिषद सदस्य ई.शैलेंद्र कुमार गढ़वाल, लालबाबू चौधरी आदि पार्षदों ने 10 फीसदी राशि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के क्षेत्र में खर्च करने और शेष राशि को समान अनुपात में बाटकर सभी क्षेत्रों में खर्च करने की मांग कर रहे थे।ये सामान्य बैठक के बहिष्कार का दावा कर रहे थे। हालांकि सामान्य बैठक में 25 जिला परिषद सदस्यों के हस्ताक्षर थे। जबकि बाहर 21 पार्षद विरोध जता रहे थे। इसमें से कई पार्षदों का दोनों जगह हस्ताक्षर देखा गया। जिला परिषद के अध्यक्ष निर्भय कुमार महतो उपाध्यक्ष रेणु देवी ने कहा कि सभी क्षेत्रों में समान रूप से राशि खर्च की गई है। बैठक का बहिष्कार नहीं हुआ है। कुछ पार्षद बैठक से बाहर जरूर गए हैं। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त सुमित कुमार ने बताया कि सभी क्षेत्रों में समान रूप से योजनाओं का चयन किया गया है। बैठक का कोरम पूरा हो चुका था। बैठक की कार्यवाही हुई है। कई प्रस्ताव लिए गए हैं। कई प्रस्तावो की संपुष्टि हुई है। उन्होंने सामान्य बैठक के बहिष्कार से इनकार किया है।

## अनशन पर बैठी कल्पना इनामदार की तबीयत बिगड़ी, जीएमसीएच में भर्ती



**बेतिया/गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार की व्यवस्था परिवर्तन के लिए और ग्राम स्वराज की स्थापना की मांग को लेकर विगत 23 मार्च से गांधी आश्रम भितिहरवा में आमरण अनशन पर बैठी लोक आंदोलन न्यास की कार्याध्यक्ष कल्पना इनामदार की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें जीएमसीएच लाया गया हैं। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बताया है कि मेडिकल टीम द्वारा जब यह बताया गया कि उनका सुगर लेवल 69 हो गया है । इसलिए उन्हें ईलाज हेतु अस्पताल ले जाना जरूरी है। जिस कारण शुक्रवार की रात्रि में उन्हे सहजता पूर्वक एंबुलेंस से बेतिया जीएमसीएच पहुंचाया गया।

## 18 किलो चरस के साथ दो गिरफ्तार

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने थाना क्षेत्र के सेनुवरिया मुख्य मार्ग से बाइक चालक और सवार को पकड़ कर पूछताछ किया। उनके पास बैग में रखा लगभग 18 किलो चरस बरामद हुआ। जिसका अंतरराष्ट्रीय मूल्य लाखों रुपए बताया जाता है। थानाध्यक्ष ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मादक पदार्थ के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार करते हुए एक बाइक को भी जप्त किया गया है।दोनो से पुछताछ की जा रही है।

## हर्षित कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में 451 अंकों लाकर हासिल की शानदार सफलता, क्षेत्र में जश्न का माहौल





**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा शनिवार को जारी मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में एकमा प्रखंड के गौसपुर स्थित उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र हर्षित कुमार ने 451 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की है। हर्षित की इस सफलता ने न सिर्फ अपने परिवार व गुरुजनों का, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हर्षित ने कक्षा 8 तक की पढ़ाई उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गौसपुर से की है। उनके पिता पंकज सिंह मांझी प्रखंड के नचाप गांव के निवासी हैं और एकमा बाजार में मोटरसाइकिल पार्ट्स की दुकान संचालित करते हैं। परिणाम की जानकारी मिलते ही हर्षित के घर में जश्न का माहौल बन गया। माता निक्की देवी-पिता पंकज सिंह ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

**विद्यालय में हर्षित का सम्मान:**

उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गौसपुर के प्रधानाध्यापक मोहम्मद तौकीर अंसारी ने सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्षित कुमार व उनके पिता पंकज सिंह को विद्यालय बुलाकर मिठाई खिलाई और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक के साथ शिक्षकों ने भी हर्षित को बधाई दी।

**समाज व शिक्षकों से बधाईयों का तांता:**

हर्षित की सफलता पर उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौसपुर के प्रधानाध्यापक मो तौकीर अंसारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गौसपुर की प्रधानाध्यापिका अनीता पांडेय, मंजीत कुमार तिवारी, शिक्षक दिग्विजय गुप्ता, योगेश कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, सोनाली नंदा, विकास कुमार, छविनाथ मांझी, राज मोहम्मद अंसारी, शना परवीन, उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक रंजीत कुमार, पप्पू कुमार, जूली कुमारी, किसलय कुमार, विकास कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार सिंह, मंटू सिंह आदि ने हर्षित को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**पैतृक नचाप गांव व क्षेत्र में उत्सव का माहौल:**

हर्षित की इस शानदार सफलता पर एकमा के ब्लॉक रोड स्थित आवास व उनके पैतृक गांव नचाप में भी जश्न का माहौल है। बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। हर्षित व उनके माता-पिता को सोशल मीडिया और मोबाइल पर बधाई संदेश मिल रहे हैं।

**आईआईटीयन बनने का है सपना:**

अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को देने वाले हर्षित का सपना आईआईटी में प्रवेश लेकर इंजीनियर बनने का है। उनका बड़ा भाई मासूम कुमार सिंह भी पॉलिटेक्निक डिप्लोमा इंजीनियरिंग में अंतिम वर्ष का छात्र है। शिक्षक नसीम अख्तर, कमल कुमार सिंह व उसका बड़ा भाई मासूम कुमार सिंह, विद्या मंदिर कोचिंग प्वाइंट के शिक्षकों रॉकी सिंह व मुन्ना सिंह भी हर्षित के लिए प्रेरणा का स्रोत रहे हैं।

**क्विज प्रतियोगिता में भी दिखा था हर्षित का हुनर:**

गौरतलब है कि हर्षित ने हरिहर क्षेत्र मेला, सोनपुर में जिला स्तर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था, जिसके लिए शिक्षा विभाग ने उन्हें निर्धारित पुरस्कार राशि का चेक देने की घोषणा की थी। जिसकी प्रकिया आखिरी दौर में चल रहे हैं।

## हर्षित ने 92.6 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल सहित क्षेत्र का मान बढ़ाया









**गुठनी\सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित लोक मान्य तिलक इंटर कॉलेज का छात्र तेनुआ गांव निवासी मनोज शुक्ला का पुत्र हर्षित शुक्ला ने मैट्रिक वार्षिक परीक्षा में 92.6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय सहित क्षेत्र का मान बढ़ाया है। हर्षित का चचेरा भाई सर्वेश चंद्र शुक्ला भी 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त विद्यालय का मान बढ़ाया। वही बाबा बाल नाथ इंटर कालेज का छात्रा कोहरवलिया गांव निवासी विश्वामित्र नाथ तिवारी की पुत्री दिव्या तिवारी ने 84.प्रतिशत अंक पायी तथा इसी विद्यालय का छात्र चकरी निवासी अनिल राम का पुत्र अनुज राम ने 90 प्रतिशत अंक लाया है। करेजी गांव निवासी कुंज बिहारी दुबे की पुत्री तनु कुमारी 77.6 लायी है। इन बच्चों के अलावा बहुत बच्चों ने बेहतर अंक लाया है। मैट्रिक परीक्षा में सफल इन बच्चों को सामाजिक राजनीतिक कार्यकताओं ने शुभकामनाएं दी है। शुभकामना देने वालों में मुखिया रणजीत कुशवाहा, पूर्व पार्षद समरजीत सिंह,चिकित्सक मुकुल वर्मा,ध्रुप चौधरी,विनोद चौधरी,राजेश राय उर्फ सूद्दु बाबू,एचएम दिनेश चौहान,बासुदेव शर्मा,राजेन्द्र भगत,अमर शर्मा,मुंशी मियां सहित कई अन्य शामिल है।

## मैट्रिक की परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम









**हसनपुरा/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नपं हसनपुरा सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों के छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर अंक लाकर गांव व प्रखंड का नाम रोशन किया है। वहीं बेहतर अंक आते ही बच्चे झूम उठे। जहां मोहमद अताउरहमान 469,मधु कुमारी 460,नवीन कुमार 450,नीशु कुमार 446, शिखा कुमारी 448,अनुष्का कुमारी 440, अमन कुमार 435,मनीष कुमार 430, स्नेहा कुमारी 430, सन्नी कुमार 427, अनुष्का कुमारी 430, अनुपात कुमारी 425,निशा कुमारी 422,विशाल कुमार 409, शाहीना फातिमा 409, सुमित कुमार 405, प्रिंस कुमार 398, प्रियांशु 381,अंकीत यादव 397, संजना कुमारी 395 व सूरज कुमार गुप्ता 333 अंक सहित अन्य ने बेहतर अंक लाकर परीक्षा उत्तीर्ण किया है। इन छात्र-छात्राओं ने मीडिया को किसी ने डॉक्टर, किसी ने इंजीनियर तो किसी ने प्रशासनिक सेवा में जाने की कही।

## विद्यार्थियों में खुशी की लहर







**हुसैनगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के हबीब नगर स्थित उत्क्रमित विद्यालयकी छात्र छात्राओं का बिहार बोर्ड की परीक्षा का रिजल्ट आते ही सभी विद्यार्थी एक दूसरे को बधाई देने लगे। छात्रा सिमरन कुमारी को 454 मार्क्स 90.8 प्रतिशत से उतीर्ण, उसे मैथ और विज्ञान में 96 मार्क्स प्राप्त, वहीं छोटी कुमारी को 403 मार्क्स 80 प्रति. विज्ञान में 94 मार्क्स प्राप्त है. नेहा कुमारी को 387 मार्क्स 76.8 प्रति. प्राप्त है. दिव्या कुमारी को 384 मार्क्स 76 प्रति. प्राप्त है.जबकि उत्क्र.एमएस सरावें के सुमित कुमार को 451 मार्क्स 90.4 प्रति. संस्कृति, मैथ व विज्ञान में 93 मार्क्स प्राप्त किया है. उसी विद्यालय के धनन्जय कुमार को 437 मार्क्स 87 प्रति. उसे मैथ व विज्ञान में 94 मार्क्स प्राप्त है. इस्लामिया हाई स्कूल के छात्र व कुतुबछपरा के मिन्टु कुमार को 419 मार्क्स 84 प्रति. विज्ञान में 94 व गणित में 92 मार्क्स प्राप्त है.

## मजदूर की बेटी अंशु कुमारी बनी स्टेट टॉपर



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के नौतन प्रखंड के गहरी की अंशु कुमारी ने मैट्रिक की परीक्षा में 489 अंक लाकर राज्य में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नौतन के भारतीय इंटर कॉलेज गहिरी की छात्रा अंशु की दीदी शिक्षिका है। जबकि उसके पिताजी उतराखंड में मजदूरी का कार्य करते है। उसका सपना डॉक्टर बनने का है। माता सविता देवी गृहिणी है। अपनी दीदी पूजा कुमारी की देख-रेख में उसने पढ़ाई की है।

## टॉप टेन में जिले के चार छात्र-छात्राएं शामिल





**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड की परीक्षा में प.चंपारण जिले के छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रर्दशन किया है। बोर्ड द्वारा जारी किये गये परीक्षा परिणाम में प.चंपारण जिले से चार छात्र छात्राओं ने राज्यस्तर पर टॉप टेन में अपनी जगह बनायी है। जिसमें तीन केवल छात्राएं है। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने भी स्टेट टॉप टेन में आनेवाले छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा है कि आज ये छात्र छात्राएं न सिर्फ अपने परिवार और समाज का नाम रौशन कर रहे है बल्कि इनलोगो ने अपने गांव को भी एक नई पहचान दी है।

**टॉप टेन में प.चंपारण जिले के छात्र छात्राएं**

जिले के नौतन प्रखंड के भारतीय इंटर महाविद्यालय भारतीय इंटर महाविद्यालय की छात्रा अंशु कुमारी ने 489 अंक प्राप्त कर बिहार में पहले और जिले में भी पहले नंबर पर स्थान प्राप्त किया है। मधुबनी प्रखंड के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय खोतहवा के राजन कुमार चौरसिया ने 485 अंक प्राप्त कर बिहार में पांचवें और जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। लौरिया के बागड़ कुंवर गर्ल्स हाई स्कूल की छात्रा करिश्मा कुमारी ने 483 अंक प्राप्त कर बिहार में सातवें और जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। बेतिया के संत तेरेसा बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा खुशी कुमारी ने 480 अंक प्राप्त कर बिहार में दसवां तथा जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर आचार्यों की हुई कार्यशाला




**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान विद्या भारती विद्यालय महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता के सभागार में शनिवार को जिले के सभी प्रमुख विद्या भारती विद्यालयों के आचार्य बन्धु भगिनियों का एक कार्यशाला आयोजित किया गया.कार्यशाला का उद्घाटन विद्या भारती के राष्ट्रीय मंत्री एवं विख्यात शिक्षाविद् तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विशेषज्ञ डॉ किशन वीर सिंह शाक्य , लोक शिक्षा समिति के सीवान विभाग के निरीक्षक राजेश कुमार रंजन, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के कोषाध्यक्ष पारस नाथ सिंह, विद्या भारती बिहार के क्षेत्रीय मीडिया संयोजक नवीन सिंह परमार, विद्या भारती विद्यालयों के सिवान विभाग संयोजक प्रो. रविन्द्र पाठक, कृष्णचंद्र गांधी मीडिया सेंटर के सलाहकार डॉ गणेश दत्त पाठक तथा महावीरी विद्यालय विजयहाता के प्राचार्य शंभु शरण तिवारी ने दीप प्रज्वलित किया इस मौके पर अतिथियों का परिचय एवं सम्मान प्रभारी प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार द्वारा कराया गया.कार्यशाला में शामिल आचार्य बन्धु भगिनियों को संबोधित करते हुए डॉ शाक्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की आधारभूत संकल्पना, क्रियान्वयन तथा विद्यालय तथा शिक्षण कार्य में इस नीति के संयोजन पर अत्यंत महत्वपूर्ण एवं बहुउपयोगी व्याख्यान दिया.उन्होंने अपने संबोधन में आचार्य छात्र संवाद को प्रभावी तरीके से स्थापित करने की कला को बड़े ही रोचक तरीके से बताया.कार्यशाला के मीडिया प्रभारी अखिलेश श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यशाला की शुरूआत प्रातःकालीन सत्र में विद्यालय के संगीताचार्य मुरली मनोहर मिश्र के नेतृत्व में प्रातःस्मरण एवं एकात्मकता स्त्रोत के साथ हुआ. इस सत्र में विद्यालय के योगाचार्य डॉ सुनील प्रसाद के नेतृत्व में सभी प्रतिभागियों ने योगाभ्यास किया.वहीं वंदना सत्र में आचार्य प्रवीण चंद्र मिश्र ने कार्यशाला में दिनभर होने वाली गतिविधियों के संबंध में प्रतिभागियों को अवगत कराया.

## विधानपार्षद सौरभ ने रखी आवास सर्वेक्षण की तिथि बढ़ाने की मांग

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बजट सत्र के दौरान विधान पार्षद सौरभ कुमार ने सदन का ध्यान आकृष्ट कर एक महत्वपूर्ण मांग उठाई। उन्होंने वर्तमान में चल रहे आवास सर्वेक्षण की अंतिम तिथि 31 मार्च में वृद्धि करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कई ऐसे लाभार्थियों के नाम अभी तक सर्वेक्षण सूची में शामिल नहीं हो पाए है, जिससे वे आने वाले समय में आवास लाभ से वंचित रह सकते है। विधानपार्षद सौरभ कुमार ने बताया कि उनकी मांगो को स्वीकार करते हुए सरकार ने सर्वेक्षण की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अपने आधार वेरिफिकेशन, जॉब कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेज तैयार करके अपना नाम सर्वेक्षण सूची में शामिल करवा सकते हैं। उन्हें सरकार के आवास लाभ का लाभ उठाने का सुनहरा अवसर देगा।

## सात दिवसीय समेकित स्वास्थ्य शिविर में जांच में मिले 14 एचआइवी संक्रमित

**जांच शिविर में लगभग 4550 लोगों एचआईवी जांच**



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के नौ प्रखंडों के चिंहित हॉट स्पॉट 27 गांवों में समेकित स्वास्थ्य शिविर लगाकर एचआईवी की जांच अभियान चलाया गया.18 मार्च से 27 मार्च तक जिले के नौ प्रखंडों के चिंहित हॉट स्पॉट 27 गांवों में समेकित स्वास्थ्य शिविर लगाकर 4550 लोगों की एचआईवी जांच की गई.जांच के दौरान 14 व्यक्ति एचआईवी से संक्रमित मिले.इसमें 12 पुरुष एवं दो महिलाएं शामिल है. 18 मार्च को हसनपुरा प्रखंड के अरंडा, उसरी एवं निजामपुर, 19 मार्च को पचरुखी प्रखंड के मखनपुर, दीनदयालपुर एवं शंभूपुर 20 मार्च गुरुवार को दारौंदा प्रखंड के हड़सर, बगौरा, कोलहुआ, 21 मार्च को गोरेयाकोठी प्रखंड के छितौली, भीठ्ठी, सरारी, 22 मार्च को सिसवन प्रखंड के रामगढ़, चैनपुर, बघौना, 24 मार्च को रघुनाथपुर प्रखंड के टारी, निखरी, पंजवार, 25 मार्च को मैरवा प्रखंड के परसिया, तेलीमापुर, सेवतापुर, 26 मार्च को लकड़ी नवीगंज प्रखंड के मदारपुर, तिलिमापुर, बाला एवं 27 मार्च को बड़हरिया प्रखंड के कैलगढ़, सुंदरपुर एवं लकड़ी दरगाह में समेकित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. काउंसलर विभूति भूषण ने बताया कि संक्रमित मरीजों को एआरटी सेंटर से जोड़ा गया है. उन्हें मुफ्त दवा के साथ सहायता राशि भी दी जाएगी. परवरिश योजना के तहत एचआईवी पीड़ित परिवार के 18 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों को कल्याण विभाग से 1000 रूपेश सहयोग के रूप में दिए जाएंगे. इसके लिए बैंक अकाउंट, आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी. उन्होंने लोगों से अपील की है कि निसंकोच अपना एचआईवी जांच कराएं ताकि संक्रमण का पता चल सके.

**एचआईवी से बचने के लिए लोगों को जागरूक होना जरूरी**

जिला एड्स नियंत्रक पदाधिकारी डॉ.अशोक कुमार ने कहा कि एचआईवी मरीजों को घबराने की जरूरत नहीं है. एचआईवी से बचने के लिए उन्होंने लोगों को जागरूक होने की अपील की. उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से आमजनों को स्वास्थ्य के प्रति सजग करेगा.साथ ही स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा मिलेगी.उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के अलोक में सीवान जिले के नौ प्रखंड के चिन्हित 27 गांव,पंचायत, हॉट स्पॉट, इलाकों के साथ ही प्रवासी परिवारों के स्वास्थ्य- सह- एचआईवी, सिफलिस, टीबी, हेपेटाइटिस, कालाजार की जांच की जा रही है. यह जांच शिविर लगाकर किया गया.

# औरंगाबाद में डायबिटीज विशेषज्ञों का दो दिवसीय सम्मेलन शुरू

## मधुमेह से बचाव व नियंत्रण और आधुनिक उपचार पद्धतियों पर हो रहा गहन मंथन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** देश में मधुमेह (डायबिटीज) के बढ़ते मामलों पर नियंत्रण पाने और इस बीमारी के दुष्प्रभावों को रोकने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों का दो दिवसीय राज्यस्तरीय सम्मेलन औरंगाबाद में शुरू हो गया। यह महत्वपूर्ण आयोजन 'रिसर्च सोसायटी फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया' के बिहार चैप्टर द्वारा किया जा रहा है जिसमें बिहार और देशभर के करीब 300 से अधिक डायबिटीज विशेषज्ञ चिकित्सक हिस्सा ले रहे हैं। औरंगाबाद स्थित एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी के ऑडिटोरियम में आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि आरएसएसडीआई के अध्यक्ष डॉ. अनुज माहेश्वरी, सीसीडीएसआई के संस्थापक अध्यक्ष डॉ ए एन रॉय,



आईसीपी के डीन डॉ कमलेश तिवारी, डॉ सुभाष कुमार, डॉ विजय कुमार सिंह, आरएसएसडीआई बिहारकॉन के आयोजन सचिव डॉ. बी. के. सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। आरएसएसडीआई बिहार आइकॉन के आयोजन सचिव डॉ. बी. के. सिंह ने बताया कि इस सम्मेलन में 15 से अधिक वैज्ञानिक सत्रों का आयोजन किया जा रहा है जिनमें 75 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक मधुमेह से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। इन सत्रों में डायबिटीज के कारण, उपचार, रोकथाम, आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों, नई दवाओं, इंसुलिन तकनीकों और जीवनशैली में सुधार के तरीकों पर गहन चर्चा होगी। डॉ सिंह ने बताया कि इस आयोजन में बिहार के 280 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ-साथ दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और अन्य राज्यों से 20 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉक्टर ने भाग ले रहे हैं। इसमें मेडिसिन में स्नातकोत्तर (एमडी) की पढ़ाई कर रहे युवा चिकित्सकों को भी आमंत्रित किया गया है ताकि वे डायबिटीज के उपचार और नए शोधों की जानकारी प्राप्त कर सकें। विदित हो कि औरंगाबाद में हो रहा यह दो दिवसीय सम्मेलन डायबिटीज के इलाज और नियंत्रण में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। इसमें विशेषज्ञ चिकित्सक न केवल अपने शोध प्रस्तुत करेंगे, बल्कि डायबिटीज रोगियों को बेहतर जीवन देने के लिए नई रणनीतियों पर भी विचार करेंगे। इस आयोजन से युवा डॉक्टरों को भी बहुत कुछ सीखने का मौका मिलेगा, जिससे भविष्य में बेहतर उपचार प्रणाली विकसित की जा सकेगी। मौके पर डॉ एस. बी. प्रसाद, डॉ. रवि रंजन, डॉ. शोभा रानी, डॉ ओमप्रकाश, डॉ अजय कुमार, डॉ सुप्रियो मुखर्जी, डॉ विजय कुमार, डॉ आनंद शंकर, डॉ मनीष प्रसाद, डॉ. वैभव श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### भारत बन रही मधुमेह की राजधानी : डॉ. अनुज माहेश्वरी



आरएसएसडीआई के अध्यक्ष डॉ. अनुज माहेश्वरी ने बताया कि भारत तेजी से मधुमेह की राजधानी बनता जा रहा है। यह बीमारी केवल बढ़ती उम्र के लोगों तक सीमित नहीं रह गई है बल्कि युवाओं और बच्चों में भी तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि संयमित जीवनशैली, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम को अपनाकर इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ. माहेश्वरी ने चिंता जताते हुए कहा कि डायबिटीज को लेकर समाज में कई भ्रांतियां फैली हुई है, जिसे दूर करने की आवश्यकता है।

### उन्नत चिकित्सा पद्धतियों पर होगा मंथन : डॉ. ए. एन. राय



सीसीडीएसआई के संस्थापक अध्यक्ष डॉ ए एन रॉय ने कहा कि इस कांफ्रेंस में डायबिटीज से जुड़ी नई दवाओं, शोधों और अत्याधुनिक उपचार पद्धतियों पर भी चर्चा की जाएगी। विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों के लिए प्रभावी और कम खर्चीले इलाज की दिशा में किए जा रहे नवीनतम प्रयोगों पर अपने शोध प्रस्तुत करेंगे। डॉ. रॉय ने कहा कि वर्तमान चिकित्सा पद्धतियों और स्वस्थ जीवनशैली के माध्यम से मधुमेह के दुष्प्रभावों को काफी हद तक रोका जा सकता है।

# देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा एनटीपीसी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** देश की अग्रणी ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी के 50 वर्षों की सफलता के उपलक्ष्य में एनटीपीसी नबीनगर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मशहूर गायक सलमान अली की शानदार प्रस्तुति रही, जिन्होंने अपनी सुरमयी आवाज से शाम को यादगार बना दिया। एनटीपीसी नबीनगर के परियोजना प्रमुख एल. के. बेहेरा एवं बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं एनटीपीसी गीत से हुआ। इसके बाद गणपति वंदना के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आगाज हुआ। तत्पश्चात डांस ग्रुप ने अपने नृत्य से सभी का मन मोह लिया। वही मशहूर गायिका इशिता विश्वकर्मा और सलमान अली ने अपने सुरों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके हर गाने पर दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक एल. के. बेहेरा ने कहा,''एनटीपीसी ने अपनी स्वर्ण जयंती तक पहुंचते हुए देश के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में हीट स्ट्रोक वेव से बचाव के लिए तैयारी का निरीक्षण शनिवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 15 बेड सुरक्षित वार्ड में व्यवस्थित किया गया है। वार्ड में दो एयरकंडीशन पूर्व से लगा था जिसे देख जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर संजय कुमार को निर्देशित किया कि तीन और एयर कंडीशनर लगवाए तथा सभी वार्डों में कुलर लगाए। इसके बाद दवा स्टॉक का जायजा लिया गया। आपरेशन थियेटर रुम में लगी हल्की गंदगी की सफा सफाई करने, अस्पताल परिसर में लगी गंदगी को सफाई कराने का निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य प्रबंधक ललन प्रसाद सिंह एवं चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार को निर्देश दिया कि हीट वेव स्ट्रोक से बचाव के लिए हर दृष्टिकोण से तैयारी करना है।

# इंजीनियरिंग के क्षेत्र में बढ़ना है आगे : संजना गुप्ता

## 96 फीसदी अंक लाकर औरंगाबाद की संजना ने मैट्रिक परीक्षा के टॉप टेन में पाया स्थान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के नबीनगर रोड निवासी संदीप गुप्ता की पुत्री संजना गुप्ता ने बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2025 में 480 अंक (96%) प्राप्त कर राज्य के टॉप 10 में स्थान बनाया है। उसकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। संजना की इस सफलता पर उन्हें बधाई देने के लिए औरंगाबाद के पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह विशेष रूप से पहुंचे। उन्होंने संजना को



मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि संजना की मेहनत और लगन का परिणाम है कि आज वह पूरे जिले का नाम रोशन कर रही है। उनकी यह सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। संजना ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और अपने कठिन परिश्रम को दिया। उन्होंने कहा कि उनका सपना इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ने का है और वे देश की सेवा करना चाहती हैं। इस अवसर पर संजना के परिजन, शिक्षक और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे। पूरे क्षेत्र में संजना की इस उपलब्धि की चर्चा हो रही है और लोग उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

# नरबलि देना अक्षम्य अपराध : डॉ. सुरेश पासवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश पासवान ने नरबली वाली घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि इस घटना की जितना भी निंदा की जाए वह कम होगा। बता दें कि मदनपुर थाना क्षेत्र के गुलाब विगहा निवासी 65 वर्षीय युगल यादव को होलिका दहन के दिन ही तांत्रिक के कहने पर नृशंस ढंग से हत्या कर दी गयी थी। श्री पासवान ने कहा कि आज के वैज्ञानिक युग में तांत्रिक के द्वारा इंसान का नरबलि देकर संतान पैदा करने के लिए जिस तरह से कृत्य किया गया इस तरह के अपराध के लिए



फांसी की सजा भी कम होगी। पुलिस प्रसासन के अनुसंधान के पश्चात जो भी अभियुक्त गिरफ्तार हुए हैं उनको रिमांड पर लेकर और भी कड़ी पूछताछ की जरूरत है ताकि पीड़ित परिवार को इंसाफ मिल सके। उन्होंने जिला प्रशासन और बिहार सरकार से स्व. युगल यादव के परिवार को सरकारी नौकरी और कम से कम 25 लाख रुपया मुआवजा देने की मांग की।

# इंटर्नशिप कार्यक्रम पर कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप कार्यक्रम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को पीएम इंटर्नशिप योजना, जीविका तथा अन्य रोजगार कौशल संबंधी योजनाओं का जानकारी तथा उससे संबंधित अन्य आवश्यक सूचनाएं प्रदान की गई। जीविका औरंगाबाद के कार्यक्रम पदाधिकारी दिलीप कुमार ने छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना से संबंधित आवश्यक सूचना प्रदान की तथा अधिक से




अधिक छात्र-छात्राओं को इस योजना का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने छात्र-छात्राओं को इस तरह के अवसरों का लाभ लेने के लिए तथा भविष्य में इस तरह की और भी रोजगार उन्मुख कार्यशालाओं के महाविद्यालय में आयोजन का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में बीसीए के को-ऑर्डिनेटर डॉ. तरुण माथुर, वितेक्षक डॉ विवेक कुमार, बीसीए के शिक्षक मुकेश कुमार, राजकुमार बीसीए सहायक लक्ष्मी भूषण महाविद्यालय के प्रधान सहायक कार्तिकेय तिवारी जी तथा अन्य शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मैट्रिक परीक्षा में कार्तिक ने लहराया परचम

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** रफीगंज के महराजगंज मुहल्ले के निवासी महेंद्र शर्मा के पुत्र कार्तिक कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 480 अंक हासिल किए और टॉप-10 में स्थान बनाया। कार्तिक ने यह उपलब्धि शहर के आरबीआर उच्च विद्यालय से हासिल की। उनके पिता तमिलनाडू में बढ़ई का काम करते हैं। दो भाइयों और एक बहन में सबसे छोटे कार्तिक की इस सफलता से माता-पिता, भाई-बहन और मोहल्ले वालों में खुशी की लहर है। कार्तिक ने बताया कि उनका लक्ष्य आगे पढ़ाई जारी रख आईएएस बनना और देश की सेवा करना है।

# सहायक उर्दू अनुवादकों को डीएम ने सौंपा नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार उर्दू निदेशालय के निदेशानुसार सहायक उर्दू अनुवादकों को नियुक्त करते हुए औरंगाबाद जिलान्तर्गत विभिन्न कार्यालयों यथा समाहरणालयों (जिला उर्दू भाषा कोषांग), अनुमंडल कार्यालयों, प्रखंड कार्यालयों एवं अंचल कार्यालयों में पदस्थापित किया गया है। उक्त निर्देश के आलोक में आज जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा 18 नवनियुक्त सहायक उर्दू अनुवादकों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया गया।

**अनुशंसित 22 नवनियुक्त सहायक उर्दू अनुवादकों का नाम एवं पदस्थापन कार्यालय :**

मो0 तलहा- समाहरणालय औरंगाबाद, मो0



जाहिद इमाम- प्रखंड कार्यालय कुटुंबा, मो0 सफीउल्लाह- अनुमंडल कार्यालय दाउदनगर, नेयाज अहमद- प्रखंड कार्यालय रफीगंज, आमिर सोहेल- प्रखंड कार्यालय दाउदनगर, नेयाज अहमद- प्रखंड कार्यालय गोह, मनौवर आलम- प्रखंड कार्यालय देव, अब्दुल लतीफ सलाम- प्रखंड कार्यालय ओबरा, मो0 बेलाल अहमद- प्रखंड कार्यालय नबीनगर, मो0 इलियास अंसारी- प्रखंड कार्यालय हसपुरा। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी द्वारा अन्य अनुशंसित नवनियुक्त सहायक उर्दू अनुवादकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन एवं चयनित अभ्यर्थी उपस्थित थे।

# भूमि विवादों के स्थायी निपटारे के लिए सीएम ने की नई पहल : वीरेन्द्र सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार ने हाल ही में एक बड़ा और ऐतिहासिक फैसला लिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में व्यापक भू बिहार लैंड सर्वे शुरू करने की घोषणा की गई है। यह पहल राज्य वासियों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी क्योंकि इसके माध्यम से भूमि विवादों को सुलझाने और भू-रिकॉर्ड्स को डिजिटलीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया जाएगा। बिहार लैंड सर्वे का मुख्य उद्देश्य है कि बिहार के हर जिले, हर गांव और हर प्लॉट की सही और सटीक जानकारी सरकार के पास उपलब्ध हो। इससे न केवल भूमि विवादों का समाधान होगा, बल्कि राज्य में पारदर्शिता और विकास की नई संभावनाएं भी खुलेंगी। यह योजना राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार



विभाग द्वारा संचालित की जाएगी। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को ग्राम संपर्क यात्रा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत ड्रोन मैपिंग और डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर सभी भूमि रिकॉर्ड को आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा। नीतीश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 38 जिलों में भूमि का विस्तृत सर्वेक्षण किया जाएगा। अनुमान है कि यह प्रक्रिया तीन वर्षों में पूरी होगी और इसके लिए 500 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। नबीनगर के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नबीनगर प्रखंड के पिपरा पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा किए। उन्होंने मखदुमपुर, दरार, गम्हरिया, पटखौलिया, सिंहपुर, गझण्डा, बैरिया, बभण्डीहा, पिपरा, कर्मा रतन, बेलवा, सिमरी जैतिया, नबीनगर रोड दिघी, पोखराही, झरी धनाव कला धनाव, गम्हरिया सिंदुरिया, लेम्बो खाप, सोनबरसा, सुजन बीघा घंटा गांव में ग्राम संपर्क यात्रा किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने वहां के ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही समस्या का समाधान करने का भी आश्वासन दिया। यात्रा में जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, युवा प्रदेश महासचिव सोनू कुमार सोनी, नबीनगर युवा प्रखंड अध्यक्ष मंटू कुमार सिंह, वरीय नेता सतेंद्र सिंह, वरीय नेता शिवपूजन सिंह, सरपंच संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, सुजीत कुमार सिंह, पंचायत अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, जदयू युवा नेता रंजीत कुमार सिंह, पंचायत अध्यक्ष दिनेश सिंह, परशुराम कुमार, कृष्ण यादव, नवीनगर प्रखंड प्रवक्ता विजेंद्र कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# टॉपर छात्र को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रफीगंज इकाई के प्रांत कार्यकारणी सदस्य प्रांशु सिंह के नेतृत्व में बिहार बोर्ड दसवी परीक्षा के टॉप 10 में रफीगंज निवासी आर बी आर हाई स्कूल के छात्र कार्तिक कुमार पिता महेंद्र शर्मा को अंग वस्त्र से देकर सम्मानित किया गया। हार्दिक सिंह ने कार्तिक कुमार के उज्वल भविष्य की कामना किया और कहा कि जिस तरह से आपने अपने माता- पिता, प्रखंड और जिला का नाम रौशन किया यह काफी सराहनीय है। जिसमे उपस्थित नगर सह मंत्री उज्ज्वल मिश्रा, शनि कुमार, रोहन कुमार, आलोक चौरसिया, अंशु कुमार, राहुल कुमार शर्मा, विष्णु कुमार के साथ अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# औचक निरीक्षण में डीएम ने दिए कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय और आरटीपीएस काउंटर का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा शनिवार को औचक निरीक्षण किया गया जिससे अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप सा मच गया। आरटीपीएस काउंटर पर सभी कर्मी उपस्थित पाए गए। उपस्थित कर्मियों से उनके द्वारा संपादित किए जा रहे कार्यों के बारे में डीएम द्वारा पूछताछ की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। प्रखंड कार्यालय के सभी कक्षों का अवलोकन कर उपस्थित पदाधिकारी तथा कर्मी को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके बाद प्रखंड कार्यालय में बीडीओ अवतुल्य कुमार आर्य, बीपीआरओ विनोद कुमार वर्मा तथा सभी कार्यालय कर्मी उपस्थित



थे। आरटीपीएस काउंटर के पास एक महिला के द्वारा राशन कार्ड बनाने एवं अन्य सरकारी लाभ प्रदान कराने का अनुरोध डीएम से किया गया। इस संबध में बीडीओ अवतुल्य कुमार आर्य को अविलंब कार्य पूरा करने के लिए आवश्यक निर्देश दिया गया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय मदनपुर के औचक निरीक्षण करने के थाना कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी औचक निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में साफ सफाई को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए गए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269

# कैंब्रिज विवि के रिसोर्स पर्सन ने अभिभावकों को दिए कई टिप्स



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** विवेकानंद मिशन स्कूल में शनिवार को अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रशासक सुनील कुमार सिंह, चेयरमैन मनीष वत्स, उपेंद्र कश्यप, कैंब्रिज विवि के रिसोर्स पर्सन मधु शर्मा व सहायक प्रबन्धक विक्रम कुमार, एरिया मैनेजर अनुराग मिश्रा एवं प्राचार्य प्रिया आलोक ने किया। मंत्रोच्चारण द्वारिका नाथ मिश्रा ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका विप्लवी ने किया। रिसोर्स पर्सन मधु शर्मा ने कहा कि बच्चों को प्रेरित करिये, कभी आसान रास्ता मत अपनाईये। अपना काम करने में बच्चों को शर्म नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक से बच्चों को जोड़िये लेकिन इतना नहीं कि तकनीक हावी हो जाये। मधु शर्मा ने कहा कि 21 वीं सदी में बच्चों को बड़ा करना आसान नहीं है। पीढ़ी दर पीढ़ी बदलाव होता है। नई शिक्षा नीति के अनुकूल बनना है।

# पांच न्यायाधीशों ने औरंगाबाद में किया पदभार ग्रहण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सिविल कोर्ट के पांच न्यायधीशों ने आज पदभार ग्रहण किया। इसमें बिहारशरीफ में जिला जज रहे न्यायधीश इशरार अहमद ने एडीजे प्रथम के रूप में पदभार ग्रहण किया है। वहीं भागलपुर में जिला जज रहे न्यायधीश विश्व विभूति गुप्ता ने एडीजे दो, बिहारशरीफ में जिला जज रहे न्यायधीश कन्हैया लाल यादव ने एडीजे 11वें के रूप में पदभार ग्रहण किया है। इनके अलावा दो न्यायिक दंडाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया जिसमें प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी विकास कुमार एवं प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राजीव कुमार ने पदभार ग्रहण किया। इन सभी न्यायधीशों के पदभार ग्रहण करने पर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनरायण सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, महासचिव सिद्धेश्वर विधार्थी, लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, सरकारी अधिवक्ता प्रभात कुमार, प्रदीप कुमार, उदय कुमार सिन्हा, सुर्दशन यादव, मिथलेश यादव, यमुना प्रसाद सिंह, क्षीतिज रंजन, महेश प्रसाद सिंह, विनय कुमार मिश्रा, सियाराम पांडे, श्याम नंदन तिवारी, संजय कुमार, धनश्याम ठाकुर सहित अन्य अधिवक्ताओं ने बधाई दी है।






CMYK